ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 02 दिसंबर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 296 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल ने जीता ... पेज 12 पर




## बकाया मांगने पर रंगदार की तरह व्यवहार करती है सरकार : सीएम

### राज्य का केन्द्र सरकार पर एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये का बकाया

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को बगैर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम लिए आरोप लगाया कि राज्य की बकाया राशि मांगने पर केंद्र सरकार रंगदार जैसा व्यवहार करती है, जो जनतांत्रिक व्यवस्था के विरुद्ध है। मुख्यमंत्री मेदिनीनगर के पुलिस स्टेडियम में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य का केन्द्र पर एक लाख 36 हजार करोड़ बकाया है, इसकी मांग किरने पर रंगदार सा बर्ताव झारखंड से किया जाता है। हेमंत ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य में क्रियान्वित प्रधानमंत्री आवास के तहत देय राशि रोक दी है। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

(संबंधित खबर पेज 2 पर)

## धोनी संग भाजपा नेताओं की मुलाकात की तस्वीर वायरल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी और झारखंड के कुछ प्रमुख बीजेपी नेताओं की मुलाकात की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसे लेकर कई तरह की चर्चा और अटकलों का दौर शुरू हो गया है। सोशल मीडिया पर यह सवाल तैर रहा है कि क्या यह सिर्फ एक सामान्य मुलाकात है या फिर इसका कोई सियासी मायने है?

दरअसल, महेंद्र सिंह धोनी गुरुवार की शाम मुंबई की फ्लाइट पकड़ने रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर थे। इसी वक्त केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रांची पहुंचने वाले थे और उनके स्वागत के लिए झारखंड के कई वरिष्ठ भाजपा नेता एयरपोर्ट पर मौजूद थे।

इसी दौरान भाजपा के राज्यसभा सांसद और पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, रांची के

### सियासी अटकलें तेज



भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री सीपी सिंह एवं कांके क्षेत्र के भाजपा विधायक समरी लाल ने महेंद्र सिंह धोनी से मुलाकात की। इसकी तस्वीरें सामने आईं और देखते-देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं।

लोग इन तस्वीरों को धोनी के राजनीति में प्रवेश की संभावनाओं से जोड़कर चर्चा करने लगे।

राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने इस मुलाकात की एक तस्वीर सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, क्रिकेट के कोहिनूर, झारखंड की शान महेंद्र सिंह धोनी जी से एक अच्छी मुलाकात। इस तस्वीर में धोनी और दीपक प्रकाश एक सोफे पर बैठकर बात करते दिख रहे हैं। वायरल हो रही दूसरी तस्वीर में धोनी के साथ दीपक प्रकाश और रांची के बीजेपी विधायक सीपी सिंह एवं कांके के विधायक समरीलाल खड़े है।

धोनी के करीबी सूत्र इस मुलाकात को महज इत्तेफाक बता रहे हैं। रांची में पले-बढ़े होने के कारण धोनी के यहां कई लोगों से ताल्लुकात हैं। इनमें राजनीतिक दलों के लोग भी हैं। आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो के साथ भी उनकी अच्छी और पुरानी मित्रता है, लेकिन धोनी ने ऐसे संबंधों को हमेशा व्यक्तिगत रखा। अब तक उनका कोई राजनीतिक रुझान नहीं दिखा है। जानकारों का कहना है कि धोनी कभी राजनीति की ओर रुख करने का मन बनाते हैं तो उनका किसी भी राजनीतिक पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से सीधा संपर्क होगा। उनकी शख्सियत और लोकप्रियता इतनी ऊंची है कि उन्हें राजनीति में कदम रखने के लिए सामान्य कद वाले नेताओं के संपर्क सूत्र की जरूरत नहीं होगी।

## एक नजर

### वाहनों के डेढ़ लाख ऑनलाइन चालान कटे

**रांची।** राजधानी की सुरक्षा और ट्रैफिक पर नजर रखने के लिए शहर में सीसीटीवी 750 कैमरे लगाए गए हैं। इससे राजधानी के चप्पे-चप्पे पर दो कंट्रोल रूम के द्वारा नजर रखी जाती है। इनमें कई अत्याधुनिक कैमरे सिग्नल ब्रेक करनेवालों की पहचान करने, वाहनों के नंबर प्लेट की फोटो लेने, तेज गति से जानेवाले वाहनों की पहचान करने और शहर में क्राइम कंट्रोल के लिए लगाये गये हैं। इनमें एसवीडी, एएनपीआर, आरएलवीडी जैसे अत्याधुनिक कैमरे हैं। इस वर्ष अत्याधुनिक कैमरों की मदद से नियम तोड़नेवाले वाहनों से लगभग 1.5 लाख ऑनलाइन चालान काटे जा चुके हैं।

### ओडिशा में सड़क हादसे में आठ की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के क्योंझर जिले के घाटगांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 20 पर शुक्रवार को एक दुखद सड़क दुर्घटना में तीन महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक गंजम जिले के पोदामारी, बटागाड़ा, पलाझड़ी और देखाली गांवों के निवासी थे। घाटगांव पुलिस थाने के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गंजम से कई बच्चों समेत कम से कम 21 लोग टाटा विंगर वैन में क्योंझर जिले के घाटगांव स्थित तारिणी मंदिर जा रहे थे। शुक्रवार सुबह 4.30 बजे वाहन मंदिर से लगभग आठ किलोमीटर दूर एक मोड़ पर खड़े सीमेंट से भरे ट्रक से टकरा गया।

### पीएम ने इजराइल के राष्ट्रपति से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दुबई में कॉप 28 शिखर सम्मेलन के मौके पर इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हर्जाग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने क्षेत्र में चल रहे इजराइल-हमास संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने 7 अक्टूबर के आतंकवादी हमलों में लोगों की मौत पर संवेदना व्यक्त की और बंधकों की रिहाई का स्वागत किया।

### केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल

# वामपंथी उग्रवाद से अब पूरी तरह मुक्त होगा देश

**23 जवानों को बहादुरी पदक और 5 जवानों को मरणोपरांत पदक दिए गए**

**11 जवानों को पुलिस मेडल फॉर गैलेंटरी, एक को जीवनरक्षक पदक**

**11 जवानों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक मिला**

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को हजारीबाग के मेरु स्थित बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर में सीमा सुरक्षा बल के 59वें स्थापना दिवस समारोह बतौर मुख्य अतिथ शामिल हुए। इस दौरान अमित शाह ने सीमा सुरक्षा बल की वार्षिक पत्रिका बॉर्डरमैन का विमोचन किया। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मौके पर पर अमित शाह ने कहा कि जीवनपर्यन्त कर्तव्य बीएसएफ का सिर्फ घोषवाक्य नहीं है बल्कि आज तक 1900 से अधिक सीमा प्रहरियों ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देकर इस वाक्य को चरितार्थ भी किया है। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति के रूप में बीएसएफ ने जिस तरह से देश की दुर्गम सीमाओं की सुरक्षा की है, उसपर पूरा देश गर्व करता है।

शाह ने कहा कि जिस देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं होतीं, वो देश कभी विकसित और समृद्ध नहीं हो सकता। बीएसएफ के जवानों का जीवन सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ देश के युवाओं को अनुशासन का संदेश भी देता है। शुक्रवार को हजारीबाग में कार्यक्रम के दौरान 23 जवानों को बहादुरी पदक दिए गए हैं और 5 जवानों को मरणोपरांत पदक दिए गए हैं। इन 23 में से 11 जवानों को पुलिस मेडल फॉर गैलेंटरी, एक जवान को जीवनरक्षक पदक और 11 जवानों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक दिए गए हैं। शाह ने मरणोपरांत पदक प्राप्त करने वाले 5 शहीदों के परिजनों से कहा कि उनके नुकसान की भरपाई कोई नहीं कर सकता लेकिन देश की 130 करोड़ जनता इन शहीदों के बलिदान पर हमेशा गर्व करेगी। उन्होंने कहा कि बीएसएफ ने 1 महावीर चक्र, 4 कीर्ति चक्र, 13 वीर चक्र और 13 शौर्य चक्र सहित अनेक पदक और पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

(संबंधित खबर पेज 2 पर)



### वाम उग्रवादी घटनाओं में 52 प्रतिशत की कमी

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं है जब देश वामपंथी उग्रवाद से पूर्णतया मुक्त हो जाएगा। कहा कि मोदी सरकार के प्रयासों के परिणामस्वरूप हिंसा की घटनाओं में 52 प्रतिशत, मृत्यु की घटनाओं में 70% की कमी आई है और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिले 96 से घटकर 45 रह गए हैं। शाह ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद अब सिमटता जा रहा है और अब इस पर एक नए हौंसले और जोश के साथ अंतिम प्रहार करने के लिए सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी तैयार है। इन इलाकों में सुरक्षा वैक्यूम को भरने के लिए 2019 से लेकर अब तक 199 नए शिविर खोले गए हैं। इसी का परिणाम है कि बूढ़ा पहाड़ और चकरबंदा जैसे दुर्गम क्षेत्रों को आज पूरी तरह से वामपंथी उग्रवाद से मुक्त कराने में सफल रहे हैं।

### सीमावर्ती इलाकों में बने 560 किमी सड़क

गृह मंत्री ने कहा कि 10 सालों में सीमाओं की सुरक्षा को चाक-चौबंद करने की दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों में अच्छी रेल, रोड वाटर-वे कनेक्टिविटी और दूरसंचार सुविधाएं भी बढ़ाई गई हैं। पिछले 10 वर्षों में सीमाओं पर लगभग 560 किलोमीटर बाड़ लगाकर घुसपैठ और स्मगलिंग पर लगाम कसने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि अगले 2 साल में पूरी पाकिस्तान और बांग्लादेश सीमा को बाड़ लगाकर सुरक्षित कर लिया जाएगा। शाह ने कहा कि सीमा पर 1100 किलोमीटर क्षेत्र में फ्लडलाइट्स लगाई गई हैं, 542 नए बॉर्डर आउटपोस्ट और 510 ऑब्जरवेशन पोस्ट टावर बनाए गए हैं, पहली बार हरामी नाला क्षेत्र में ऑब्जरवेशन टावर बनाए गए हैं, 637 आउटपोस्ट पर बिजली और लगभग 500 स्थानों पर पानी कनेक्शन दिए गए हैं।

### एड्स को लेकर जागरूकता अभियान चलाएं

## इस वर्ष राज्य में मिले 975 एड्स मरीज : बन्ना गुप्ता

**एडस मरीजों को मुफ्त अनाज व पेंशन योजना से जोड़ा गया है**

**झारखंड में 15 हजार 326 एड्स मरीज, एआरटी सेंटर के माध्यम से हो रहा ईलाज**

**2023-24 में करीब छह लाख पचास हजार लोगों की एचआईवी जांच करायी गयी**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार की ओर से शुक्रवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय परिसर में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। मालूम हो कि एक दिसंबर को पूरी दुनिया में विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है और लोगों को जागरूक किया जाता है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि जितने भी मरीज चिन्हित किए गए हैं, उन्हें राज्य सरकार हरसंभव मदद पहुंचा रही है। वर्तमान में मुफ्त राशन और पेंशन योजना से एड्स मरीजों को जोड़ा गया है।

2023-24 में करीब छह लाख पचास हजार लोगों की एचआईवी जांच करायी गयी। जिसमें करीब 975 लोग एचआईवी से संक्रमित पाए गए। अभी भी एड्स के मरीज मिलना सरकार के लिए चिंता की बात है। उन्होंने कार्यक्रम में आए सभी से एड्स के प्रति लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करने की अपील की ताकि आने वाले दिनों में झारखंड सहित पूरे देश से एड्स को जड़ से मिटाया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान एड्स पर काम करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने इससे बचाव के उपाय बताए। विश्वविद्यालय के कुलपति तपन सांडिल ने कहा कि वर्ष 1986 में पहली बार इस ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर


### कार्यक्रम में किन्नर भी हुए शामिल

एड्स के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे किन्नर समाज के लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि एड्स जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए ज्यादा से ज्यादा जागरुकता के साथ कानून व्यवस्था को भी मजबूत करनी पड़ेगी। इससे अगर कोई भी व्यक्ति नशा या यौनाचार को बढ़ावा देता है तो वैसे व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की जाए। वहीं इस कार्यक्रम में पहुंचे लोक कलाकारों ने नाटक के माध्यम से लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया।

## माइचौंग तूफान का झारखंड में भी दिखेगा असर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अगले 48 घंटों में भारत में तूफान आने की संभावना है। दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर के ऊपर कम दबाव के क्षेत्र के बीच कई तटीय क्षेत्रों को अलर्ट पर रखा गया है। पूर्वोत्तर राज्यों में आए चक्रवाती तूफान 'मिधिली' के बाद अब बंगाल की खाड़ी में एक और तूफान बढ़ रहा है। इससे लेकर मौसम विभाग ने कहा कि एक और चक्रवाती तूफान आने वाला है। यह



इस साल का चौथा तूफान होगा, और इसके भारत, बांग्लादेश और म्यांमार तक अपना असर छोड़ने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान को 'माइचौंग' नाम दिया गया है। दक्षिण-पूर्व और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर बना दबाव पिछले 03 घंटे के दौरान 10 किमी प्रति घंटे की गति के साथ उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने, 2 दिसंबर तक गहरे दबाव में तब्दील होने और 3 दिसंबर के आसपास बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी के ऊपर एक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। इसके बाद, यह उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## 25 फीसदी तक बढ़ सकता है बिजली बिल

### नये साल में झारखंड के लोगों को लग सकते है जोर का झटका

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

2024 में झारखंड में लोगों को बिजली के तेज 'झटके' लग सकते हैं। राज्य में बिजली की दरें बढ़ाए जाने की तैयारी चल रही है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने बिजली की कीमतों में 25 फीसदी तक की वृद्धि का



प्रस्ताव झारखंड इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन के समक्ष प्रस्तुत किया है।

कमीशन ने इस प्रस्ताव का अध्ययन कर लिया है और इसे लेकर विभिन्न प्रमंडलों में जनसुनवाई की तारीखें तय कर दी गई। जनसुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आयोग नई दरों का अंतिम निर्धारण करेगा। कमीशन ने 11 दिसंबर को मेदिनीनगर, 13 दिसंबर को चाईबासा, 15 दिसंबर को धनबाद, 18 को देवघर और 19 दिसंबर को रांची में प्रस्तावित दरों पर जनसुनवाई का कार्यक्रम तय किया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, नई दरें आगामी ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## पेड़ को घर का हिस्सा बनाने वाले लोग भी हैं




सुनील बादल

*लोग* अपनी सुविधा के लिए घर के बाहर लगे पेड़ों को हटवा देते हैं, ताकि उनकी गाड़ियों को खड़ा करने के लिए जगह बन सके। जबकि एक पेड़ के तैयार होने में वर्षों का समय लगता है। झारखंड की राजधानी बनने के बाद शहरीकरण के लिए लगभग 20 हजार पेड़ काटे गए हैं। जबकि झारखंड की ही 1908 में टाटा की बसाई गई औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में सड़क चौडीकरण या ऐसे किसी शहरीकरण के लिए कभी भी पेड़ काटने की नौबत नहीं आई। भारत में धार्मिक अनुष्ठानों में पेड़ पौधों को बहुत अधिक महत्व दिया जाता रहा है पर दूसरी ओर हम सभी अपनी सुविधा के लिए प्रकृति को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। झारखंड में पेड़ों को राखी बांधने वाले भी हैं और लकड़ी की तस्करी को पेशा बनाने वाले भी।







विश्व के अनेक देशों में ऐसे प्रकृति प्रेमी भी हैं जो पेड़ों को काटकर रास्ता तो क्या घर तक बनाने के लिए काटा नहीं। जबलपुर के रहने वाले केशरवानी परिवार की इसी भावना के कारण बच्चा भी पेड़ वाले घर का रास्ता बता देता है। इस अनोखे घर की चर्चा विदेशों तक है।

योगेश केशरवानी और उनकी पत्नी, नीलू केशरवानी के दादाजी के जमाने में इस जगह खपरैल का घर हुआ करता था और यह पीपल का पेड़ उसी समय से यहां खड़ा है। 1990 में योगेश के पिता नए सिरे से घर बनवा रहे थे लेकिन जमीन के बीचों-बीच खड़े पीपल के पेड़ को कटवाकर खूबसूरत घर बनवाने की सलाह मानने के बजाय के बजाय प्रकृति प्रेमी मोतीलाल ने अपने एक सिविल इंजीनियर दोस्त की सहायता से इस तरह से डिजाइन कराया कि इसके सभी कमरों में पेड़ की कोई न कोई टहनी निकलती है जबकि यह घर चार मंजिला है। योगेश बताते हैं कि घर का निर्माण पेड़ के विकास को ध्यान में रखकर किया गया है। सब जानते हैं कि पीपल का पेड़ कितना ज्यादा फैलता है, इसलिए पहले ही सभी दीवारों में से टहनियों के बाहर निकलने की व्यवस्था की गयी। वह भी ऐसे कि अगर टहनियां कभी आकार में या मोटाई में बढ़े तो न घर को और न ही पेड़ को कोई नुकसान हो।

आप अगर आकर देखेंगे तो एक बार आपको अचरज लगेगा कि ऐसा कैसे हो सकता है। लेकिन रहते-रहते आपको अंदाजा भी नहीं होगा कि आपके ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## पीआईबी ने फर्जी खबरें फैलाने वाले 9 चैनलों का किया भंडाफोड़

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट (एफसीयू) ने शुक्रवार को भारत में फर्जी खबरें और गलत सूचना फैलाने वाले नौ यूट्यूब चैनलों का भंडाफोड़ किया है। इन नौ चैनलों में बजरंग एजुकेशन, आपके गुरुजी, बीजे न्यूज, सनसनी लाइव टीवी, जीवीटी न्यूज, डेली स्टडी, भारत एकता न्यूज, अब बोलेगा भारत और सरकारी योजना ऑफिशियल हैं। फैक्ट चेक यूनिट ने इन चैनलों द्वारा फैलाई गई झूठी सूचनाओं को नौ अलग-अलग ट्विटर थ्रेड में कई तथ्यों की जांच की है। संबंधित यूट्यूब चैनलों पर 83 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स पाए गए हैं, जो देश में गलत




सूचनाएं प्रसारित कर रहे थे।

पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने यूट्यूब चैनलों पर भारत के मुख्य न्यायाधीश, भारत के प्रधानमंत्री, मुख्य चुनाव आयुक्त, आदि सहित संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों के लिए अपमानजनक बयान दिए। कुछ चैनलों ने कुछ राज्यों में राष्ट्रपति शासन ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### डीसी ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**खूंटी।** दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्र की जनता में योजनाओं के संबंध में जागरुकता लाने के उद्देश्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा हाई टेक तरीके से योजनाओं के प्रचार-प्रसार की शुरूआत शुक्रवार को की गई। ग्रामीण क्षेत्र की जनता अब वीआर (वर्चुअल रियलिटी) तकनीक से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी ले सकेगी। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरुकता रथ पंचायतों में जाकर लोगों के बीच योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेगा।

### सेवा वापसी की मांग पत्र बीडीओ को सौंपा

**चान्हो।** बर्खास्त किए जाने के विरोध में धरना दे रहे मनरेगा कर्मचारी संघ ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से उपायुक्त को बिना शर्त सेवा वापसी करने का मांग सह अनुरोध पत्र सौंपा। धरना दे रहे कर्मचारियों का कहना है कि दो ग्राम रोजगार सेवक एवं कनीय अभियंता को गलत रिपोर्ट के अद्धार पर बर्खास्त किया गया। मनरेगा लोकपाल पुष्पलता रांची ने कहा कि 2020-21 में जब पूरा देश कोरोना से जूझ रहा था तब ग्रामीणों को मनरेगा से रोजगार देने का काम किया गया। चार साल बाद उस योजनाओं की जांच की जाती है। सोचा जा सकता है मिट्टी काटने का काम चार साल बाद कैसा होगा। आम बागवानी की योजना जब लागू हो रही थी उस समय मनरेगा कर्मी 64 दिन अनिचीत्कालीन हड़ताल पर थे ऐसे में मनरेगा कर्मी पर आरोप लगाना गलत है।

### देवठान जतरा में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**खूंटी।** खूंटी प्रखंड के जियारप्पा गांव में शुक्रवार को देवठान जतरा का आयोजन किया गया। जतरा में देवगई, बेड़ो बरटोली, भंडरा, बरकारगी, डुमरदागा, चट्टी कनाडीह, गड़के, जियारप्पा सहित कई गांवों के लोगों ने अपने सांस्कृतिक दलों के साथ भाग लिया। मौके पर पारंपरिक सांस्कृतिक नाच-गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न दलों ने अपनी कला से लोगों का मन मोह लिया। देवठान जतरा के मौके पर फुटबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। युवा कांग्रेस के खूंटी जिला कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा ने विजेता टीम को खससी देकर सम्मानित किया।

### मोटरसाइकिल सवार पुल के नीचे गिरे दो युवकों की मौत

**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत पतराहातु पुल के निचे मोटरसाइकिल नंबर जेएच 01 ईभी 0688 अनियंत्रित होकर गिर पड़ी जिससे मोटरसाइकिल सवार दो युवक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार घाघरा निवासी भुदेव महतो उम्र 17 साल एवं पांचु निवासी विपोदर महतो उम्र 19 साल दोनों ही युवक सिल्ली कॉलेज में पढ़ते थे। रोज के भांति दोनों युवक अपने मोटरसाइकिल गाड़ी से घर से सिल्ली कॉलेज पढ़ने के लिए गए थे। कॉलेज छुट्टी होने के बाद भूदेव महतो अपने दोस्त को छोड़ने के लिए पांचु गांव जा रहा था तभी अचानक पतराहातु पुल के समीप जानवर बचाने के क्रम में अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर पड़े। जिससे घटना घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई।

# जिस देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं वो विकसित नहीं हो सकता : शाह

### प्रधानमंत्री मोदी ने सीमा प्रहरियों के काम के बोझ को बहुत कम किया है

### बीएसएफ ने नारकोटिक्स के व्यापार पर लगाम कसने का बड़ा काम किया है

### 5 वर्षों में बीएसएफ ने 30 हजार किलोग्राम से ज्यादा नारकोटिक्स पकड़े

### 90 से ज्यादा विदेशी ड्रोन मार गिराए, 2500 से ज्यादा हथियार पकड़े

### 30 हजार कि.ग्रा. से ज्यादा नारकोटिक्स पकड़ने का काम किया जवानों ने





**आरएनएम। हजारीबाग**

मेरु स्थित बीएसएफ ट्रेनिंग सेंटर में संगठन के 59 वें वार्षिक उत्सव में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वार्षिक उत्सव परेड की सलामी ली। बताते चलें कि बीएसएफ के द्वारा देश के विभिन्न प्रांतो में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष झारखंड के हजारीबाग में इसका आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएसएफ के जवानों को द्वारा परेड एवं घुड़सवारी के साथ कई रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में भारत बांग्लादेश के बॉर्डर पर रहने वाले बच्चों के द्वारा भी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। वार्षिक उत्सव में हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा, चतरा सांसद सुनील सिंह के साथ कई विधायक व पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में प्रगति की है और ये तभी संभव है जब हमारे वीर जवानों के त्याग, तपस्या, बलिदान और शौर्य से हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने वाले वीर जवान देश के विकास की नींव हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया था, एक सीमा पर एक ही सुरक्षा बल की तैनाती। उन्होंने कहा कि इस निर्णय के तहत पाकिस्तान और बांग्लादेश की सबसे दुर्गम सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीमा सुरक्षा बल को मिली, जिसे बीएसएफ ने बखूबी निभाया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के बर्फीले इलाके, पूर्वोत्तर के पहाड़, गुजरात और राजस्थान के रेगिस्तान हों, गुजरात का दलदली इलाका हों या फिर सुंदरवन और झारखंड के घने जंगल हों, बीएसएफ ने हमेशा मुस्तैद रहते हुए दुश्मन के नापाक इरादों को विफल किया है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार की पीपल इंक्लूसिव बोर्डर मैनेजमेंट पॉलिसी ने सीमा प्रहरियों के काम के बोझ को बहुत कम किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों में बीएसएफ ने 30 हजार किलोग्राम से ज्यादा नारकोटिक्स पकड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि नारकोटिक्स न केवल देश की भावी पीढ़ी को खोखला करता है बल्कि इससे उत्पन्न पैसा आतंकवाद का वित्त पोषण भी करता है और बॉर्डर पर बने इस ट्रेड लिंक के जरिए हथियारों की आवाजाही भी होती है। श्री शाह ने कहा कि इसीलिए इन तीनों कारणों से ये बहुत जरूरी है कि पूरी अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर नारकोटिक्स के व्यापार के प्रति हमारी कठोर, जीरो टॉलरेंस वाली और संवेदनशील नीति हो और बीएसएफ ने ये काम बहुत अच्छे तरीके से किया है। अमित शाह ने कहा कि बीएसएफ ने 2500 से ज्यादा हथियार पकड़े हैं और एंटी ड्रोन टेक्नोलॉजी के साथ बीएसएफ ने बहुत अच्छे प्रयोग किए हैं। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल ने अब तक 90 से ज्यादा विदेशी ड्रोन मार गिराए हैं और इसके रूट की पहचान करने के लिए नई दिल्ली में बीएसएफ ड्रोन और साइबर फॉरेंसिक लैब स्थापित कर के क्षेत्र में भी बहुत अच्छा काम कर रहा है।

### बीएसएफ ने लगाए 92 लाख पौधे

शाह ने कहा कि पीएम ने इसी साल 5 साल में 5 करोड़ पौधे लगाने का नारा दिया गया था और अब तक सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेस के सहयोग से 5 करोड़ पौधे लगा चुके हैं और हर पौधे के साथ एक जवान को चिन्हित कर अपने बच्चों की तरह वृक्ष को पालने की व्यवस्था भी बना रहे हैं। इन 5 करोड़ पौधों में से 92 लाख पौधे सीमा सुरक्षा बल के सीमा प्रहरियों ने लगाए हैं और आने वाले समय में ये बड़े वृक्ष बनकर इन्हें लगाने वाले जवानों की स्मृति को संजोकर रखेंगे।

### 40 लाख आयुष्मसन कार्ड बांटे

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सभी सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेस के साथ मिलकर 40 लाख से ज्यादा आयुष्मान सीएपीएफ कार्ड देशभर में बांटे गए हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 13000 जवानों को घर देने का काम भी मोदी जी ने किया है, 113 नए बैरक बनाए हैं और जल्द ही 11000 और मकान जवानों को दे दिए जाएंगे और 108 बैरक भी बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के अंत तक पिछले 5 सालों में लगभग 24000 से ज्यादा जवानों को मकान देने का काम हो जाएगा।



### केंद्रीय गृह मंत्री रांची से दिल्ली के लिए रवाना

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हजारीबाग में बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस समारोह के संपन्न होने के बाद शुक्रवार अपराह्न हजारीबाग से रांची के लिए रवाना हो गए। गृह मंत्री हेलीकॉप्टर से रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचे और दिल्ली के लिए रवाना हो गए। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। एयरपोर्ट पर भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

## विकास का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे, कोई वंचित न रहे : राज्यपाल



### विकसित भारत को लेकर नागरिकों को दिलाई शपथ

**आरएनएम। गुमला/रांची**

गुमला जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत अरमई पंचायत में शुक्रवार को 'विकसित भारत संकल्प योजना' के तहत आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भाग लिया। राज्यपाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' एक विकसित सशक्त राष्ट्र के निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता व संकल्प है। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया और अरमई पंचायत की मुखिया हीरा देवी को भूमि संबंधित आकड़ों का शत प्रतिशत डिजिटलाइजेशन में सहयोग करने हेतु अभिनंदन पत्र भी दिया। इस यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 'जनजातीय गौरव दिवस' के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की पावन भूमि से किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं व पहलों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता उत्पन्न करना है। यह विकास का लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे, कोई भी इससे वंचित न हो, यह सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने 2047 तक विकसित आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए संकल्प लिया। कहा, विकास का मापदंड शिक्षा है। इस यात्रा से लोगों को स्वच्छता, वित्तीय सेवाएं, एलपीजी सिलेंडर, आवास, खाद्य सुरक्षा, पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छ पेयजल इत्यादि से संबंधित योजनाओं का लाभ सुनिश्चित होगा। खाद्यान्न सुरक्षा की दिशा में संचालित पांच किलोग्राम निःशुल्क अनाज मुहैया कराने वाली योजना को अगले 5 वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक परिवार को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कारने की दिशा में लगातार कार्य हो रहे हैं। महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी सिलिंडर प्रदान किया जा रहा है, ताकि उन्हें हानिकारक धुएं से मुक्ति मिले। आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सुरक्षा भी प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद सुदर्शन भगत, उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती किरण माला बाड़ा, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, एसपी हरविंदर सिंह सहित, आदि सहित जिले के जिले के सभी वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।



उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल से सुरक्षित निकाले जाने के बाद शुक्रवार की देर रात झारखंड के 15 मजदूर और उनके परिजनों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर हवाई जहाज से रांची वापस लाया गया। यहां से अब सभी अपने घर जाएंगे।

#### यूजीसी नियम से रिजल्ट प्रकाशित करने की तैयारी

## एक परीक्षा में दो नियमावली नहीं चलने देंगे : छात्र आजसू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के सदस्यों ने शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में 1.30घंटे धरना दिया। इस दौरान जम कर विश्वविद्यालय प्रशासन एवम कुलपति के खिलाफ छात्र छात्राओं ने नारेबाजी की। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे आजसू के रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कुलपति से कहा की एक परीक्षा में 2009 के रेगुलेशन से प्रवेश परीक्षा का फॉर्म भरवाया एवम 2022 के रेगुलेशन से परीक्षा फल कैसे प्रकाशित किया जा सकता है। दो रेगुलेशन से एक परीक्षा कैसे कराया जा सकता है।

वही ओबीसी-ईडब्ल्यूएस आरक्षण के मामले पर कुलपति ने कहा की मंगलवार को वार्ता के दौरान सारी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। बताते चले की रांची विश्वविद्यालय द्वारा जो 2018 में या उससे पहिले जो भी प्रवेश परीक्षा कराई गई है उसमे क्वालीफाइंग मार्क्स 50%अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को प्रवेश परीक्षा में पास माना जाता था सीट की कोई बाध्यता नहीं थी लेकिन इस बार विवि प्रशासन द्वारा 2022 अधिनियम के अनुसार पीएचडी प्रवेश में रिक्त सीटों में 50% सीट पर ही परीक्षा कराई जा रही है। ऐसे में एक परीक्षा में दो नियमावली कैसे चल सकती है। सीटो की संख्या बढ़ाने की मांग को लेकर कुलपति महोदय ने कहा कि सारे विभाग से फिर से डाटा मांगा गया है। डाटा उपलब्ध होते ही सीट की संख्या मे सुधार किया जाएगा।

परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाने एवं परीक्षा तिथि में संसोधन को ले कर भी कुलपति महोदय ने आश्वस्त किया की छात्र छात्राओं के हित में उचित निर्णय लिया जाएगा। धरना प्रदर्शन में बिपिन यादव, विक्रम यादव, बीएस महतो, मदन महतो, रोशन नायक, मितलेश कुमार, विशाल कुमार यादव, प्रियांशु शर्मा, मंजीत कुमार, विशाल गुप्ता, अमित तिर्की मयंक सिंह, आदित्य सिंह, राज गुप्ता, मदन साहू, अरविंद कुमार, साहिल कुमार, मनोज कुमार, राजेश सिंह आदि मौजूद थे।

# 'राज्य के नौजवानों के सपनों को साकार करेगी सरकार'

### मुख्यमंत्री हेमंत ने 75 योजनाओं की रखी आधारशिला

### 113 योजनाओं का किया उद्घटन

### 6 लाख 53 हजार 152 लाभुकों के बीच लगभग 68 करोड़ 67 लाख की बांटी परिसंपत्ति

**आरएनएम। मेदिनीनगर**

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति के दरवाजे तक सरकार की योजनाओं व सेवाओं को पहुंचाना है। सुदूर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले हर गरीब और जरूरतमंद की समस्याओं का समाधान उसके घर पर मिले। इसलिए हर पंचायत में शिविर लगाए जा रहे हैं। यहां अधिकारियों की पूरी टीम मौजूद है। सरकार हर क्षेत्र में विकास के प्रति तत्पर व संकल्पित है। राज्य के युवाओं ने अपने सुखद भविष्य के जो सपने देखे हैं। सरकार उसे जरूर साकार करेगी। उक्त बातें राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कही। वे शुक्रवार को पलामू के जिला मुख्यालय स्थित पुलिस स्टेडियम में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तीसरे चरण के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि चाहे आपको राशन कार्ड बनवाना हो या पेंशन योजना का लाभ लेना। जाति, आवासीय, शैक्षणिक या अन्य प्रमाण पत्र की जरूरत हो या फिर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ना चाहते हैं। आपको प्रखंड और डीसी ऑफिस का अब बार-बार चक्कर नहीं लगाना होगा। कार्यक्रम के तहत लगने वाले शिविरों में आप आएं। आपको यहां आपकी जरूरत के अनुकूल योजना से आच्छादित किया जाएगा और आपकी समस्या का भी समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों को जो भी जानवर दिए जाएंगे, उसका बीमा भी होगा, ताकि पशुओं की मौत होने पर किसानों को आर्थिक नुकसान ना उठाना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के नौजवानों ने अपने भविष्य को लेकर जो सपना देखा है। उसे पूरा करने का काम सरकार करेगी। सरकार यहां के बच्चे- बच्चियों की पढ़ाई का पूरा जिम्मा उठाने को तैयार है। यहां के नौजवानों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेज को करने और विदेश में उच्च शिक्षा के लिए भी आर्थिक सहयोग कर रही है। नौजवान सरकार की योजनाओं से जुड़कर अपने करियर को नई उड़ान दे सकते हैं। वहीं, हजारों की संख्या में सरकारी नियुक्तियां हो रही हैं। निजी क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर युवाओं को ऑफर लेटर दिया गया है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के माध्यम से स्वरोजगार करने के इच्छुक युवाओं को सरकार द्वारा पूंजी उपलब्ध कराई जा रही है।



### मुख्यमंत्री ने योजनाओं का दिया तोहफा

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इस अवसर पर 100 करोड़ 69 लाख 89 हजार रुपए की लागत से निर्मित 113 योजनाओं का उद्घटन किया। वहीं 75 योजनाओं की आधारशिला भी रखी। इन योजनाओं पर करीब 104 करोड़ रुपए खर्च होंगें। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने विभिन्न योजनाओं के 6 लाख 53 हजार 152 लाभुकों के बीच करीब 68 करोड़ 67 लाख रुपए की परिसंपत्ति बांटी।



### उपायुक्त ने अतिथियों का किया स्वागत

उपायुक्त शशि रंजन ने सभी का स्वागत किया। उपायुक्त ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पलामू जिले के सभी 21 प्रखंडों के सभी 265 पंचायत एवं नगर निगम तथा नगर पंचायत में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने भी अपनी बातें रखी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पलामू प्रमण्डल के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) राजकुमार लकड़ा, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त रवि आनंद समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## राहुल मिंज के मौत के डेढ़ साल बाद भी पुलिस ने नहीं की चार्जशीट दाखिल

**रांची।** रांची के मोरहाबादी सरईटांड़ की रहने वाली कुसुम मिंज ने अपने भाई राहुल मिंज की मौत के मामले में न्याय की गुहार लगायी है। कुसुम ने कहा है कि उनके भाई की स्वभाविक मौत नहीं हुई है, बल्कि उसकी हत्या की गई है। उनकी जमीन को हड़पने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया है। इसमें लालपुर थाने की पुलिस के अलावा रिम्स का पोस्टमार्टम कर्मियों की भी संग्लिप्ता है। कुसुम मिंज ने बताया कि दो जून 2022 को सतीश तिर्की के सरईटांड स्थित आवास की छत में चल रहे शादी समारोह के दौरान उनके भाई की मौत हुई थी। इस घटना को डेढ़ साल बीत चुके हैं। लेकिन अब तक पुलिस ने मामले में चार्जशीट तक कोर्ट में दाखिल नहीं किया है।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–55/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक **16.12.2023** को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक **18.12.2023** का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक **18.12.2023** को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा। 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0–2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Kitchen Block of Boys Hostel No.-03 Attached to RIMS Ranchi for the year 2023-24. | 43,35,200.00 | 5000.00 | 87,000.00 | Four Months |
| 2 | Provision of Grill,Aluminium Window and Painting of Coridor of 3rd Floor of Main Hospital Building of RIMS, Ranchi. | 27,04,200.00 | 5000.00 | 54,500.00 | Three Months |
| 3 | Renovation Work for Room No.-105,106,107,108,109,110, Store Room with Corridor (Occupied by Hon'ble MLA Pushpa Devi) of Russian Hostel at MLA Residence (विधायक आवास परिसर) Dhurwa, Ranchi | 24,02,400.00 | 5000.00 | 48,500.00 | Three Months |
| 4 | Roof Treatment, UPVC Windows, Door Shutter and Chaukhat Panelling, Development of Receptions and Miscellaneous work of Transit Bhawan at Hinoo, Ranchi | 48,30,500.00 | 5000.00 | 97,000.00 | Four Months |
| 5 | Construction of Barrack, Parking Tiles, Paver Block and Miscellaneous Work of F Type Qtr No.-01 (MLA Sri Naman Viksal Kongari) at Sector-03, Dhurwa, Ranchi. | 24,64,500.00 | 5000.00 | 50,000.00 | Three Months |

नोट : निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

विश्वासभाजन,
कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या–2, राँची

PR 312431 Building(23-24)#D

# सरकार के दावे और वादे झूठ का पुलिंदा : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा है कि हेमंत सोरेन के दावे, वादे और भाषण झूठ का पुलिंदा है। सरकार राज्य में रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल है। यही वजह है कि झारखंड के आठ लाख लोग दूसरे राज्यों में मजदूरी और दिहाड़ी खटने को मजबूर हैं। इनमें युवाओं की बड़ी तादाद है। ये युवा शौक से पलायन नहीं करते हैं। श्री महतो शुक्रवार को रांची स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता रोशनलाल चौधरी के नेतृत्व में बड़कागांव विधायक के प्रशासनिक प्रतिनिधि सहित कांग्रेस के कई पदाधिकारियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। श्री महतो ने कहा कि सरकार जमीनी हकीकत पर योजनाबद्ध काम करने के बजाय भावनात्मक भाषणबाजी कर अपनी नाकामियां छुपाने में जुटी है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जमा किए गए आवेदन और उसके निस्तारण का मूल्यांकन कर बताए। साथ में ये भी बताए कि वर्तमान में योजना के चयन में ग्राम सभा कहां है। उन्होंने कहा कि राज्य का नेतृत्व सरकारी तंत्र के बीच समन्वय स्थापित करने में विफल है, जिसका खामियाजा प्रदेश की आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री को राज्य का नहीं सिर्फ अपना विकास दिख रहा है। आदिवासियों के नाम पर सबसे ज्यादा वे आदिवासियों को ही धोखा दे रहे हैं। पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी के एजेंडा और विचार से लोग जुड़ रहे हैं। पूरे राज्य से लोग लगातार पार्टी में शामिल हो रहे हैं। शुक्रवार को पार्टी में शामिल हुए कांग्रेस के पदाधिकारियों के अनुभव का लाभ मिलेगा। इन्हें जनता के हक की लड़ाई लड़ने और उनके अधिकार की बात को सरकार तक पहुंचाने का मंच आजसू पार्टी देगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय समिति और पार्टी के भावी कार्यक्रमों की घोषणा जल्द की जाएगी। केंद्रीय समिति में युवा जोश और वरिष्ठ कार्यकताओं के अनुभव का समागम देखने को मिलेगा।



### इन्होंने ली सदस्यता

बड़कागांव विधायक प्रशासनिक प्रतिनिधि गिरेन्द्र प्रसाद, तलस्वार पंचायत अध्यक्ष निरोज करमाली, प्रखण्ड संगठन मंत्री अशोक शर्मा, संजय कुमार, कुलदीप विश्वकर्मा, दीपक कुमार, अवधेश कुमार, हेमदेव राणा, अनिल तिर्की, रोशन तिग्गा, अशोक ठाकुर, लखित कुमार समेत कई कार्यकर्ताओं ने पार्टी का दामन थामा।

## एक नजर

### विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता रैली




**मांडर।** भारथी ग्रुप ऑफ इनस्टिट्यूशन के बी०एससी० नर्सिंग और जीएनएम के छात्र-छात्राओं ने विश्व एड्स दिवस पर ब्राम्बे से मुरमा तक जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान लोगों को एड्स से बचने का संदेश दिया। इस रैली में छात्र-छात्राओं के साथ कॉलेज के शिक्षक प्रिंसिपल निहारिका श्रीवास्तवा, वाइस प्रिंसिपल एंजेला गाड़ी, अदिति ज्योति दंहागा, डा० खुशबू तिर्की, मो० अबदाल अंसारी, प्रतिमा कुजूर, सुषमा कुमारी शामिल थे।

### एमिटी यूनिवर्सिटी का रक्तदान शिविर




**रांची।** एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के संस्थापक के दृष्टिकोण और मिशन को ध्यान में रखते हुए, छात्र कल्याण विभाग, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) के सहयोग से विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य परिसर, एसईसी कोर कैपिटल एरिया में शिविर का आयोजन किया । एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ. अशोक के. श्रीवास्तव ने अपनी शुभकामनाएं दीं।यूनिवर्सिटी के संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों ने रक्तदान शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

### विश्व एड्स दिवस पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर



रांची। विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में कॉसमॉस यूथ क्लब चैरिटेबल ट्रस्ट, लालपुर, रांची द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में आए करीब 92 से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शहर में समाज के जरूरतमंदों के लिए मेदांता हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विनीत कुमार, नाक, कान और गला विशेषज्ञ डॉ. के. के. दास तथा जेनरल फिजीशियन डॉ. प्रतिमा भी मौजूद थे। स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत चिकित्सकों ने उन्हें उचित परामर्श दिए। जांच के दौरान पाए गए 18 गंभीर मरीजों को मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कर उनका इलाज शुरू किया जायेगा। इस अवसर पर संस्था के मुख्य संरक्षक सुप्रियो भट्टाचार्य के अलावा संस्थापक देबाशीष राय भी मौजूद थे।

### राष्ट्र प्रथम के विचार को निरंतर आगे बढ़ा रही भाजपा

**रांची।** प्रदेश भाजपा का दो दिवसीय विधानसभा विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग शुक्रवार को चिरौंदी के शगुन बैंक्वेट हॉल में संपन्न हुआ। इस दौरान 30 नवंबर और एक दिसंबर को आयोजित आवासीय प्रशिक्षण वर्ग में विस्तारकों को सांगठनिक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई।

लाइट हाउस प्रोजेक्ट : अंतिम चरण में पीएम मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट

# जल्द मिलेगा गरीबों को आशियाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में काफी जद्दोजहद के बाद शुरू हुआ लाइट हाउस प्रोजेक्ट अब मूर्त रुप लेने जा रहा है। रांची के धुर्वा में बन रहे गरीबों के एक साथ 1008 फ्लैट अगले साल मार्च से पहले हैंड ओवर करने की तैयारी की जा रही है। अत्याधुनिक तरीके से तैयार हो रहे इस लाइट हाउस प्रोजेक्ट में करीब 90 फीसदी काम पूर्ण हो चुके हैं। रियायती दाम पर रांची नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले वैसे परिवार जो 17 जून 2015 के पहले से रह रहे हैं और जिनकी आमदनी सालाना 3 लाख तक है उन्हें ही इस आवासीय सुविधा का लाभ मिलने वाला है। हालांकि लाभुकों को लेकर अभी भी नगर निगम मशक्कत कर रहा है। बिल्डिंग निर्माण की गुणवत्ता एवं नगर निगम के द्वारा होर्डिंग टैक्स लगाए जाने पर सवाल उठते रहे हैं। इस वजह से लॉटरी में आवंटित लीज धारक लगातार फ्लैट लेने से इनकार करते रहे हैं। अब तक 145 आवंटियों का आवंटन रद्द हो चुका है। शुक्रवार को भी प्रतीक्षा सूची में शामिल 16 आवेदनकर्ता को लॉटरी के लिए बुलाया गया। मगर विडंबना देखिए की उसमें दो नहीं आ पाए। यानी जितने लोग पहुंचे सभी 14 लोगों को फ्लैट आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। हालांकि निर्माण कार्य तीव्र गति से होने की वजह से लाभुकों को जल्द ही फ्लैट मिलने की आस जग गई है। धुर्वा की राधिका देवी खुशी जाहिर करते हुए कहती हैं कि काफी समय से अपना घर होने का इंतजार कर रहे थे अब सपना साकार होगा। इससे करीब 6179 लाख में गरीबों को अपना घर मिलेगा। पहले लाभुकों के नाम से होगा जमीन की रजिस्ट्री, फिर मिलेगा फ्लैट-प्रशासकः लाइट हाउस प्रोजेक्ट के अंतर्गत सभी लाभुकों को पहले जमीन की रजिस्ट्री होगी उसके बाद फ्लैट मुहैया कराया जाएगा। नगर प्रशासक अमित कुमार ने कहा कि लाइट हाउस प्रोजेक्ट के तहत आवंटियों को पहले फ्लैट के साइज के अनुरूप उसे स्थल की रजिस्ट्री होगी रजिस्ट्री तभी संभव हो सकेगा जब उनके द्वारा पूरी तरह से राशि का भुगतान कर दिया जाएगा।

### ट्रैफिक पुलिस और गूगल मैप के बीच साझेदारी, लोगों को मिलेगा लाभ

**रांची।** राजधानी रांची का ट्रैफिक पुलिस दिन पर दिन स्मार्ट हो रहा है। शुक्रवार को मिली की जानकारी के अनुसार ट्रैफिक पुलिस और गूगल मैप के बीच साझेदारी हुई है। इस विशेष साझेदारी के माध्यम से रांचीवासी रोड बंद, रोड डायवर्जन और मार्ग पर अन्य अवरोध की जानकारी गूगल मैप के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे। ट्रैफिक पुलिस के जरिये निर्गत सड़क बंद, रोड डायवर्जन की जानकारी गूगल पर दिखेगी। यात्री इसके आधार पर अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेंगे। गूगल मैप पर पहले चरण की जानकारी शुरू हो गई है। इसके साथ आगे आने वाले चरणों में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित की गई गति सीमा गूगल मैप पर दिखाई जाएगी। इसके साथ रांची ट्रैफिक पुलिस गूगल मैप के साथ मिल कर ट्रैफिक लाइट को ऑप्टिमाइज करने की दिशा में काम करेगा। इससे वेटिंग टाइम कम किया जा सके। ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए लगातार ट्रैफिक पुलिस काम कर रहा है।

# डीएसपीएमयू में प्लेसमेंट सेल का प्रशिक्षण कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के एक कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर में विश्वविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर के लगभग 300 विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी की। इस प्रशिक्षण शिविर को स्मार्ट फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने संचालित किया, जिसके तहत विभिन्न चरणों में विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता और व्यक्तित्व विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किए गए। विशेषज्ञ के माध्यम से उन्हें यह समझाने का प्रयास किया गया कि विभिन्न व्यावसायिक उपक्रमों में रोजगार के लिए विद्यार्थियों में किन गुणों का समावेश होना चाहिए। इस प्रशिक्षण सत्र की महत्ता पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य का कहना है कि हालिया समय में विश्वविद्यालय का यह प्रयास रहा है न सिर्फ व्यावसायिक बल्कि पारंपरिक स्नातक और स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के लिए भी विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जाया। यह प्रशिक्षण कार्यशाला इसका एक उदाहरण है। जल्द ही विश्वविद्यालय ऐसे कई प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने का अलावा देश के श्रेष्ठ उपक्रमों को अपने विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आमंत्रित करेगा। उन्होंने कहा कि विगत कुछ समय से देश के कई प्रतिष्ठित संस्थानों में यहां के विद्यार्थियों का प्लेसमेंट मिला है। यह प्रशिक्षण शिविर विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट अधिकारी अंकित कुमार तिवारी की उपस्थिति में आयोजित किया गया था। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# दफादार चौकीदार का धरना प्रदर्शन 9वें भी दिन जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
6 सूत्री मांगों को लेकर राजभवन के पास अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 9वें दिन जारी रहा। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्य अध्यक्ष कृष्णा दयाल सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्त चौकीदार दफादार और सेवा विमुक्त चौकीदारों के रिक्त पदों पर निकाला गया विज्ञापन तत्काल रद्द किया जाए । उन्होने कहा कि झारखंड चौकीदार संवर्ग नियमावली 2015 की कंडिका 2(9) के आलोक में 100 से 120 आवासीय घरों पर नया विट सृजित कर नए बीटों पर विज्ञापन निकाला जा सकता है श्री सिंह ने कहा कि यदि चौकीदार दफादार के पुराने बीटों पर विज्ञापन निकाला गया तो सेवानिवृत्त चौकीदार दफादार के आश्रित और सेवा विमुक्त चौकीदार बहाल नहीं हो पाएंगे और इसका सीधा असर जनहित और राज्यहित पर पड़ेगा क्योंकि पुश्त दर पुश्त एक ही परिवार से चौकीदारी करने के कारण इसकी सूचना जनहित और राजहित में बहुत महत्वपूर्ण होती है । श्री सिंह ने बताया की चौकीदारी व्यवस्था में 90% अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग (1+ 2) के लोग हैं। चौकीदार दफादार के जितने पद रिक्त है 95% इन्हीं वर्गो के रिक्त है । विज्ञापन निकलने पर स्वीकृत पदों पर आरक्षण रोस्टर लगाया जा रहा है जिसके कारण सेवा विमुक्त चौकीदार दफादारो के आश्रित और सेवानिवृत्त चौकीदार 2 प्रतिशत भी नियुक्त नहीं हो पाएंगे। मुख्यमंत्री श्री सोरेन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 16 ( 4) की भावना के आलोक में सेवा विमुक्त चौकीदारों को पुनः सेवा में योगदान कराने और 1 जनवरी 1990 के पूर्व और बाद में सेवानिवृत्त चौकीदार दफादार घटवार दिग्वार और सरदारों के आश्रितों की नियुक्ति पूर्व नियुक्ति प्रक्रिया के अनुसार करने हेतु तत्काल अध्यादेश जारी करें ।

पुलिस संदिग्ध मान रही है मामला, हत्या या दुर्घटना के एंगल पर हो रही जांच

# संजय पाहन की संदेहास्पद मौत, जांच में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सदर थाना क्षेत्र के बूटी बस्ती निवासी संजय पाहन का खून से लथपथ शव घर के आंगन से बरामद किया गया है। उनके सिर पर गहरे जख्म के निशान पाये गये हैं। संजय पाहन आदिवासी समाज में काफी प्रभावी थे और उनका काफी सम्मान था। उन्हें बूटी का जमींदार भी कहा जाता था। उनकी मौत की खबर मिलने के बाद बस्ती में मातम पसरा हुआ है, किसी को समझ नहीं आ रहा कि आखिर संजय आंगन में खून से लथपथ अवस्था में कैसे मिले। उनके सिर पर गहरे घाव का निशान पाया गया है। मामले की जानकारी परिजनों द्वारा सदर पुलिस को दी गयी। मामले की जानकारी मिलने के बाद सदर डीएसपी, सदर थानेदार समेत एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची। मामला हत्या का है या हादसा पुलिस इसकी जांच कर रही है। सदर डीएसपी प्रभात रंजन बरवार ने कहा कि संजय पाहन की मौत संदिग्ध लग रही है। मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है, मामला हत्या का है या हादसा का इसकी जांच की जा रही है। सदर डीएसपी ने यह भी बताया कि परिजन भी कुछ स्पष्ट बताने की स्थिति में नहीं हैं।

**एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची, लिए सैंपल**

**फिलहाल परिजन कुछ स्पष्ट बताने की स्थिति में नहीं**

**पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज की भी कर रही जांच**

पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक संजय पाहन के शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड गठित कर कराया जायेगा ताकि मौत की असली वजह सामने आ सके।

# इक्फाई विवि के तीन छात्रों ने ई-सुरक्षा साइबर में प्रथम स्थान हासिल किया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के बीसीए (डीएस और एआई) सेमेस्टर - तीन के तीन छात्रों (आकाश वर्मा, राजनंदिनी तिवारी और साक्षी कुमारी) ने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ द्वारा भौतिक मोड में आयोजित ई-सुरक्षा साइबर सुरक्षा राष्ट्रीय हैकथॉन में प्रथम स्थान हासिल किया। इस हैकथॉन में देश भर से विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया है। इक्फाई यूनिवर्सिटी झारखंड के छात्रों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया और नेशनल हैकथॉन के फाइनल राउंड में उनका मुकाबला किया। छात्रों ने उभरते साइबर खतरों का विश्लेषण और भविष्यवाणी करने, संगठनों को सक्रिय रूप से मदद करने और नए हमले वैक्टरों से बचाव के लिए एआई-संचालित साइबर सुरक्षा समाधान 'लॉगगार्ड एआई' डिजाइन किया। छात्रों को उपलब्धि पर बधाई देते हुए, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) रमण कुमार झा ने कहा, ह्लयह हमारे छात्रों की ओर से एक शानदार उपलब्धि है जिन्होंने जुनून और उत्साह के साथ काम किया। इसका श्रेय हमारे संकाय सदस्यों को भी जाता है, जिन्होंने हमारे छात्रों को प्रेरित और मार्गदर्शन किया है। यह हमारे विश्वविद्यालय और राज्य के लिए भी बहुत गर्व का क्षण है कि हमारे छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। विश्वविद्यालय के कुलपति ने छात्रों को इस तरह की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पूरा समर्थन दिया और उनके सभी यात्रा खर्चों को प्रायोजित किया। छात्रों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, प्रोफेसर अरविंद कुमार, डीन-एकेडमिक्स, और डॉ.जेबी पटनायक, रजिस्ट्रार ने कहा, हमारे विश्वविद्यालय के पास हमारे छात्रों को व्यावहारिक कौशल से लैस करने के लिए प्रयोगशालाओं और कार्यशालाओं के संदर्भ में आवश्यक बुनियादी ढांचा है। हम उन्हें ऐसे व्यावहारिक प्रोजेक्ट अपनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जो हमारे छात्रों को बेहतर सीखने में मदद करते हैं।

### ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** राजधानी रांची में दिन प्रतिदिन नशा का कारोबार काफी धड़ल्ले से चल रहा है। जिससे यहां के युवा अपनी जिंदगी को रसातल में भेज जा रह हैं। राजधानी की अरगोड़ा थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम याकूब अंसारी उर्फ कल्लू बताया गया है। इसके पास से 30 पुड़िया ब्राउन शुगर और एक मोबाईल फोन बरामद किया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अरगोड़ा थाना क्षेत्र के अशोकनगर गेटनंबर चार के पास अवैध रूप से ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के बाद हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते उक्त स्थान पर पहुंची तो पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा। टीम ने उसे खदेड़ कर पकड़ा। इसके पास से ब्राउन शुगर बरामद किया गया।

# माही ने हिंदपीड़ी के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पुरष्कृत किया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मौलाना आजाद ह्यूमेन इनिशिएटिव (माही) के प्रतिनिधियों ने हिंदपीड़ी स्थित मिल्लत एकेडमी के विद्यार्थियों को उनकी भागीदारी और उत्कृष्टता के लिए पुरष्कृत किया। उन्होंने स्कूल के निदेशक व प्रिंसिपल को स्कूल पार्टिसिपेशन अवार्ड, स्मृति फोटो और विविध कार्यक्रमों में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किए। माही ने इस अवसर पर छात्रों की सृजनात्मकता और लगन की सराहना की और शैक्षिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा दिए जाने की बात कही। माही द्वारा मौलाना आजाद की जयंती पर हज हाउस में आयोजित ₹शैक्षिक और सांस्कृतिक मेला-2023₹ में 30 स्कूलों के लगभग 550 छात्रों ने भाग लिया था। सामाजिक कारकुन जुनैद अनवर ने बताया कि आज के बच्चे भविष्य के रौशन चिराग हैं और माही उन्हें उचित मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देकर उनके सपनों को हकीकत में बदलने का प्रयास कर रहा है। ये बच्चे न केवल अपने भविष्य का, बल्कि समाज का भी सृजनात्मक विकास कर सकते हैं। ओम प्रकाश के अनुसार, शिक्षा ही अनुकूल विकास का साधन है जिसे माही ने वरीयता दी है ये अतुलनीय व अनुकरणीय है। शिक्षा को ही समाज के विकास का महत्वपूर्ण साधन माना जाना चाहिए, जो उसे केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उसे समाज के परिवर्तन और सशक्तिकरण का जरिया बनाता है।गयासुद्दीन मुन्ना ने कहा कि बच्चों को प्रेरित करने से ही समाज और भविष्य का निर्माण संभव है, और माही इस दिशा में कार्यरत है, जिससे बच्चे अपनी प्रतिभा का सही इस्तेमाल कर सके।

डीपीएस में साइंस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन

# महोत्सव में विज्ञान से संबंधित फिल्मों को प्रदर्शित किया गया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
इकोसिस्टम रिस्टोरेशन की महत्वपूर्ण आवश्यकता के बारे में जागरूकता और समझ को बढ़ावा देने के लिए, गोएथे इंस्टीट्यूट ने दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची में साइंस फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य इकोसिस्टम रिस्टोरेशन पर प्रकाश डालना और छात्रों को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन दुर्भा अलीवेलु और तुहिन सुभ्र्या हलदर थे। फिल्म महोत्सव की शुरूआत इकोसिस्टम रिस्टोरेशन के एक व्यावहारिक परिचय के साथ हुई, जिसमें पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने की तात्कालिकता और हमारे पारिस्थितिक तंत्र में संतुलन बहाल करने में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका को रेखांकित किया गया। महोत्सव में विज्ञान से संबंधित फिल्मों, वृत्तचित्रों और एनिमेटेड मूवीज का प्रदर्शन किया गया। फिल्मों में न केवल पारिस्थितिक संकटों पर प्रकाश डाला, बल्कि सामूहिक कार्रवाई की शक्ति पर जोर देते हुए दुनिया भर की सफल बहाली परियोजनाओं को भी प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम में डीपीएस रांची के 150 छात्र शामिल थे। फिल्म स्क्रीनिंग के बाद, इकोसिस्टम रिस्टोरेशन विषय पर साइंटिफिक एक्सपेरिमेंट का आयोजन भी किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को समूहों में विभाजित किया गया था, और प्रत्येक समूह को एक छोटे पैमाने के प्रयोग को डिजाइन करने और संचालित करने का काम सौंपा गया था।

जाति आधारित राजनीति को ले पीएम के बयान का स्वागत

# चार वर्गों के उत्थान से देश मजबूत होगा : प्रतुल



**नवीन मेल संवाददाता**
रांची। जाति आधारित राजनीति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान गुरुवार को आया है। जिसके तहत उन्होंने कहा है कि मेरे लिए सबसे बड़ी जाति नारी, युवा, किसान और गरीब हैं, जब तक इन चारों जातियों को मुश्किलों से उबार नहीं देता तब तक मैं चैन से नहीं बैठने वाला हूं। इन चार जातियों का उत्थान ही भारत को विकसित बनाएगा। अगर इन चारों जातियों का उत्थान हो जाएगा तो सबका उत्थान हो जाएगा। पीएम मोदी का यह बयान राजनीतिक मायनों में काफी अहम माना जा रहा है। बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों में जिस तरह से जाति आधारित राजनीति हावी रहा है और इसके जरिए राजनीतिक रोटी सेंकी जाती रही है, उसे एक नई सियासी हवा देने की कोशिश की गई है। हाल के दिनों में बीजेपी जाति आधारित राजनीति के खिलाफ मुखर हुई है, जिसका प्रमाण लगातार नेताओं के आ रहे बयान से देखने से मिल रहा है। बिहार में जाति आधारित जनगणना की मांग को ठुकराकर बीजेपी केंद्रीय नेतृत्व ने पहले ही साफ संकेत दे दिया है कि अब वो समय नहीं है जो जाति आधारित राजनीति को प्रमुखता दी जाए। ऐसे में पीएम ने जिस तरह से चार बड़े समूहों को चुनकर इन्हें प्राथमिकता सूची में रखी है, जो कहीं ना कहीं बड़ा मैसेज देने का काम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बयान को अलग-अलग रूप में लोग देख रहे हैं। झारखंड बीजेपी ने पीएम के इस बयान का स्वागत करते हुए कहा है कि इन चार वर्गों के उत्थान से देश मजबूत होगा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि गरीबी की कोई जाति नहीं होता गरीब तो गरीब होता है गरीबों का उत्थान होगा तो वे राष्ट्र के मुख्य धारा से जुड़ेंगे। इसी तरह किसान अन्नदाता होते हैं अगर उनकी आय बढ़ेगी तो निश्चित रूप से देश प्रगति के रास्ते पर बढ़ेगा। महिला तो मां काली और दुर्गा की प्रतीक होती हैं इनको सम्मान देने से ऐसे भी देश का सम्मान बढ़ता है। जहां तक युवा की बात करें तो कोई भी राष्ट्र युवा शक्ति से ही चलता है। ऐसे में इन वर्गों को प्रोत्साहित करने से देश प्रगति के रास्ते पर बढ़ेगा।

### डीएवी में क्लस्टर स्तरीय खेल प्रतियोगिता शुरू

**रांची।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के तत्वावधान में रांची के विकास विद्यालय में क्लस्टर स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हुआ। इसके तहत क्रिकेट प्रतियोगिताओं की शुरूआत गुरुवार से हो गई। बता दें कि डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के तहत तीन स्तरों पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। पहले क्लस्टर फिर जोनल और फिर नेशनल। कलस्टर स्तर पर जीतने वाली टीमें जोनल लेवल में पहुंचती है तथा जोनल में विजयी टीम में नेशनल खेलती है। प्रतियोगिता का आयोजन डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल के द्वारा किया जा रहा है। गुरुवार रांची के विकास विद्यालय मैदान में अलग-अलग आयु वर्ग के बालक और बालिकाओं के लिए क्लस्टर स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के ग्रुप के फाइनल में डीएवी हेहल ने डीएवी कपिल देव को हराया। वहीं 19 वर्ष से कम उम्र की बच्चियों के ग्रुप के फाइनल में भी डीएवी हेहल ने डीएवी कपिल देव को हराया।

# पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों का धरना 148वें दिन भी जारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजभवन के पास धरना स्थल पर बैठे हुए पांच सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे राज्य के पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने बताया है पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के सदस्य 148 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं जिस के कारण प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) पूरी तरह से प्रभावित है प्रधानमंत्री आवास योजना में राज की स्थिति अच्छी नहीं है। संघ की मांगों पर कोई ठोस पहल सरकार के द्वारा अभी तक नहीं किया गया है इसलिए प्रदेश कमेटी के द्वारा रणनीति बनाने के लिए 2 दिसंबर को प्रदेश स्तरीय बैठक समय 11 बजे से राजभवन (धरना स्थल)के पास किया जाएगा आगे की रणनीति के लिए और विधानसभा का शीतकालीन सत्र जो चलेगा उस समय विधानसभा का घेराव किया जाएगा एवं सरकार का 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में मोरहाबादी मैदान में नंग धड़ंग प्रदर्शन का कार्यक्रम किया जाएगा।

# भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, पथराव, सात लोग घायल

## पिंडराजोरा थाना के भांगाबाजार की घटना



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो जिले के पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के बहादुरपुर मोड़ के समीप भांगाबाजार गांव में शुक्रवार की शाम जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर रोड़ेबाजी हुई. घटना में एक पक्ष के 6 और दूसरे पक्ष का एक व्यक्ति घायल हैं. पिंडराजोरा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की और घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा. एक पक्ष के लोगों ने पुलिस के समक्ष ही हंगामा करते हुए घर में लगे सीसीटीवी व चदरे का शीट उखाड़ कर फेंक दिया. बताया गया कि चास प्रखंड के भांगाबाजार गांव में खाता नंबर 01 प्लॉट नंबर 675 में 61 डिसमिल जमीन को लेकर बहादुरपुर गांव के शर्मा बाउरी, विजय बाउरी, अनिल बाउरी की माणिक मंडल के साथ काफी दिनों से विवाद चल रहा है. माणिक मंडल ने उक्त जमीन पर दो मंजिला पक्का मकान बना रखा है. इसी से सटी जमीन पर माणिक मंडल दूसरा घर बनाने के लिए दीवार खड़ी कर ढलाई की तैयारी कर रहा था. तभी गांव के तुलसी बाउरी, बंधन बाउरी, विमला देवी, संतोष बाउरी, अनिल बाउरी व नुनीवाला देवी ने आकर काम रोकने को कहा. इसी को लेकर दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए और लाठी-डंडा से एक-दूसरे पर हमला कर दिया . सूचना मिलते ही गांव के अन्य समर्थक भी पहुंचे और पत्थरबाजी करने लगे. पत्थरबाजी में भारती देवी, बंधन बाउरी, विमला देवी, संतोष बाउरी, अनिल बाउरी व नुनी बाला देवी को गंभीर चोट लगी है. दूसरे पक्ष का माणिक मंडल भी घायल हुआ है. समाचार लिखे जाने तक थाने में किसी पक्ष से प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई थी. थाना प्रभारी दीपक कुमार साह व अंचलाधिकारी दिवाकर दुबे दोनों पक्षों को समझाने में जुटे थे.

## नाबालिग को अगवा करने के आरोपी दोनों युवक गिरफ्तार

**धनबाद।** भाटडीह ओपी पुलिस ने महुदा बस्ती की नाबालिग लड़की के अपहरण के आरोपी मुरलीडीह निवासी राहुल कुमार बाउरी व उसके एक साथी को गुरुवार की रात दबोच लिया। वहीं, लड़की को भी बरामद कर लिया. पुलिस ने शुक्रवार को लड़की का मेडिकल कराने के बाद धनबाद कोर्ट में बयान दर्ज कराया. पुलिस ने नाबालिग के पिता की लिखित शिकायत पर मामला दर्ज किया है. भाटडीह ओपी प्रभारी सौरभ कुमार चौबे ने बताया कि पिता ने 27 नवंबर को आवेदन देकर मुरलीडीह निवासी राहुल कुमार बाउरी व उसके दोस्त पर बेटी को अगवा करने का आरोप लगाया था. युवकों के मोबाइल लोकेशन के आधार पर लोयाबाद कोलियरी से लड़की के साथ पकड़ा गया. पुलिस मामला दर्ज कर दोनों युवकों से पूछताछ कर रही है. शनिवार को उन्हें जेल भेजा जायेगा. वहीं, लड़की को उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

## फुसरो पहुंचे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, हुआ स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** बेरमो में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फुसरो के निर्मल चौक पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का भव्य स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री गिरिडीह के मधुबन जा रहे थे। इसी क्रम में आज फुसरो में रुके. बताया जा रहा है कि केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा मधुबन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे। अर्जुन मुंडा मधुबन में स्थानीय लोगों से मुलाकात व संवाद करेंगे. केंद्रीय मंत्री मुंडा मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर ग्रामीणों से मिलेंगे. जनता से यह जानकारी प्राप्त करेंगे की केंद्र की योजना धरातल पर उतर रहा है या नहीं। मोदी सरकार की जो भी विकास योजनाएं हैं, उसका लाभ उन्हें मिला या नहीं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भारत यादव, डॉ. उषा सिंह, अर्चना सिंह, टुनटुन तिवारी, रमेश स्वर्णकार, अनिल गुप्ता, रविंद्र प्रसाद सिंह, नवल किशोर सिंह,सुमन कुमारी, लालमोहन महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एक नजर

### नावाडीह प्रखंड के कई गांवों में नक्सलियों ने चिपकाया पोस्टर

**बोकारो।** बोकारो जिला के नावाडीह प्रखंड स्थित नारायणपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पोस्टर चिपका कर लोगों में दहशत फैलाने का प्रयास किया है. पोस्टर चिपका कर नक्सलियों ने काफी समय से इन क्षेत्रों में कमजोर हो रहे अपनी ताकत को फिर से दिखाने का एकबार फिर से प्रयास किया है. नक्सलियों द्वारा लगाए गए पोस्ट से लोगों में एक बार फिर दशक पैदा हो गई है. नावाडीह थाना क्षेत्र के पिलपिलो ,गोवारडीह, काछो, गोनिआटो, धवैया और कंजकिरो सहित कई जगहों पर पोस्टर चस्पा कर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी है. नक्सलियों द्वारा शहीद सप्ताह मनाने को लेकर अपनी गतिविधि एवं उपस्थिति दर्ज कराई गई है. 22 दिसंबर को भारत बंद को लेकर अपनी बात पोस्टर में लिखा है. पोस्टरबाजी की सूचना के बाद नारायणपुर थाना पुलिस द्वारा कई स्थानों से पोस्ट को हटा भी लिया गया है. वहीं, पुलिस द्वारा एक दिन पहले से ही जंगल में सर्च ऑपरेशन के नाम पर चहलकदमी भी की जा रही है.

### ट्रेनों में यात्रियों का सामान चुराने वाला बदमाश गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** टाटानगर रेल थाना की पुलिस ने ट्रेनों से यात्रियों का सामान चुराने वाले एक आरोपी को न्यायिक हिरासत में शुक्रवार को जेल भेज दिया. पकड़ा गया आरोपी अमर नायक सीतारामडेरा थाना अंतर्गत काशीडीह कुम्हारपाड़ा का रहने वाला है. इसके पास से चोरी का एक पिट्ठू बैग व एक मोबाइल बरामद हुआ है. टाटानगर जीआरपी ने पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदनीपुर निवासी अभिजीत आचार्या की शिकायत पर उक्त कार्रवाई की है. हालांकि आरोपी को आरपीएफ ने पहले ही पकड़ लिया था और पूछताछ के बाद जीआरपी के हवाले कर दिया था.


### बेंगाबाद में पिकअप वैन जब्त, 5 मवेशियों को कराया मुक्त

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने गुरुवार को पिकअप वैन को जब्त कर उस पर लदे 5 मवेशियों को मुक्त कराया. पिकअप वैन मवेशियों को लेकर बिहार से पश्चिम बंगाल की ओर जा रही थी. गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने रात में बेंगाबाद चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया. बिहार की तरफ से आने वाले सभी वाहनों को रोककर जांच शुरू की. इसी दौरान रात करीब 10.15 बजे एक पिकअप वैन को रोकर तलाशी ली गई, तो उस पर मवेशी लदे मिले. इसके बाद पुलिस ने पिकअप वैन को जब्त कर लिया और उस पर लदे सभी 5 मवेशियों को उतारकर जांच के बाद पचंबा गौशाला पहुंचाया.

### गायत्री महायज्ञ चार दिसंबर से होगा शुरू

**चाईबासा।** श्री श्री संत नरसिंह आश्रम मनोहरपुर में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है.चार दिवसीय महायज्ञ का आयोजन प्रारंभ दिनांक 3-6 दिसंबर तक चलेगा.यह जानकारी मनोहरपुर गायत्री समिति के मुख्यकर्त्ता ने दी. उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है।

## सात दिसंबर से मशरूम की खेती का दिया जाएगा प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** बैंक ऑफ इंडिया एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा चाईबासा के डिलियामार्चा में 7 दिसम्बर से 16 दिसम्बर तक मशरुम खेती का प्रशिक्षण दिया जाएगा. जिसे भी स्वरोजगार हेतु मशरुम खेती का प्रशिक्षण लेना है वे 7 दिसम्बर से पहले उक्त संस्थान के कार्यालय में जाकर अपना नामांकन करा सकते हैं. नामांकन फोन से भी किया जा सकता है. इसके लिये लोग मोबाइल नम्बर- 6204319798 , 8789057247, 9113160077, 8210618580 पर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक फोन कर अपना नामांकन करा सकते हैं. इस प्रशिक्षण के लिये वैसे लोगों को शामिल किया जायेगा जो लिख-पढ़ सके, जिनकी उम्र 18 साल से 45 साल के बीच हो, बीपीएल कार्ड/लाल कार्ड/अंत्योदय कार्ड या महिला समूह की सदस्यता कोड किसी एक में आवेदक का नाम होना आवयश्यक है. राशन कार्ड/बीपीएल कार्ड में दर्ज नाम आधार कार्ड के नाम से मिलना चाहिये. हरा एवं सफेद कार्ड मान्य नहीं है.

## जंगल में मिला युवक का शव, गला रेतकर की गई हत्या

**बोकारो।** जिले के महुआटांड थानाक्षेत्र अंतर्गत टीकाहारा एवं चटनिया टोला के बीच गुरुवार की शाम मुख्य सडक से करीब पांच सौ मीटर दूर जंगल में एक आदिवासी युवक का शव मिला है. शव की पहचान टीकाहारा पंचायत के बुटगोड़वा निवासी रामेश्वर मांझी के 20 वर्षीय पुत्र सागेन सोरेन के रूप की गई है. इस संबंध में मृतक के पिता रामेश्वर मांझी ने बताया कि सागेन सोरेन सुबह में नित्य क्रिया के लिए घर से निकला था, उसके बाद वापस नहीं लौटा. घर वालों ने सोचा कि कहीं काम करने गया होगा, लेकिन जब शाम तक वह नहीं लौटा तो उसके मोबाइल नंबर पर भी फोन किया गया. लेकिन उसका नम्बर बंद मिला. तब सभी परिजन उसकी खोजबीन करने लगे. खोजबीन करने के क्रम में कुछ ही दूरी पर नाला की ओर उसका शव लहू-लुहान स्थिति में मिला. उन्होंने बताया कि गला रेतकर और पत्थर से कूचकर उसकी हत्या की गई है. वहीं उन्होंने पुत्र का किसी से प्रेमप्रसंग होने की भी बात कही है।

## आउटसोर्सिंग कंपनी का काम रैयतों ने किया बाधित



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** बीसीसीएल एरिया पांच के तेतुलामारी परियोजना में संचालित चेन्नई राधा इंजीनियरिंग आउटसोर्सिंग कंपनी पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए रैयतों ने शुक्रवार को काम बाधित कर धरना पर बैठ गए. रैयतों ने बताया कि महाप्रबंधक कार्यालय में रैयतों के साथ हुई वार्ता में कंपनी ने तीन महिने में उन्हें नियोजन और मुआवजा देने का वादा किया था. लेकिन तीन महीने से अधिक समय बाद भी कंपनी टालमटोल कर रही है. वहीं, उत्खनन कार्य कर अपनी कमाई भी कर रही है. रैयतों ने महाप्रबंधक पर भी गुमहार करने का आरोप लगाया. रैयतों ने कहा कि कंपनी की वादाखिलाफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. जब तक उन्हें नियोजन और मुआवजा नहीं मिलेगा, कंपनी का कार्य बंद रखेंगे. अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा. धरना-प्रदर्शन में रैयत बिरजू बाउरी, पूर्व पार्षद वीरेंद्र सिंह, रामानुज वर्मा, विष्णु वर्मा, देवेंद्र वर्मा, प्रसाद वर्मा, प्रशांत वर्मा, पप्पू महतो, संतोष महतो आदि शामिल रहे.

## नोवामुंडी में साइबर अपराधियों ने गुवा सेल के डीजीएम के खाते से उड़ाए एक लाख रुपये

**चाईबासा।** साइबर अपराधियों ने गुरुवार को गुवा सेल के डीजीएम माइनिंग ऑफिसर चौधरी निरंजन कुमार के खाते से लगभग एक लाख रुपए उड़ा लिये. इस संबंध में गुवा सेल अधिकारी चौधरी निरंजन कुमार ने शुक्रवार को गुवा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. घटना के संबंध में सेल अधिकारी चौधरी निरंजन कुमार ने बताया कि किसी कार्य के लिए डीडी एसबीआई बैंक से बनाया था। वह अपने घर ऑनलाइन बनाया गया डीडी गंतव्य तक पहुंचा है कि नहीं यह जानने के लिए बैंकों के नाम सर्च कर रहा था. इतने में एक लिंक पर क्लिक करने से उसमें कहा कि 2 रुपए इस लिंक को खोलकर भेजें. सेल अधिकारी द्वारा लिंक खोलकर 2 रुपए भेजने पर अचानक से उनके एसबीआई खाते से पैसे गायब होने लगे और लगभग एक लाख रुपए तक गायब हो गए. तुरंत ही सेल अधिकारी चौधरी निरंजन कुमार एसबीआई बैंक पहुंचे और पूरी जानकारी ली तो शाखा प्रबंधक ने कहा कि आप साइबर अपराध के शिकार हो गए हैं. साइबर अपराधियों ने आपके खाते से पैसे निकाल लिए हैं. सेल अधिकारी चौधरी निरंजन कुमार ने गुवा थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई. घटना के संबंध में एसबीआई के शाखा प्रबंधक ने लोगों को जागृत करते हुए यह संदेश जारी किया है कि कभी भी किसी कॉल में पूछे जाने वाले बैंक से संबंधित किसी भी जानकारी को किसी से ना बताएं. ना ही खाता नंबर, एटीएम नंबर, एटीएम पिन एवं मोबाइल पर आने वाले ओटीपी को किसी के साथ शेयर ना करें. शेयर करने से आप साइबर अपराधी के चंगुल में फंस सकते हैं और आपके अकाउंट से पूरे पैसे खाली हो सकते हैं।

## किरीबुरु : सीआरपीएफ ने ग्रामीणों व बच्चों को दिए जरूरत के सामान



**चाईबासा।** सारंडा में नक्सलियों से लोहा ले रहें सीआरपीएफ-26 बटालियन के कमांडेंट राजिव रंजन के निर्देशानुसार तथा ए/26 वी वाहिनी के सहायक कमांडेंट एन बालामुरुगन, सहायक कमांडेंट सुबीर मण्डल के नेतृत्व में पदाधिकारियों व जवानों द्वारा करमपदा में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में करमपदा, नवागांव के ग्रामीण व बच्चे शामिल हुये. ग्रामीणों के बीच पानी टंकी, मक्का, लौकी, उरद दाल, हरी बिन्स, टमाटर आदि के बीज का वितरण किया गया. इस दौरान करमपदा स्कूल के बच्चों को पढने हेतु किताबें, नोट बुक, पेन-पेन्सिल, रबर, स्कुल बैग आदि वितरण किया गया. इसमें सभी ग्रामिणों ने पूर्ण सहयोग किया. इस मोके पर सभी गांव के मुंडा, डकुआ, स्कुल के प्रधानाध्यापक तथा ग्रामीण उपस्थित थे. सिविक एक्शन प्रोग्राम में उपस्थित सभी ग्रामीणों को दोपहर का भोजन सीआपीएफ द्वारा करवाया गया।

## झरिया के (बच्चा गुट) कांग्रेस के कार्यकर्ता बीजेपी में हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** झरिया के लोदना क्षेत्र अंतर्गत 9 नंबर साइडिंग में जनता श्रमिक संघ द्वारा आयोजित मिलन समारोह में भाजपा नेत्री सह जनता श्रमिक संघ की महामंत्री रागिनी सिंह के समक्ष (बच्चा गुट) एवं कांग्रेस से जुड़े सैकड़ो मजदूर कार्यकताओं ने अजय पासवान के नेतृत्व में एनटीएसटी परिजोजना में स्वागत किया. एरिया 6 नंबर और 9 नंबर साइडिंग में कार्यरत (बच्चा गुट) कांग्रेस को त्याग कर जनता श्रमिक संघ एवं भाजपा में शामिल हुए. जहां मजदूर भाइयों ने रागिनी सिंह को 51 किलो का माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया. वहीं रागिनी सिंह ने शामिल हुए सभी मजदूर भाई बहनों को माला पहनाकर संघ में स्वागत किया. इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए रागिनी सिंह ने कहा मजदूर हित में लड़ाई लड़ती रही हैं और आगे भी आप सबके सहयोग से हमारी लड़ाई जारी रहेगी और जब भी मेरी या संघ की आवश्यकता पड़ेगी तो आप मुझे और संघ के एक एक कार्यकर्ता को अपने समक्ष पाएंगे. वहीं मंच का संचालन रोहित बिंद ने किया. इस दौरान मुख्य रूप से जनता श्रमिक संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिन्हा, क्षेत्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद थे.

## विश्व एड्स दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

**धनबाद ।** विश्व एड्स दिवस के मौके पर धनबाद में विभिन्न संगठनों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई. संयम और सुरक्षा अपनाएं, एड्स से खुद बचें और अपने परिवार को बचाएं. नारों से लोगों के बीच जागरूकता फैलाई गई. बताया गया कि एड्स एक ऐसी बीमारी है, जो शरीर की रोग निरोधक क्षमता को खत्म कर देती है. इससे बचाव के लिए दूषित सूई का इस्तेमाल, एक ही ब्लेड से कई लोगों को दाढ़ी बनाने से भी बचना चाहिए. इन सावधानियों को नहीं अपनाने से ये बीमारी फैलती है. वहीं, इस बीमारी से ग्रसित व्यक्ति चिकित्सक की नियमित सलाह पर अमल कर लंबी जिंदगी जी सकता है. विश्व एड्स दिवस 1988 के बाद से 1 दिसंबर को हर साल मनाया जाता है. जिसका उद्देश्य एचआईवी संक्रमण के प्रसार की वजह से एड्स महामारी के प्रति जागरुकता बढ़ाना और इस बीमारी से जिसकी मौत हो गई है उनका शोक मनाना है.

## आकाश मुखी महासचिव एवं नईम खान बने एएसपी के प्रदेश संगठन सचिव



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** आजाद समाज पार्टी (एएसपी) के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जमशेदपुर के बहुजन मूवमेंट के दो बड़े चेहरों को पार्टी के झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल किया है. इसी क्रम में आकाश मुखी को प्रदेश महासचिव एवं नईम खान को प्रदेश संगठन सचिव बनाया है. इस बारे में प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने बताया कि आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद के द्वारा 18 अगस्त को झारखंड प्रदेश के कार्यकारिणी की घोषणा के बाद पार्टी झारखंड में लगातार संगठन के विस्तार के लिए काम कर रही है. आदिवासी, दलित, पिछड़े, मुसलमान, सिख, ईसाई, और सारे शोषित वंचित समाज के लोग लगातार पार्टी का दामन थाम रहे हैं. इसलिए हमारा प्रयास है कि झारखंड के सक्षम, शिक्षित, युवाओं और महिलाओं को राजनीति में लाना और उन्हें नेतृत्व देना, ताकि वीर शहीद बिरसा मुंडा के सपनों का झारखंड बनाया जा सके. उन्होने उम्मीद जताई हैं कि आकाश मुखी और नईम खान को संगठन के द्वारा जो दायित्व मिला है वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे और जल्द से जल्द आजाद समाज पार्टी की विचारधारा को घर-घर पहुंचाएंगे.

## झारबेड़ा के जंगलों में पहुंचा हाथियों का समूह



**चाईबासा।** सारंडा के झारबेड़ा गांव क्षेत्र के जंगलों में हाथियों का समूह आने से ग्रामीणों में भारी भय का माहौल है. पिछले कुछ महीनों से हाथी समूह में या एक-एक कर इसी क्षेत्र के जंगलों में निरंतर आना-जाना कर रहे हैं. झारबेड़ा निवासी मंगरा ने बताया की वह ज गांव से जंगल रास्ते पैदल खदान में ड्यूटी करने जा रहा था तभी हाथियों के समूह के ताजा पैरों के निशान और लीद ऊपर पहाड़ी पर देखा. हाथियों का यह समूह पहाड़ी की चोटी से नीचे की तरफ उतरा है. संभावना जताई जा रही है कि वह गांव क्षेत्र में भी आ सकता है. यह हाथी निरंतर ग्रामीणों के लिये खतरा बने हुये हैं. ग्रामीण जंगलों में वनोत्पाद लाने, बैल-बकरी चराने आदि वजहों से जाते रहते हैं, जिस पर हाथी कभी भी हमला कर सकते हैं. वन विभाग इन हाथियों को गांव से दूर घने जंगलों में भगाने का कार्य करे।

## गिरिडीह : डुमरी में वाहन के धक्के से बाइक सवार की मौत, 2 लोग गंभीर रूप से घायल

**गिरिडीह।** डुमरी में शुक्रवार की सुबह सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया है. मिली जानकारी के अनुसार, जीतकुंडी निवासी राम प्रसाद मंडल (42) बाइक से शुकर सोरेन और पुत्र छोटी कुमार के साथ डुमरी बाजार जा रहे थे. तभी नारायणपुर-खरखो मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया. हादसे में बाइक पर सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को गिरिडीह सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान राम प्रसाद की मौत हो गई. वहीं, गंभीर रूप से घायल शुकर और छोटी को बेहतर इलाज के लिए धनवाद रेफर कर दिया गया. मृतक के भतीजा सनी ने बताया कि हादसा सुबह 6 बजे के करीब हुआ. राम प्रसाद मंडल मजदूरी का काम करते थे और काम की तलाश में ही घर से डुमरी जा रहे थे. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## लोगों में खुशी

## आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर में उमड़े ग्रामीण

# 10 जगहों पर लगे शिविर, 48003 आवेदन मिले



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 1 दिसंबर को भी शिविर लगाया गया. बरकट्ठा प्रखंड के सलैया, बरही प्रखंड के केदारूत, बड़कागांव प्रखंड के कांडतरी, केरेडारी प्रखंड के हेवई, कटकमसांडी प्रखंड के डांटोखुर्द, विष्णुगढ़ प्रखंड के सारूकुदर, सदर हजारीबाग प्रखंड के सिन्दूर, चौपारण प्रखंड के चौपारण पंचायत में और नगर निगम क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 14 एवं 17 के लिए आनंदा स्कूल में शिविर लगाया गया. मौके पर आमजनों को योजनाओं से जोड़ा गया. आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार अभियान को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है. अबतक आयोजित शिविरों में विभिन्न योजनाओं के कुल 48003 आवेदन प्राप्त किये गये हैं, जिनमें 9537 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया है. वहीं 102 आवेदन निरस्त करते हुए शेष को प्रक्रियाधीन किया गया है. आयोजित शिविरों में अबतक अबुआ आवास के 28149 आवेदन, सावित्रीबाई फूले किशोरी समृद्धि योजना के 1512, सर्वजन पेंशन के 1171, मुख्यमंत्री पशुधन के 948, बिरसा सिंचाई कूप संवंधन योजना के 280, गुरूजी क्रेडिट योजना के 485, मनरेगा के 977, लगान रसीद के 487, केसीसी- 356, भूमि म्यूटेशन के 112 , राशनकार्ड संशोधन 474 , जाति प्रमाण पत्र 309 सहित कई अन्य योजनाओं के आवेदन ग्रामीणों द्वारा विभागीय स्टॉलों पर समर्पित किये गये. वहीं 316 लोगों के आधार निबंधन एवं सुधार ऑन द स्पॉट किया गया. शिविर के दौरान अबतक 4161 आवेदन के विरुद्ध 2900 कंबल जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण किया गया.साथ ही 3815 आवेदन के विरुद्ध 2554 लाभूकों को योजना के तहत धोती-साड़ी का वितरण किया गया.वहीं शिविर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कैम्प लगाकर ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच सहित मुफ्त दवाओं का वितरण भी किया गया. आपकी योजना, आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत 2 दिसंबर को भी शिविर लगेंगे।

### केदारुत पंचायत में विधायक ने किया सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन

# लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** सरकार आपके द्वार फेज -3 के तहत केदारुत पंचायत भावना में प्रखंड के पांचवें शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला, प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ सी आर इंदवार, सीओ आर एन खलखो, मुखिया सरिता देवी, विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी आदि अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया. सभी अतिथियों का स्वागत जेएसएलपीएस की दीदीओ ने किया। जनता की समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न विभाग के कुल अठारह स्टॉल लगाए गए थे. जहां प्रत्येक विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि वर्तमान स्थिति में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की प्रासंगिकता बढ़ गई है। दलालों से मुक्ति और जनता का अधिकारियों के साथ सीधा संपर्क स्थापित करने का सरकार आपके द्वारा सरल माध्यम है. जहां अधिकारी जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ त्वरित निष्पादन करते हैं. उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ आवेदन जमा करना नहीं बल्कि समस्याओं को गंभीरता पूर्वक लेते हुए त्वरित निष्पादन करना भी है। इस अवसर का पंचायत की जनता अधिक अधिक लाभ ले और विचारों से बिचौलियों से खुद को दूर रखें. मौके पर कंबल, साड़ी धोती, सहित कल्याण विभाग द्वारा साइकिल के लिए छात्राओं को उपलब्ध कराए गए 4500 रुपए का डम्मी चेक का भी वितरण किया. यह राशि डीबीटी माध्यम से छात्राओं के खाता में हस्तांतरित किया जा चुका है। शिविर में बीभीओ डॉ एम के सिंह, बीसीओ संजय यादव, बीपीएम दीपक कुमार, सीआई सतीश कुमार सिन्हा, बीटीएम राकेश कुमार, बीपीआरओ सावना मांझी, केके भारती, मो प्रवेज, मो इम्त्याज, प्रशांत कुमार, मोहन मिर्धा, सागर कुमार, बंटी ठाकुर, राजस्व कर्मचारी, पंचायत सचिव आदि कई प्रखंड सह अंचल कर्मी मौजूद थे।

## बरकट्ठा : 542 का ऑन द स्पॉट निष्पादन

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलैया में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख रेणू देवी ने फीता काटकर किया। मौके पर बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, उपप्रमुख सूरजी देवी, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद मौजूद थे। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सबसे अधिक अबुआ आवास योजना के लिए 450 आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना के 5, गुरु जी कार्ड योजना के 5, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 48, केसीसी के 9, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 7 आवेदन प्राप्त हुआ। जबकी जाति प्रमाण पत्र 8, आय प्रमाण पत्र 3, लगान रसीद 103, मनरेगा जॉबकार्ड 11, राशन कार्ड में संसोधन 28 लोगों का किया गया। मौके पर साइकिल के लिए डीबीटी 285, जरूरत मंद 168 लोगों को कंबल तथा 94 कार्डधारकों के बीच धोती, साडी, लुंगी का वितरण किया गया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कुल 1224 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 542 का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया जबकि 682 प्रोसेस में है। इस अवसर पर प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदूस अंसारी, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, रीतलाल प्रसाद, बीईईओ किशोर कुमार, डॉ फातमा खातून, बीपीओ श्यामनाथ वर्मा, पीएमएवाई समन्वयक अजय कुमार, अनिमेश सिंह, मुकेश कुमार, संतोष कुमार, ज्ञानी प्रसाद समेत आदि लोग उपस्थित थे।



## डीडीसी ने जागरूकता रथ को झंडी दिखाकर किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से लोगों को सरकार द्वारा चलाए जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे वीआर जागरूकता वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता वाहन जिले प्रत्येक गांव में पहुच कर लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकरी योजनाओं के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगी। मौके पर उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अनिल कुमार गुप्ता ने जागरूकता रथ में लगे एलईडी स्क्रीन एवं वीआर बॉक्स का जायजा लिया। साथ ही वाहन चालक को प्रत्येक गांव में जाकर लोगों को योजनाओं से अवगत कराने का भी निर्देश दिया।

### दो महिलाओं ने किया विषपान, एक रेफर

**बरही।** आपसी विवाद और पारिवारिक उलझन को लेकर कोनरा पंचायत के 40 वषीर्या सरिता देवी पति मनोज राणा और बुंडू गांव की 55 वर्षीय लखिया देवी पति भुवनेश्वर महतो ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। विषपान की जानकारी मिलते ही परिजनों ने अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद कोनरा निवासी सरिता देवी को रेफर कर दिया वही दूसरी महिला इलाजरत है. विदित हो कि प्रखंड में इन दोनों विषपान के मामले बढ़े हैं। एक महीना में औसतन तीन से चार मामले देखने को मिल रहे है. इसमें साठ फीसदी 40 वर्ष से ऊपर वालो को देखने को मिल रही है, जो चिंता का विषय है. इस दिशा में जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। ज्ञातव्य हो कि आत्महत्या करना या करने का प्रयास कानूनी जुर्म भी है। आत्महत्या करने वालो के खिलाफ कानूनी कारवाई का प्रावधान है।

**एक नजर**

### नल-जल योजना का निरीक्षण करने पहुंचे संबंधित विभाग के कर्मी



**बरकट्ठा।** प्रखंड में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना का कार्य करोड़ों की लागत से किया जा रहा है। लेकिन कार्य में अनियमितता की शिकायत हर जगह सुनने को मिल रही है। जानकारी देते हुए ग्रामीण रविंद्र ठाकुर ने कहा कि बेडोकला में नल जल योजना में काफी अनियमितता बरती जा रही है खराब सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जिसकी जानकारी विभाग को दी गई है वहीं ग्रामीणों की शिकायत पर विभाग के द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि उक्त कार्य को अनियमित तरीके से जैसे तैसे लीपा पोती किया जा रहा है। विभाग के तरफ से ठेकेदार को निर्देश दिया गया है कि इस योजना को नियमित व गुणवतापूर्ण तरीके से कार्य करें।

### विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**हजारीबाग।** ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फामेर्सी और पैरामेडिकल द्वारा शुक्रवार को विश्व एड्स दिवस पर जगदीशपुर गांव में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज प्रमुख ने इस मौके पर कहा कि सावधानी और जागरूकता हीं एड्स का इलाज है। कार्यक्रम में एचआईवी एड्स से जुड़ी जानकारी, स्वास्थ्य जाँच अभियान, और संवाद सत्रों का आयोजन किया गया।

## अग्निकांड में घायल से मिलने आरोग्यम अस्पताल पहुंचे सांसद जयंत सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** बीते सोमवार को हजारीबाग शहर के मालवीय मार्ग कालीबाड़ी के समीप गायत्री टेंट हाउस में अग्निकांड में घायल हुए लोगों से मुलाकात करने के लिए शहर के सबसे चर्चित आरोग्यम अस्पताल परिसर सांसद जयंत सिन्हा पहुंचे। जहां उनका स्वागत अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा, प्रशासन जया सिंह एवं चिकित्सक मनीष कुमार के द्वारा किया गया। जिसके पास सांसद जयंत सिन्हा ने अग्निकांड में घायल हुए लोगों से मुलाकात की इस दौरान उन्होंने एक वर्षीय नन्हे बच्चे को अपनी गोद मे खेलाया, घायल लोगों के साथ मौजूद परिजनों से घटना के विषय में पूरी विस्तार रूप से जाना। वही 6 वर्षीय नन्ही बच्ची की मौत पर संवेदना प्रकट किया। वहीं दूसरी ओर सांसद जयंत सिन्हा ने अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल की गतिविधियों से रूबरू हुए। वहीं शुक्रवार को देर शाम अग्निकांड में घायल हुए लोगों को अस्पताल से रिलीज कर दिया गया सभी लोग स्वस्थ होकर अपने घर चले गए। मौके पर सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि अग्निकांड की घटना काफी दुखद है, इस घटना में 6 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई है। परिजनों के द्वारा सबसे पहले बच्ची को सरकारी अस्पताल में लाया गया था अगर वहां पर सुविधा उपलब्ध होती तो आज बच्ची हम सबों के बीच होती पर राज्य सरकार के खराब रवैया के कारण यह सब हो रहा है। साथ ही कहा की अग्निकांड में घायल हुई लोगो को हर संभव मदद पहुंचाया जाएगा।



### 'सहारा इंडिया में लोगों का जमा पैसा जल्द लौटाए केंद्र'

**हजारीबाग।** प्रमंडलीय वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने कांग्रेस आपके द्वार के तहत शुक्रवार को इचाक प्रखंड के करियादपुर,उरुका मांगुरा, जमवारी एवं झुमरा का दौरा किया। भ्रमण सभा में श्री मेहता ने कहा कि गरीब जनमानस प्रतिदिन 10 रु से लेकर हजारो रू तक सहारा इंडिया में जमा किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि सहारा में जमा रुपए जल्द लौटाए जायेंगे, जो जुमला साबित हो रहा है। डॉ मेहता ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि जनता अपनी समस्याओ के निराकरण हेतू पंचायत स्तरीय कार्यक्रम में जाएं।प्रखंड में एलपीसी दाखिल खारिज को लेकर अधिकांश लोग इचाक अंचलाधिकारी के कार्यशैली से असंतुष्ट है।

## शतरंज प्रतियोगिता में मेजिया ताप विद्युत केन्द्र बना विजेता



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** दामोदर घाटी निगम परियोजना में तीन दिवसीय प्रतियोगिता का पारितोषिक वितरण-सह-समापन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया । इस समारोह के मुख्य अतिथि अंजनी कुमार दुबे, कार्यकारी निदेशक सह अध्यक्ष, डीवीसी सेंट्रल स्पोर्टस काउंसिल और विशिष्ट अतिथियों में संजय कुमार, निदेशक व परियोजना प्रमुख अमीत शील, मुख्य अभियंता, टीएससी थे। प्रतियोगिता में दामोदर घाटी निगम के विभिन्न परियोजनाओं की पांच टीमों ने भाग लिया । प्रतियोगिता टीम वर्ग और व्यक्तिगत वर्ग दोनों में रॉबिन लीग आधार पर आयोजित की गयी । इस प्रतियोगिता में 12 अंकों के साथ मेजिया ताप विद्युत केन्द्र विजेता और हजारीबाग परियोजना 11 अंकों के साथ उप विजेता रही ।

### कायस्थ महासभा के प्रशांत कुमार बने युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष

**रामगढ़।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को गोला रोड स्थित अपने आवासीय कार्यालय में महासभा के युवा प्रकोष्ठ के लिए प्रशांत कुमार को मनोनयन पत्र प्रदान किया। इस मौके पर सिन्हा ने कहा की युवा प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष विश्वरंजन सिन्हा ने अपनी व्यस्तता के चलते पद से त्यागपत्र दे दिया। जिसके उपरांत महासभा के युवा प्रकोष्ठ के लिए भुरकुंडा निवासी प्रशांत कुमार को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। कहा की हम सभी को उम्मीद है की प्रशांत समाज के युवाओं को संगठन से जोड़कर इसे मजबूत बनाने में अपना योगदान देंगे। वहीं, युवा प्रकोष्ठ के नव मनोनीत जिलाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने अपने मनोनयन पर जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा का आभार व्यक्त किया।

### रामगढ़ में ईंट भट्ठा संचालकों के लिए कार्यशाला का आयोजन, बोले डीसी

# अवैध ईंट भट्ठा संचालकों पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में शुक्रवार को ईट भट्ठा संचालकों के लिए कार्यशाला का आयोजन सभा कक्ष में किया गया। कार्यशाला में खनन विभाग, श्रम विभाग, कारखाना संचालन, प्रदूषण नियंत्रण पर्षद से संबंधित नियमों की जानकारी ईंट भट्ठा संचालकों को दी गई। खनन विभाग द्वारा सभी संचालकों को स्वामिस्व एवं अन्य टैक्स का ससमय भुगतान का निर्देश दिया गया। वहीं श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम मजदूरी संबंधी कानून की जानकारी दी गई। साथ ही साथ भवन एवं अन्य निर्माण कार्य, विभिन्न अधिनियमों की जानकारी दी गई । प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के प्रतिनिधि द्वारा कंसेंट टू एस्टेबलिश संबंधित मानकों की जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान बिना अनापत्ति प्रमाणपत्र के ईंट भट्ठा का संचालन किसी भी हालत में नहीं करने का निर्देश दिया गया। अवैध रूप से भट्ठा संचालित करने पर कानूनी कार्रवाई की बात कही गई। साथ ही सभी ईंट भट्ठा संचालकों को अविलंब प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के यहां अनापत्ति प्रमाणपत्र हेतु आवेदन देने का निर्देश दिया गया। इस दौरान कारखाना निरीक्षक द्वारा बताया गया कि सभी ईंट भट्ठा, कारखाना अधिनियम के तहत निबंधन हेतु अविलंब आवेदन दाखिल करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही ईंट भट्ठा में किसी भी परिस्थिति में बाल मजदूर को नियोजित नहीं करेंगे। कार्यशाला में ईंट भट्ठा संचालकों की समस्याओं यथा अंचलाधिकारी एवं वन विभाग से अनापत्ति मिलने में विलम्ब होने की समस्या पर विचार विमर्श किया गया। संबंधित विभागों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यशाला में जिला खनन पदाधिकारी, रामगढ़ श्रम अधीक्षक, रामगढ़, कारखाना अधीक्षक, रामगढ़ सहायक वैज्ञानिक , झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पार्षद सहित अन्य उपस्थित थे।



## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का लाभ उठाएं लोग : ममता देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत बारलोंग पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक ममता देवी शामिल हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ममता देवी ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। साथ ही लगाए गए सभी स्टोल का निरीक्षण किया एवं लाभुकों के बीच फुलो झानो योजना के तहत चेक, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, कंबल, धोती, साड़ी, प्रधानमंत्री आवास, अम्बेडकर आवास, सावित्रीबाई फुले, किशोरी समृद्धि योजना के तहत बच्चियों के बीच चेक का वितरण किया। साथ ही कार्यक्रम के बारे लोगो को जानकारी दिया। इससे पूर्व उनके आगमन पर बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नोडल अधिकारी के रूप में रीना कुजूर, प्रमुख करुणा देवी,बीस सूत्री अध्यक्ष सुनील करमाली, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया रेखा देवी, भरत महतो, बीस सूत्री सदस्य हीरालाल महतो, बबलू यादव, अरुण बनर्जी, पंचायत समिति सदस्य निशा देवी, प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर गुप्ता, निरंजन बेदिया,लालदेव महतो, सूरज महतो,झलकू बेदिया,लालू महतो सहित कई गणमान्य लोग एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।



**वर्ल्ड एड्स डे** | अदाणी फाउंडेशन की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# जागरूकता से ही एड्स पर अंकुश संभव

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत विश्व एड्स दिवस के अवसर पर अदाणी फॉउंडेशन ने शुक्रवार को हरली स्थित एसएस उत्क्रमित उच्च विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर एड्स के प्रति जागरूकता की थीम पर आधारित कविता, स्पीच और नाटक आयोजित हुए। स्कूल परिसर में विश्व एड्स दिवस पर विद्यार्थियों को यह जानकारी दी गयी कि एचआईवी/एड्स के मरीजों के साथ छुआछूत का भाव नहीं रखना चाहिए क्योंकि यह बीमारी छूने से नहीं फैलती है. विद्यार्थियों को बताया गया कि पिछले कुछ सालों इस बीमारी के उपाचार के लिए कई नए तरीके आजमाए गए हैं और अब भी इससे निपटने के लिए चिकित्सा जगत लगातार प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्राचार्य मो जफरूल इस्लाम, हेल्पेज इंडिया की ओर से अनीता और हरेंद्र कुमार मौजूद थे. कार्यक्रम के अंत में कविता और स्पीच में बेहतर करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया, जिसके तहत कक्षा 12 की प्रियंका कुमारी प्रथम, और काजल कुमारी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया. वहीं, कक्षा 11 की सुहानी और और काजल को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया. इसके अलावा अदाणी फॉउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने अम्बाजीत गांव में भी जागरूकता शिविर लगाया, जहां चिकित्सक और पारा मेडिकल कर्मियों ने महिलाओं और पुरुषों को एड्स से बचाव के उपाय बताते हुए इस बीमारी के प्रति जागरूक रहने की अपील की. मौके पर ग्रामीणों को बताया गया कि एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए हर साल दुनिया भर में वर्ल्ड एड्स डे मनाया जाता है. यह बीमारी एचआईवी (ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस) की वजह से होती है. स्वास्थ्यकर्मियों ने ग्रामीणों को बताया कि अगर इसका समय पर इलाज नहीं किया गया तो यह बीमारी जानलेवा बन जाती है। एड्स के हर मरीज को सही उपचार और इसकी रोकथाम के लिए जागरूकता अभियानों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस जागरूकता शिविर में ग्रामीणों से भेदभाद की भावना को खत्म करते हुए सामुदायिक भागीदारी बढ़ाए रखने की अपील भी की गयी. इस साल वर्ल्ड एड्स डे की थीम लेट कम्यूनिटीज लीड इस बात पर जोर देती है कि एड्स से प्रभावित लोग लोग अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपनी आवाज उठाने में सक्षम बने।.




### विश्व एड्स दिवस पर डीएवी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बरही । विश्व एड्स दिवस के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया. एड्स जैसे गंभीर बीमारी पर आधारित क्विज व वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित किए गए. दीप लक्ष्मी के तीखे सवालों ने एड्स के कारणों और उसके सुरक्षा की महत्ता पर लोगो को सोचने के लिए मजबूर कर दिया. अंशु प्रिया के भाषण ने एड्स की गंभीरता को विस्तार से समझने में सहायक हुआ. प्राचार्य श्री सिंह ने विश्व एड्स दिवस की जानकारी दिया .उन्होंने बताया कि जानकारी ही एड्स जैसे बीमारियों से सुरक्षित रखने में सहायक है. आज की तिथि को पूरे विश्व में एड्स दिवस के रूप में मनाया जाता है. इससे प्रति वर्ष होने वाली मृत्यु की चिंता का कारण बनता जा है. कार्यक्रम संचालन राजेश कुमार सिन्हा ने किया.

## स्व.रफीक अंसारी मेमोरियल जूनियर क्रिकेट का विजेता बना हादी एकादश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** फाहिमा अकादमी के मैदान में स्व रफीक अंसारी मेमोरियल जूनियर क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल शुक्रवार को खेला गया।जिसमे बतौर अतिथि हजारीबाग एथेलेटिक्स असोसिएशन के वाईस प्रेसिडेंट सह बैडमिंटन कोच रेयाजूल इस्लाम मौजूद थे।स्कूल प्राचार्या फरहा फातमी ने टॉस कर मैच की शुरूवात की।फाइनल में पहुंची टीम हादी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अदीब के बनाए 40 रनों की बदौलत 63 रन बनाये।इसके जवाब में टीम अमन मात्र 35 रन ही बना पाई। टीम हादी ने 28 रन से मैच जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। मैन ऑफ द मैच का खिताब अदीब आलम को मिला। मौके पर प्राचार्या फरहा फातमी ने अपने संबोधन में कहा कि खेलों के ऐसे आयोजन से छात्र खेल भावना एवं अनुशासन सीखते हैं। स्कूल सचिव अहमद अली ने पुष्प गुच्छ और मोमेंटो देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।



शिक्षा विभाग की ओर से एक दिवसीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन

# मुखिया गण अपने क्षेत्र की स्कूलों का भ्रमण करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा द्वारा लोक भागीदारी के तहत जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन नगर भवन, सिमडेगा में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह कार्यक्रम में शामिल हुए। उपायुक्त का पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार ने जिले में शिक्षा व्यवस्था को कैसे मजबूत कर सकते हैं, बच्चों को कैसे गुणवतापूर्ण शिक्षा दे सकते हैं इस विषय पर मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों को जागरूक किया। उन्होंने मुखिया से अपील करते हुए कहा कि आप अपने क्षेत्र की स्कूल का भ्रमण करें, उपस्थित बच्चों से मिले शिक्षकों से मिले एवं स्कूल के आधारभूत संरचना और संसाधन का जायजा ले। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, डायरेक्टर डीआरडीए अंचलाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के महत्व तथा सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु जनप्रतिनिधियों को जागरूक करना रहा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों मिले इस हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, नामांकन, रिटेन्सन रेट, विद्यालय विकास योजना, शून्यड्रॉप आउट ग्राम पंचायत, भूमिका और दायित्व, स्टूडेंट लर्निंग, मध्याह्न भोजन योजना, आउट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन एवं आधारभूत संरचना और संसाधन जैसे विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। उपायुक्त ने कैसे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने क्षेत्र में बहाल कर सकते हैं इस दिशा में जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने सभी उपस्थित मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों से अपने क्षेत्र की स्कूलों का भ्रमण करने तथा बेसिक सुविधाओं का अवलोकन करने की बात कहीं। 15वें वित्त आयोग की राशि से जिस स्कूल में बेसिक सुविधा बच्चों को नहीं मिलती है उसे मुहैया कराने की बात कहीं। साथ ही बच्चों को स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रहा है या नहीं, बच्चे एवं शिक्षक समय से स्कूल आते हैं या नहीं इन छोटी-छोटी बिंदुओं पर कार्य करते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो इस पर आवश्यक कार्य करने की बात कहीं। आउट ऑफ स्कूल बच्चों को पुनः स्कूल में भेजने एवं अभिभावकों संग बैठक कर शिक्षा के महत्व के संबंध में जागरूक करने का निर्देश दिया। बच्चों की जो बेसिक सुविधाएं स्कूल में नहीं है उन्हे आवश्यकतानुसार 15 फाइनेंस की राशि से स्कूल को सहयोग करें, बच्चों को गुणवतापूर्ण भोजन मुहैया कराई जा रही है या नहीं स्वयं खाकर उसका अवलोकन करें। साथ ही जो बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं तो गांव में बैठक कर बच्चों को स्कूल भेजने हेतु अभिभावक को जागरूक करने की बात कहीं।




# एनसीसी कैडेटों का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के तत्वावधान में चल रहे 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिन कैडेटों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. शुक्रवार की कार्रवाई में कोडरमा जिला अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में विमान चंद्र मांझी, राम चंद्र महतो और किशोर कुमार पासवान मो कैडेटों को आग लगने के कारण एव बचाव की जानकारी दी. उन्होंने कैडेटों को आग के प्रकार, आग के दौरान उपयोग होने वाले उपकरण तथा घरों में आग से बचाव की जानकारी दी. कैडेटों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया. कैंप को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सूबेदार मेजर रमेश कुमार राय, एनसीसी ऑफिसर्स लेफ्टिनेंट चन्दन दुबे, लेफ्टिनेंट डॉ विजेंद्र कुशवाहा, सेकंड ऑफिसर विकाश सिंह, थर्ड अफसर अभिजीत आनंद, सीटीओ एलिश मिंज, सूबेदार सूर्य देव भगत, सूबेदार अभय नारयण ठाकुर, सूबेदार सुमन कुमार प्रसाद, सूबेदार अलोक कुमार, सूबेदार सुदीप सरकार, नायब सूबेदार घसीटा राम, राम उचित कुमार, सिद्धार्थ कुमार, सहित कुमार, प्रमोद कुमार, उपेंद्र कुमार, हवलदार एमिल बारा, विकास कुमार सिंह, रंजन कुमार, राजेश कुमार, मनोज कुमार, अजीत कुमार सिंह, विनोद कुमार आदि पूरे तत्परता के साथ लगे हुए है.

## एक नजर

### कोयला कारोबारी के ऑफिस में अपराधियों ने की फायरिंग

**रामगढ़।** कोयला कारोबारी के ऑफिस में अपराधियों ने गोलीबारी की है. घटना शुक्रवार की देर शाम हुई. जहां बाइकसवार अपराधियों ने कोयला कारोबारी कल्याण पांडे के कुज्जू स्थित ऑफिस में गोलीबारी की, हालांकि इस गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ है. वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी की मदद से जांच कर रही है. पुलिस घटना के संबंध में कोयला कारोबारी से जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है. कोयला कारोबारी के ऑफिस में किस वजह से गोली चलाई गई है अब तक इसके पीछे की वजह सामने नहीं आयी है. पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है.

### कोलेबिरा : सड़क हादसे में तीन घायल

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा थाना अंतर्गत पुतरीटोली करम टोली के समीप एक टेंपो और मोटरसाइकिल के बीच जोरदार टक्कर हो गयी।जिसमे तीन लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरेश लोहार उम्र 17 वर्ष पता कोंसोदे बानो सुदर्शन लोहार उम्र 22 वर्ष पता टांगरटोली अघरमा कोलेबिरा एवं बुढ़वा लोहार उम्र 18 वर्ष पता टांगरटोली अघरमा कोलेबिरा यह तीनों युवक अपने मोटरसाइकिल एनएस पल्सर 160 से टांगरटोली पुतरी टोली से कोलेबिरा की ओर जा रहे थे । इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही अनियंत्रित टेंपो से इनके मोटरसाइकिल और टेंपो के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। इसके बाद टेंपो घटनास्थल से फरार हो गया। इधर टक्कर के बाद तीनों मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए, आसपास के ग्रामीणों के द्वारा तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा पहुंचाया गया एवं कोलेबिरा पुलिस को घटना की जानकारी दी गई ।इधर अस्पताल में डॉक्टर के द्वारा तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया ,जहां पर डॉक्टर के के शर्मा ने बताया कि तीनों युवकों के दाहिने पैर टूट गए हैं जिसके लिए तीनों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया गया है।

विश्व एड्स दिवस पर सदर अस्पताल में कार्यशाला का आयोजन

# एड्स मरीजों से भागे नहीं, उन्हें भी समाज में स्थान दें : सीएस





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विश्व एड्स दिवस के मौके पर सदर अस्पताल सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया । शुक्रवार को आयोजित कार्यशाला की शुरूआत सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर बेला एक्का, डॉक्टर सिलवंत एक्का के द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए किया। इसके बाद कार्यशाला में एचआईवी एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने से संबंध में स्वास्थ्य कर्मियों को जानकारी दी गई सर्वप्रथम आईसीटीसी की दीपा कुमारी ने कहा एचआईवी एड्स एक लाइलाज बीमारी है ,लेकिन समय रहते इसके सुरक्षित उपाय को जान लेने से इससे बचा जा सकता है। इसके लिए कई प्रकार की सावधानियां बरतनी की आवश्यकता है ताकि इन सभी को रोका जा सके। डॉ बेला एक्का ने कहा कि सभी स्वास्थ्य कर्मी कार्य के दौरान छोटी-छोटी चीजों में सावधानी बरतें ताकि एचआईवी एड्स का संक्रमण न पहले इसके लिए हमें अलर्ट रहकर कार्य करना होगा। सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो ने कहा- एड्स मरीजों से भागे नहीं, उन्हें भी समाज में स्थान दें। उन्होंने कहा कि एड्स सिर्फ यौनाचार से नहीं, बल्कि दूसरों को उपयोग सिरिज या संक्रमित ब्लड संचार से भी होता है। उन्होंने बताया कि यह रोग छुने से या हवा से नहीं फैलता। उन्होंने कहा आप एड्स मरीज से अपनत्व निभाएं, उनके साथ बैठें उनसे बात करें। इससे उनकी बीमारी का दर्द घटेगा और आपको भी उन्हे खुश देख तसल्ली होगी। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सक डॉ बेला एक्का,डॉ शीलवंत एक्का,डॉ ममता मधुबाला कुजूर,एएनएम ट्रेनिंग स्कूल की शिक्षक प्रमिला टोप्पो लेबर रूम इंचार्ज एंजेलिना होरो मेल वार्ड इंचार्ज मनीषा डुंगडुंग, ऑपरेशन थिएटर इंचार्ज मनीषा मिंज, फीमेल वर्ड इंचार्ज मेंरखा एवं क्लर्क निरंजन को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सदर अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी एवं एएनएम ट्रेनिंग स्कूल की छात्राएं मौजूद रही।

### सिमडेगा में निकाली गई जागरूकता रैली

**सिमडेगा।** विश्व एड्स दिवस के मौके पर सदर अस्पताल सिमडेगा स्थित एएनएम ट्रेनिंग स्कूल की छात्राओं के द्वारा शुक्रवार की सुबह सिमडेगा शहर में जागरूकता रैली का आयोजन किया । जागरूकता रैली की शुरूआत सिविल सर्जन डॉक्टर अजीत खलखो के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। जागरुकता रैली सदर अस्पताल से निकलकर सिमडेगा महावीर चौक, नीचे बाजार होते हुए कचहरी होकर झूलन सिंह चौक होते हुए पुनः सदर अस्पताल पहुंचकर समापन हुई ।इस दौरान लोगों को एचआईवी एड्स संक्रमण के प्रति स्लोगन के माध्यम से छात्रों के द्वारा जागरूक किया गया, साथ ही समाज में इसके प्रति जो सोच है उसे बाहर निकलते हुए लोगों को इसके सुरक्षित उपायो के बारे में भी जानकारी दी ।मौके पर डॉ बेला एक्का, एएनएम ट्रेनिंग स्कूल की शिक्षिका प्रोमिला, आईसीटीसी की दीपा कुमारी ,सतीश केसरी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत कई जगहों पर लगे शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत कई जगहों पर शिविर लगाये गये. जिले के सतगावां प्रखंड के शिवपुर, डोमचांच प्रखंड के धरगांव, कोडरमा प्रखंड के इन्दरवा, जयनगर प्रखंड के ककरचोली और मरकच्चो प्रखंड के चोपनाडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में आमजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी-अपनी समस्याओं से पदाधिकारियों को अवगत कराया. मौके पर पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द निपटारा होगा. साथ ही पदाधिकारियों ने लोगों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी दी गयी और योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया. वहीं मौके पर लाभुकों को कंबल और धोती साड़ी का वितरण भी किया गया. इसके साथ ही बच्चियों के बीच साइकिल वितरण योजना व सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की स्वीकृति पत्र दिया गया. बिरसा सिंचाई कूप योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना का भी लाभ दिया गया. कार्यक्रम में सभी ने अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी आमलोगों को दी और उसका लाभ लेने को कहा.



# बीरूगढ़ के धरोहर को बचाने के लिए डीसी ने किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को बीरूगढ़ का भ्रमण किया। उपायुक्त ने बीरू राजा परिवारों के कई सांस्कृतिक एवं एतिहासिक धरोहर को संजोकर रखने की दिशा में कार्ययोजना तैयार करने एवं पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने हेतु क्षेत्र भ्रमण कर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बीरूगढ़ के ऐतिहासिक पुराने सूर्य मंदिर जो तालाब के पास 7वीं सदी में टीले पर बड़े पत्थरों से निर्मित किया गया है। इस 7वीं सदी में बने बीरूगढ़ के सूर्य मंदिर को पुराने स्ट्रक्चर के साथ ही नये आकर्षक रूप में बनाने की दिशा में उपायुक्त महोदय ने संबंधित पदाधिकारी आवश्यक निर्देश दिये ।उन्होंने गांव में बने तालाब का भी निरीक्षण कर सुंदरीकरण करने की दिशा कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बीरूगढ़ राजतंत्र के जमाने में राजघराना था जहां से पूरे सिमडेगा का शासन चलता था ,जहां पर राजमहल सहित कई चीजे अभी भी मौजूद है ।इसके अलावा कई प्राचीन धरोहर धरती के अंदर संरक्षण के अभाव में दबे हुए, जिन्हें पुरातात्विक विभाग की ओर से संरक्षण की आवश्यकता है ताकि प्राचीन धरोहर को संरक्षण मिल सके । मौके पर बीरुगढ़ के राजा दुर्ग विजय सिंह देव, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल पदाधिकारी जयप्रकाश चौधरी आदि उपस्थित थे।

### कोलेबिरा में राज्यस्तरीय जल छाजन समिति ने किया योजनाओं का निरीक्षण



**कोलेबिरा।** ग्रामीण विकास विभाग की राज्य स्तरीय अनुसमर्थन दल जलछाजन के विभिन्न योजनाओं की जांच करने सिमडेगा पहुँची। जहाँपर उक्त दल ने सिमडेगा जिले के कोलेबिरा और बोलबा प्रखण्ड में चल रहे योजनाओं का जांच किया। जांच के क्रम में ग्रामीण विकास विभाग की टीम कोलेबिरा प्रखण्ड में पोगलोया एवं कुम्बाकेरा में तथा बोलबा प्रखण्ड के समसेरा और कादोपानी में अमृत सरोवर, तालाब, टी.सी.बी, वैट, एल.वी.एस, ई. सी. डी. का भौतिक तथा योजना से संबंधित कागजात का निरिक्षण किया। ग्रामीण विकास विभाग टीम के सदस्य बीज वितरण, बत्तक वितरण, बत्तक पालन और रागी महिला सहकारी समिति के सदस्यों से मिलकर उन्हें खेती और नये व्यवसाय हेतु सराहना करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। टीम में अवर सचिव मो शहजाद अनवर, रमेश सिंह, मनीष शर्मा के साथ-साथ जिला तकनिक विशेषज्ञ सुभाष कुमार, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी मो दानिश, मुस्कान के निरंजन कुमार, बाबूलाल सिंह, बिपिन कुमार, आशा बिलुंग, मेनोन हेरेंज, पास्कल डुंगडुंग, ममता बड़ाईक आदि उपस्थित थे।

### मदर टेरेसा कॉलेज में मना विश्व एड्स दिवस



**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज में शुक्रवार को विश्व एड्स दिवस मनाया गया। जी एन एम छात्राओं ने स्किट के माध्यम से एड्स के बारे में सबों को जागरूक किया। प्राचार्य संगीता कुमारी ने एड्स के बारे में एवं एड्स से बचाव के बारे में बताया वही उपप्राचार्या एरन बैक ने भी एड्स के बारे में जागरुक करते हुए कहा कि यह बीमारी असुरक्षित यौन संबंध और संक्रमित खून के चढ़ाने से होता है। निदेशक डॉ. प्रहलाद मिश्रा ने कहा इस बीमारी का सुरक्षा ही बचाव है। उन्होंने कहा 1 दिसंबर 1988 ई से पूरा विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है जिससे लोगों को जागरूक कर इस बीमारी को रोका जाए। इस वर्ष का थीम भी है कि अपने समुदाय को जागरूक करें हम सब जागरूक होकर और सुरक्षित रहकर इस बीमारी से बचाव कर सकते हैं। आज के कार्यक्रम में ए एन एम की प्रिंसिपल प्रभा सुरिन ट्यूटर अल्बीना तोपनो ,निभा खलखो ,लीला कुमारी मदर टेरेसा कॉलेज की सचिव निभा मिश्रा एवं सभी एएनएम जीएनएम की छात्राएं मौजूद थी।

### करंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**सिमडेगा।** बोलबा पाकरबहार गांव में बारी में पटवन के लिए मोटर चालू करने के दौरान करंट की चपेट में आने से संदीप बिलुंग नमक व्यक्ति घायल हो गया। जिसे बोलबा अस्पताल ले जाया गया ।वहां से सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर किया इधर-सदर अस्पताल सिमडेगा में डॉक्टर ने उसे मृत घोषितकर दिया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया बताया गया कि वह खेत में काम कर रहा था इसी दौरान शॉर्ट सर्किट हुआ और करंट लगा उसी की वजह से उसकी मौत हुई।

### गिरदा पुलिस ने वरिष्ठ मतदाताओं को किया सम्मानित

**बानो ।** बानो सर्किल के गिरदा पुलिस द्वारा शुक्रवार को वरिष्ठ मतदाताओं को आने वाली चुनाव को देखते जागरूकता अभियान चलाया गया। गिरदा व हुरदा में वरिष्ठ मतदाताओं को गुलदस्ता दे कर स्वागत किया तथा मतदान में भाग लेने की बात कहा ।थाना प्रभारी सत्यप्रकाश उपाध्याय ने लोगो से कहा कि आप का एक एक मत का बहुत महत्व है ।आप अपने परिवार के लोगो को भी जागरूक करें ।आपके एक मत से सरकार बन सकती है ।एक मत से आपके क्षेत्र के विकास के लिये कोई योजना मिल सकती हैं। मौके पर मनोज कुमार दुबे ,शरवेशर सिंह, रायकेरा ग्राम सभा अध्यक्ष घनश्याम सिंह व गिरदा पुलिस परिवार उपस्थित थे।

### डीसी ने विज्ञान प्रदर्शनी बस को दिखाई हरी झंडी



**सिमडेगा।** उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नवाचार परिषद्, राँची के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद कोलकाता के द्वारा राज्य के प्रत्येक जिले में भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह प्रदर्शनी जिले एवं प्रखंडों के विभिन्न विद्यालयों में जाकर बच्चों को विज्ञान से संबंधित जानकारी देगी। इसी क्रम में शुक्रवार को उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने प्रदर्शनी बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बस लगे विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहन झा, नजारत उपसमाहर्ता राजेन्द्र प्रसाद सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक विनोद कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

## कैसे पढ़ें नौनिहाल

जयनगर प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय का हाल

# एक दिव्यांग शिक्षिका के भरोसे कक्षा 1 से 5 तक के 89 बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता**

कोडरमा। शिक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार बड़े-बड़े वादे और दावे करती है. वहीं, जयनगर प्रखंड के कटिया भुइयां टोला स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में सरकार के वादे पूरे होते नहीं दिख रहे हैं. यहां बच्चों को न तो सही से शिक्षा मिल पा रही है और न ही मध्याह्न भोजन मिल पा रहा है. शौचालय रहने के बावजूद प्रिंसिपल की मनमानी के कारण बच्चों और शिक्षिका को शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है. स्कूल में पानी की भी व्यवस्था नहीं है. पिछले डेढ़ साल से मोटर खराब पड़ा है. उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कटिया भुइयां टोला में कक्षा एक से पांच तक की पढ़ाई होती है. स्कूल में नामांकित कुल 89 बच्चे सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे हैं. स्कूल में पदस्थापित एक मात्र शिक्षिका ही सभी बच्चों को पढ़ाती है. सभी को एक ही कक्षा में बैठाकर पढ़ाया जाता है. कुछ बच्चों को बरामदे में नीचे ही बैठा दिया जाता है. प्रिंसिपल साहब खुद ही स्कूल से हमेशा गायब रहते हैं. रसोइया सजानती देवी बताती हैं कि यहां खाना बनाने के लिए पानी अपने घर से ही लेकर आना पड़ता है. विद्यालय में मोटर लगभग डेढ़ वर्षों से खराब है. कई बार कहा गया, पर प्राचार्य बनवाते ही नहीं हैं. वह स्कूल आते हैं और सिर्फ हाजिरी बनाकर चले जाते हैं. मध्याह्न भोजन के लिए चावल, 200 ग्राम दाल और हरी सब्जी में सिर्फ बैगन ही दिया जाता है. जब बैगन नहीं मिलता है, तो थोड़ा बहुत आलू दिया जाता है. उसी में किसी तरह खाना बनाकर बच्चों को देती हूं. रसोइया ने विद्यालय में पानी की व्यवस्था जल्द कराए जाने की मांग की।

### हाजिरी बनाकर स्कूल से निकल लेते हैं प्राचार्य




### मोटर खराब, पानी के अभाव में बंद रहता है शौचालय

इस विद्यालय में पदस्थापित एकमात्र शिक्षिका सरस्वती देवी दिव्यांग हैं. वह बताती हैं कि स्कूल में कुल 89 बच्चे नामांकित हैं. सभी बच्चों को एक ही कक्षा में बैठाकर पढ़ाती हूं. अकेले कैसे अलग-अलग कक्षा में पढ़ाऊंगी. प्राचार्य बहुत काम होने की बात कह कर विद्यालय से चले जाते हैं. कहते हैं इधर-उधर रिपोर्ट भी बनना पड़ता है. यह सब कह स्कूल की पूरी जिम्मेदारी थोप कर चले जाते हैं. उन्होंने कहा कि स्कूल में शौचालय है, पर पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बंद रहता है. ऐसे में बच्चों और मुझे भी बाहर खुले मैदान में जाना पड़ता है. दिव्यांग होने के कारण उन्हें ज्यादा परेशानी होती है. उन्होंने बताया कि आसपास के लोग बच्चों के बाहर शौच जाने पर गुस्सा भी करते हैं।

### कागजी कार्य को लेकर कम समय दे पाते हैं: प्राचार्य

प्राचार्य बहादुर पासवान से स्कूल की समस्या पर फोन से बात की गई. उन्होंने बताया कि पानी नहीं रहने की वजह से स्कूल का शौचालय बंद रहता है. मोटर जल जाने के कारण पानी की समस्या है. मोटर खराब होने की जानकारी बीआरसी को दी है. बीआरसी द्वारा बोला गया है कि कोई फंड आएगा तो उसे बनवा देंगे. स्कूल से गायब रहने के सवाल पर कहा कि कई कागजी काम होते हैं, जिसको लेकर हमेशा बीआरसी जाना पड़ता है. इसलिए स्कूल में कम समय दे पाते हैं।

### क्या कहते हैं बच्चे

स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे बताते हैं कि प्रिंसिपल सर स्कूल में कभी-कभी ही रहते हैं. सिर्फ एक शिक्षका स्कूल में है, जो सभी बच्चों को पढ़ाती हैं. मध्याह्न भोजन तो समय पर मिलता है, पर पानी और शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है।

## एक नजर

### विश्व एड्स दिवस पर छात्राओं को किया गया जागरूक

**श्री बंशीधर नगर।** राजकीयकृत अंबालाल पटेल बालिका उच्च विद्यालय में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एड्स बीमारी की सावधानियां और बचाव के बारे में कक्षा 6 से कक्षा 10 तक की छात्राओं को जागरूक किया गया। विद्यालय के आरोग्य दूत प्रमोद कुमार एवं जयंती कुमारी ने किशोरों और किशोरियों को बताया कि एड्स, एचआईवी वायरस के कारण होने वाली बीमारी है। ये आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को नुकसान पहुंचाकर, एचआईवी वायरस शरीर के संक्रमण और बीमारी से लड़ने की क्षमता को काफी कमजोर कर देता है। यह यौन संचारित संक्रमण (एसटीआई) के अलावा संक्रमित रक्त के चढ़ाने, संक्रमित व्यक्ति को लगे इंजेक्शन के उपयोग से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है। गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान के दौरान मां से इसके बच्चे में भी होने का खतरा देखा जाता रहा है। कार्यक्रम को तकनीकी सहयोग सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (उ3),के कार्यक्रम अधिकारी आकाश कुमार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सहायक शिक्षक प्रकाश चंद सोनी, जया कुमारी, ममता लता आदि शिक्षिकाओं ने सहयोग किया। वहीं विद्यालय की छात्राएं मारिया, कुमकुम, काजल, सावित्री, अंजलि, एकता, रुचिका, सहाना, ममता, नम्रता, अदिति, रिमझिम आदि छात्राओं ने भाग लिया और इस पर अपने विचार व्यक्त किये।

### डंडई प्रखंड के वेंडरों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी की बैठक 4 को


**डंडई।** बीडीओ राहुल कुमार सानू ने 4 दिसंबर को प्रखंड भर के वेंडरों की बैठक बुलाई है। इस संबंध में जारी पत्र में उन्होंने आवश्यक दस्तावेजों के साथ सभी वेंडरों को बैठक में भाग लेने का निर्देश दिया है। साथ ही बैठक से अनुपस्थित रहने वाले वेंडरों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई करने की बात भी पत्र के माध्यम बीडीओ द्वारा कही गई है। वहीं आयोजित बैठक में कागज पर चल रही वेंडरों की दुकान पर भी चर्चा होने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही नियम को ताक पर रखकर वेंडर बनाए गए प्रखंड के कई जनप्रतिनिधि के पतियों के खिलाफ भी बैठक के दौरान कार्रवाई होने का अंदेशा लगाया जा रहा है।

### गृहरक्षक की मृत्यु पर शोक की लहर

**रमना।** सिलिदाग पंचायत के विद्यालय टोला निवासी गृहरक्षक हवलदार 57 वर्षीय मटुकी राम का निधन गुरुवार को दोपहर में हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को सिलिदाग स्थित गड़गड़वा नदी तट के शमशान घाट पर किया गया। मटुकी राम अपने समाज को आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रेरित करते थे और समाजिक समस्या को दूर करने के लिए सदैव तैयार रहते थे। उनकी असमय मृत्यु से लोग आहत हैं। इनकी मृत्यु पर मुखिया अनीता देवी ने परिजनों से मिलकर ढांधस बढ़ाया।

# पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों ने भाजपा को एक्जिट का रास्ता दिखाया : सुप्रियो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि पांच राज्यों में विधानसभा का जो चुनाव हुआ है वहां से भाजपा को एक्जिट का रास्ता दिखा दिया गया है। उन्होंने कहा कि मैंने दूसरे राज्यों के कार्यकताओं से बातचीत की। यह बात छनकर आ रही है कि वह यही कि सभी पांच राज्यों ने भाजपा की सरकार ना बनाने का निर्णय ले लिया है। पांच राज्यों ने कहा है एक्जिट भाजपा। भट्टाचार्य शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं में बौखलाहट है। गत गुरुवार को देवघर में नैनो प्लांट का निरीक्षण करने स्थानीय सांसद के साथ केंद्रीय मंत्री गये थे। पिछले 10 वर्षों में किसी केंद्रीय मंत्री का यह तीसरा दौरा था। विगत 10 वर्षों में पीएम, गृह मंत्री, केंद्रीय मंत्री झारखंड आए लेकिन एचईसी का दौरा किसी ने नहीं किया।



क्योंकि, उनको मालूम है कि यदि वे वहां गये तो वहां बिलखते परिवारों की पीड़ा को देखकर कोई भी सहज नहीं रह सकता। इसलिए एचईसी का दौरा एक बार भी नहीं। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री रोजगार देने की बात करते हैं। कहां दो करोड़ रोजगार की बात हुई थी। छह महीने पहले भी रोजगार देने का आडंबर हुआ, कल भी हुआ लेकिन दोनों मिलाकर सवा लाख रोजगार दिया गया। 20 करोड़ की जगह पर सवा लाख नौकरी। उसके प्रचार में हमको लगता है सवा लाख करोड़ रुपये उड़ा दिया गया।

## पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा की जीत तय : प्रतुल शाहदेव

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर जबरदस्त पलटवार करते हुए कहा कि पांच राज्यों के एग्जिट पोल से झारखंड मुक्ति मोर्चा बौखला गई है। उन्होंने कहा कि पांचों राज्यों में भाजपा की सरकार स्पष्ट रूप से बनती दिख रही है। इन सब चीजों से बौखला कर झामुमो को यह एहसास हो गया है कि झारखंड में भी हेमंत सोरेन सरकार के लिए बस यही नारा लगेगा, 'अबकी बार, बाहर का द्वार'। जिसमें सेना और सुरक्षा बलों को राजनीति में नहीं घसीटा जाता लेकिन कभी कांग्रेस सेना के सर्जिकल स्ट्राइक पर प्रश्न उठाती है तो कभी झामुमो सुरक्षा बलों के



कार्यक्रमों पर अपनी ओछी टिप्पणी करने से बाज नहीं आती। झारखंड में अपनी आसन्न हार से बौखलाई झारखंड मुक्ति मोर्चा सारी राजनीतिक मयार्दाओं को भूल गई है। प्रतुल ने कहा कि जिस एचईसी के लिए आज झामुमो घड़ियाली आंसू बहा रही है। उसकी वास्तविक दुर्दशा तो 2004 से 2014 के बीच में यूपीए के शासनकाल में हुई थी।

### खरौंधी में रुक-रुक कर हो रही बारिश से फसलों को नुकसान

**खरौंधी।** प्रखंड में पिछले दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी है। बारिश से सबसे ज्यादा नुकसान धान का हो रहा है। इसके अलावे सरसो, अरहर, चना, मटर, कुरथी, टमाटर आदि फसलों को नुकसान होने की संभावना है। जानकारी के अनुसार प्रखंड के अधिकांश किसानों के धान की फसल तैयार है। सभी किसान धान की कटनी कार्य में जुटे हैं। कई किसानों ने धान तो काट लिया है, लेकिन अभी भी खेत में ही है। इसके अलावे कई किसान धान को काटकर खलिहान में रखे हैं। दो दिनों से हो रही बारिश में किसानों की फसल भीग रही है। अगर ऐसे ही बारिश होती रही तो धान अंकुरित हो जायेगा। प्रखंड के राजी पंचदिस्त के किसान संतोष कुमार सिंह, सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, चंदीप साह, खरौंधी के उमा शंकर रजक बृजबिहारी दुबे, मझिगावां पंचायत के अरविंद गुप्ता, सत्येंद्र यादव, जितेंद्र यादव आदि ने बताया कि अभी प्रखंड के किसान तैयार धान की कटनी करा रहे हैं।

## मंगरा पंचायत में आयोजित शिविर में उमड़ी भीड़



**बरवाडीह।** झारखंड सरकार की ओर से संचालित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुक्रवार को मंगरा पंचायत सचिवालय में आयोजन किया गया। शिविर में पूरी पंचायत से काफी संख्या में लोग पहुंचे। इसका उद्घाटन बीडीओ राकेश सहाय, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी, मुखिया बिपिन बिहारी सिंह, पूर्व लोकपाल डॉक्टर मुरारी झा आदि ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहां कि शिविर के माध्यम से पंचायत के वंचित लोगों को सभी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पित है। बीडीओ ने शिविर के माध्यम से महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास, सर्वजन पेंशन योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। इसके साथ बीडीओ ने सभी सरकारी योजनाओं का विस्तार से जानकारी दी। शिविर में 1618 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें आबुआ आवास योजना के सबसे अधिक का 415 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि जॉब कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना के 16, मनरेगा के 258, कंबल वितरण के 180 आवेदन शामिल हैं। शिविर में ऑन द स्पॉट 512 आवेदनों का निष्पादन किया गया। शिविर में प्रखंड में सभी विभागों के डेढ़ दर्जन से अधिक स्टाल लगाए गए थे।

## मवेशी लदा वाहन रोका तो तस्करों ने पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने का किया प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता।** गिरिडीह
गिरिडीह जिला पुलिस गोवंश तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। पुलिस ने शुक्रवार को तड़के डुमरी प्रखंड के निमियाघाट थाना क्षेत्र के तुरी टोला के समीप नाका बनाकर वाहनों की सघन जाच कर रही थी। इसी क्रम में कोलकाता की ओर तेज गति से जा रहे मवेशी लदे वाहन संख्या डब्ल्यूबी 39सी 1909 को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया यह देख गोवंश तस्करों ने पुलिस पर वाहन चढ़ाते हुए भागने की कोशिश की। इस दौरान वाहन पलट गया। इस घटना में ट्रक पर लदे 17 मवेशियों में से 8 की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। चालक और खलासी भागने में सफल हो गए। इसी बीच पीछे से आ रहे पशु लदे दो कंटेनर बीआर 02जीसी 4662 और एनएल 01एल 3166 को रोकर दोनों वाहनों के चालक-खलासी

**प्रशासन मवेशी तस्करों के खिलाफ हमेशा अभियान चला रही है, जिससे तस्करी का मामला रूक सके, लेकिन इसके बावजूद अभी भी जारी है**

सहित 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया और पकड़कर थाने ले गई। वहीं, तीनों वाहनों पर लदे मवेशियों को उतारकर मधुबन गोशाला को सौंप दिया। वहीं, पशु चिकित्सक बुलाकर मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम कराया गया।
एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में चलाए गए छापेमारी अभियान में इंस्पेक्टर मनोज कुमार, डुमरी थाना प्रभारी पवन कुमार, निमियाघाट थाना प्रभारी साधन कुमार व अन्य जवान शामिल थे। ज्ञात हो कि गोवंश तस्कर बिहार से पशुओं को ट्रकों व कंटेनर में लोडकर पश्चिम बंगाल भेजते हैं।

# सीएम को रेड रिबन लगाकर पलामू में शुरू हुआ एड्स जागरुकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**
विश्व एड्स दिवस पर जागरुकता के लिए पलामू जिले में शुक्रवार को कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में फर्ज लक्षित हस्तक्षेप परियोजना, आईसीटीसी, एआरटी सदर हॉस्पिटल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं श्रम एवं नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता को रेड रिबन लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार एवं उपस्थित सभी स्वास्थ्यकर्मी को रेड रिबन लगाया गया। इसके पश्चात टेंपो स्टैंड में चालकों के बीच में एक जागरुकता अभियान चलाया गया। नामधारी महिला डिग्री कॉलेज के प्रांगण में एनएसएस एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान से एचआईवी एड्स जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता योध सिंह



नामधारी कॉलेज की सहायक अध्यापिका डॉक्टर मशरीक जहां एवं डाक्टर मिनी टुडू ने की। मौके पर परियोजना प्रबंधक आलोक कुमार सिंह ने एचआईवी एड्स के बारे में जानकारी। परियोजना निदेशक स्वर्ण लता रंजन ने एचआईवी के मुख्य कारण के ऊपर प्रकाश डाला। एसटीआई काउंसलर तनुजा सिन्हा ने महिलाओं से संबंधित रोगों की जानकारी दी। सदर हॉस्पिटल के एआरटी डॉ स्नेहा ने बताया कि एचआईवी वायरस इफेक्ट होने से यह सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है कि वह मरीज एड्स पीड़ित है जब तक कि वह किसी बीमारी की चपेट में नहीं आता है। इसलिए हम जो एचआईवी पीड़ित व्यक्ति हैं उन्हें पीएलएचआईवी कहते हैं। काउंसलर चंदन प्रभाकर ने एचआईवी संक्रमित आंकड़ों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान कृष्णा मोहन शाही, उदय प्रसाद, अमित कुमार, ममता कुमारी, विकास तिवारी, राजिया नियाजी आदि मौजूद थे।

### प्रभारी सीओ ने अवैध बालू लोड एक ट्रैक्टर किया जब्त

**पत्थलगड़ा।** उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा वीसी में दिए गए निर्देशानुसार बीडीओ सह प्रभारी सीओ मोनी कुमारी व थाना प्रभारी सचिन कुमार दास ने पत्थलगाड़ा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेलहर गांव से अवैध बालू लोड ट्रैक्टर जब्त किया है। उक्त कार्रवाई शुक्रवार को प्रभारी सीओ को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सीओ को सूचना मिली थी कि अवैध बालू लोड एक ट्रैक्टर बिक्री के लिए बाहर जा रही है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सीओ एवं थाना प्रभारी दल बल के साथ बेलहर पहुंकर्ल एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त कर लिया। ट्रैक्टर को बीडीओ सह सीओ मोनी कुमारी की उपस्थिति में थाना लाकर ट्रैक्टर व मालिक पर मामला दर्ज किया गया है। बीडीओ ने बताया कि पुलिस बल को देखकर चालक गाड़ी छोड़ कर भाग गया। आगे कहा कि रोक लगाने के बावजूद बालू तस्करों द्वारा लगातार बालू की ढुलाई की जा रही है।

### केतार प्रखंड में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम से मायूस लौटे कई ग्रामीण

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के पाचाडुमर पंचायत सचिवालय के प्रांगण में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जेएसएलपीएस के द्वारा महिला समूहों को 13 लख रुपये का चेक दिया गया। साथ ही आठ बुजुर्गो की ऑन द स्पॉट पेंशन स्वीकृत की गई। बिरसा सिंचाई संवर्धन योजना के तहत पांच लाभुकों को सिंचाई कूप स्वीकृति का प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान बारिश होने के बावजूद लोगों के बीच आवेदन जमा करने की होड़ लग गई। इसके कारण परिसर में काफी अव्यवस्था की स्थिति बन गयी। कार्यक्रम में वन विभाग एवं बैंक के अधिकारी गायब रहे। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने कहा कि अनुपस्थित रहने वाले विभाग के कर्मियों के विरुद्ध जिला को पत्राचार किया जायेगा। वहीं कार्यक्रम से गांव जा रहे ग्रामीण राजबली उरांव, राजों कुंवर, पानपत्ति देवी, लगता देवी, उर्मिला देवी, विजय राम आदि ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में हर बार पेंशन के लिए दिन भर लाइन में लगकर आवेदन देते हैं परंतु पेंशन स्वीकृत नहीं हो रही है।

### 22 पड़हा शक्ति खूंटा संगा पड़हा जतरा महोत्सव का आयोजन

# लोक गीतों पर झूमने लगे लोग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जिले के पिस्का नगड़ी प्रखंड के चेटे गांव में ऐतिहासिक 22 पड़हा शक्ति खूंटा संगा पड़हा जतरा महोत्सव-2023 का आयोजन किया गया। मौके पर 50 मौजा से सैकड़ों खोड़हा अपने आदिवासी पोशाक और रीति-रिवाज के साथ समारोह स्थल पर पहुंचे। सभी आदिवासी लोगों ने इस मौके पर विधि-विधान से शक्ति खूंटा की पूजा-अर्चना की।
**संस्कृति की पहचान जतरा:** महोत्सव सह समिति के मुख्य संरक्षक और आदिवासी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अजय कच्छप के नेतृत्व में अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर जतरा का उद्घाटन किया। महोत्सव सह जतरा स्थल पर उपस्थित सैकड़ों ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्य संरक्षक सह आदिवासी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अजय कच्छप ने कहा कि जतरा हमारी संस्कृति की पहचान है। हम युवाओं को अपने



सांस्कृतिक जीवन को बचाना है और आदिवासी समाज को शिक्षा के माध्यम से विकास के पथ पर ले जाना है।
**समूहों को किया गया सम्मानित:** मौके पर महोत्सव में झारखंडी आधुनिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के लोकप्रिय आधुनिक गायकों ने कई लोक गीत गाए। गीत सुन महोत्सव में मौजूद हजारों दर्शक नाचने लगे। पूर्वा जतरा स्थल पर पहुंचे सभी खोड़हा समूहों को कला-सांस्कृतिक, नृत्य-गीत, गीत गोविंद और पारंपरिक प्रस्तुति में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खोड़हा समूहों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर झारखंड आंदोलनकारी अशोक लोहरा और बिरसा लोहरा, केंद्रीय सरना समिति के उपाध्यक्ष मनु तिग्गा, पूर्व अध्यक्ष विजय कच्छप, उपाध्यक्ष रवींद्र तिर्की, महासचिव सुमन लोहरा, सचिव गणेश मिर्धा, सुखदास मुंडा, चमन तिर्की, मंगल मुंडा, सुनील मुंडा, महादेव उरांव, संजय लोहरा, मदन लोहरा (पूर्व सैनिक), रवि लोहरा, विजय लिंडा और अन्य शामिल हुए।

### भाजपा नेता रौशन पाठक झामुमो में शामिल

**गढ़वा।** रंका निवासी सह भाजपा नेता प्रकाशचंद्र पाठक उर्फ रौशन पाठक ने अपने समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर की मौजूदगी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष पाठक झामुमो में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री ने माला पहना कर उन्हें पार्टी में शामिल किया।
गुरुवार को पलामू में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष उन्होंने झामुमो का दामन थाम लिया। इसकी गढ़वा में काफी चर्चा है। रौशन पाठक ने पूर्व विधायक के शुरुआती चुनाव से ही साथ मिलकर काम किया था। झामुमो में शामिल होने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पाठक ने कहा कि वे गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं। आम लोगों को योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए वे लगातार प्रयास करेंगे।

### जिले के ऐतिहासिक गांधी मैदान में चल रहे

## सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। जामताड़ा**
शहर में भव्य मंगल कलश शोभा यात्रा के साथ हुआ। सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर प्रसिद्ध मां चंचल मंदिर से गाजे-बाजे और पूजा-अर्चना के साथ शोभायात्रा निकाली गयी। कलशयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं माथे पर मंगल कलश रखकर जयकारे लगाते हुए चल रही थीं। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे भी भ्रमण कर रहे थे। पुरुष माथे पर भगवत गीता रखकर जुलूस में शामिल हुए। अंत में शोभायात्रा जामताड़ा शहर में घूमने के बाद कथा स्थल पर समाप्त हुई। 7 दिनों तक चलने वाली भागवत कथा में वृंदावन से आये कथावाचक आचार्य अंकित जी महाराज श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण करायेंगे। भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का धार्मिक अनुष्ठान 1 दिसंबर से 7 दिसंबर तक आयोजित है। इसे लेकर भागवत कथा प्रचार समिति की ओर से पूरी तैयारी कर ली गयी है। यह रोजाना दोपहर 3:00 बजे से रात 8:00 बजे तक चलेगी। समिति द्वारा प्रतिदिन प्रसाद वितरण और अंतिम दिन पूणार्हुति के साथ कथा का समापन होगा।

### एसपी ने चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की

# वयोवृद्ध मतदाताओं को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न मुहल्लो में पहुंचकर वयोवृद्ध मतदाताओं से मुलाकात कर स्वास्थ्य की जानकारी लेने के साथ सम्मानित किया।
सबसे पहले एसपी बाजारटांड़ स्थित कुम्हार टोली पहुंचकर 87 वर्षीय फोगनी देवी को गुलाब फूल देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके बाद अंसार नगर में हाजरा खातून व जतराहीबाग में दो वृद्ध महिलाओं को सम्मानित किया। साथ ही फल व मिठाई दी।

## वरिष्ठ मतदाताओं को बीडीओ ने किया सम्मानित

**इटखोरी/पत्थलगड़ा/मयूरहंड(चतरा)।** चुनावों में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को विशेष जागरूकता अभियान चलाकर 80 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ मतदाताओं को सम्मानित किया गया। अभियान के तहत पत्थलगड़ा प्रखंड के दुम्बी निवासी लक्ष्मी नारायण तिवारी 88 वर्ष एवं बरवाडीह निवासी राधा देवी 82 वर्ष, पुरण राणा 82 वर्ष, पूर्व मुखिया बासुदेव तिवारी 84 वर्ष को बीडीओ मोनी कुमारी एवं थाना प्रभारी सचिन कुमार दास द्वारा गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इटखोरी प्रखंड अंतर्गत धनखेरी पंचायत में 80 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को थाना प्रभारी बिनोद कुमार व पुलिस अवर निरीक्षक बंटी यादव ने गुलाब फूल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान अभय सिंह, संतोष राम आदि मौजूद थे। वहीं मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र में थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने वरिष्ठ मतदाताओं को गुलाब फूल देकर सम्मानित किया। इस दौरान मयूरहंड के सबसे वरिष्ठ नागरिक श्रीप्रसाद सिंह ने बताया कि स्वतंत्र भारत के पहले चुनाव से लेकर लगातार मतदान कर रहा हूं। अभियान में रजक, चमन महतो, प्रयाग यादव, बैजू राणा, रामखेलावन सिंह, उपेंद्र सिंह, रामदेव सिंह, सुदर्शन सिंह, कुमरी देवी, दशरथ साव, तेतरी देवी को थाना प्रभारी एवं संबंधित पंचायत के मुखिया, पंसस ने गुलाब फूल भेंट कर सम्मानित किया।

### बीडीओ ने छात्र-छात्राओं को बताया मतदान का महत्व

**खरौंधी।** प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में शुक्रवार को बीडीओ रविंद्र कुमार ने छात्र-छात्राओं के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान 18 वर्ष पूरा कर चुके छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व की जानकारी दी गई। नए मतदाताओं से अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया गया। 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु बीएलओ को निर्देश दिया। साथ ही कक्षा में जाकर बच्चों से पढ़ाई की जानकारी ली। वहीं जीपीएस उमेश कुमार ने 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं से बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने की अपील की। साथ ही वोटर एप, हेल्पलाइन नंबर-1950 आदि के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने वोट का इस्तेमाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, शिक्षक मनोज सिंह, आनंद गुप्ता, मो जमालुद्दीन, आलोक चौबे, बीएलओ पर्यवेक्षक बिनोद पासवान आदि मौजूद थे।

# बिहार की तरह झारखंड में पार्टी को करें मजबूत : मुकेश सहनी

### जिले के डंडा प्रखंड पहुंची निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
बिहार, झारखंड व यूपी में निषाद आरक्षण लाने वालों के साथ निषाद समाज के लोग मजबूती से खड़े रहेंगे। उक्त बातें विकासशील इंसान पार्टी के सुप्रीमो सह बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने शुक्रवार को डंडा प्रखंड की छपरदगा पंचायत में निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि एक रोटी कम खाना है लेकिन अपने बच्चों को शिक्षित बनाने की जरूरत है। अपने हक अधिकार के लिए लड़ाई लड़ने की जरूरत है। झारखंड बिहार के अलग राज्य होने के बाद भी हम एक ही पूर्वज की संतान हैं। यदि जरूरत आधी रात को भी पड़ेगी तो वह खून देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हम निषाद हैं। जो हमारे नाव पर बैठेंगे वहीं दिल्ली में सरकार बनाएंगे।




नाव में बैठने से पहले हमें आरक्षण देने होंगे तभी नाव में बैठने दिया जाएगा। उन्होंने समाज के लोगों को हाथ में गंगाजल देकर सभी को एकजुट होने का संकल्प कराया। उन्होंने कहा कि अपने वोट को कभी नहीं बचेंगे। बिहार में निषाद परिवार काफी बेहतर हैं। इसी तरह बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश के निषाद परिवार एक हो जाएंगे तो दिल्ली में बैठे सरकार को सुनना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अपने ही बेटे को विधायक, सांसद बनाकर भेजें ताकि वह अपने समाज के बारे में सोचेगा। मौके पर झारखंड प्रदेश प्रभारी चंदन सहनी, जिला अध्यक्ष सरोज चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष मनदीप चौधरी, प्रदेश सचिव रमेश चौधरी, उपेंद्र नारायण चौधरी, बच्चन देव चौधरी, रविंदर चौधरी, रमाशंकर चौधरी, डॉ रामकुमार चौधरी आदि उपस्थित थे।

## पर्यावरण की रक्षा हो

**झारखंड** वैसे तो वनों का प्रदेश है। लेकिन इसका सुन्दरता पर हाल के दिनों में ग्रहण लग गया है। प्राकृतिक खूबसूरती इसकी खूबियों में रचा बसा है। देश के झारखंड राज्य में पश्चिम सिंहभूम जिले की पहाड़ियों पर फैला हुआ घना क्षेत्र सारंडा जंगल कभी शिकार के लिए प्रसिद्ध हुआ करता था। जंगलों के इस प्रदेश में आधुनिकता की हवा में जहर घुलता जा रहा है। कारण पेड़ों की कटाई अनवरत जारी है। दूसरी तरफ यह इलाका नक्सलियों के अभयारण्य के रूप में प्रसिद्ध हो चुका है। यही कारण है कि राज्य सरकार इस मामले पर गंभीर है। पिछले दिनों मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से सुधार की दिशा में कुछ अच्छे कदम उठाये गये हैं। पेड़ बचाओ अभियान की शुरूआत हो चुकी है। जमीन पर उसके असर कुछ हद तक दिख भी रहे हैं। सरकार की ओर से पेड़ लगाओ और बिजली बिल में छूट पाओ योजना धरातल पर आंशिक ही सही दिख रहे हैं। राज्य के शहरी क्षेत्रों के लिए शुरू की गई इस योजना के लिए अगले साल आवेदन की मांग की गई है। योजना की मॉनिटरिंग वन विभाग की ओर से की जायेगी। लोग नगर निकायों के दफ्तर में आवेदन कर सकेंगे। यह योजना सिर्फ शहरी क्षेत्रों के लिए है, जिसमें पौधे लगाने वालों को प्रति पेड़ पांच यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। यह लाभ अधिकतम पांच पेड़ के लिए मिलेगा, यानी एक उपभोक्ता पांच पेड़ों के एवज में 25 यूनिट तक की मुफ्त बिजली का लाभ ले सकेगा। इस योजना को सरकार ने पहले ही मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक साल पहले वन महोत्सव के दौरान घोषणा की थी कि शहरी क्षेत्रों में जो लोग अपने आवासीय परिसर में पेड़ लगाएंगे, उन्हें प्रति पेड़ पांच यूनिट बिजली पर सब्सिडी दी जायेगी। सरकार ने इस योजना को वित्तीय वर्ष 2023-24 से लागू करने की स्वीकृति दी है। आवासीय परिसर में पेड़ लगाने पर लाभ यह लाभ निजी आवासीय परिसर में फलदार और बड़े छायादार वृक्ष लगाने पर ही मिलेगा। जब तक कैंपस अथवा घरों के परिसर में पेड़ रहेंगे, उपभोक्ताओं को बिजली बिल में छूट का यह लाभ मिलता रहेगा। इस योजना का उद्देश्य राज्य के शहरी क्षेत्रों में हरियाली को विकसित करना और पर्यावरण को स्वच्छ रखना है। आवासीय परिसरों में लगाये गये पेड़ों की गणना नगर निकाय की जिम्मे है। इसकी सूची वन विभाग को सौंपी जायेगी। वन विभाग पेड़ों की सूची के आधार पर इसकी मॉनिटरिंग करेगी और पेड़ों की लंबाई चौड़ाई मापने के बाद इस योजना के योग्य लाभुकों की सूची बिजली विभाग को सौंपेगा। अभी मुख्यमंत्री सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चल रहा है। मुख्यमंत्री दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को पलामू में हैं। कार्यक्रम के शिविरों में करोड़ो रूपये की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किये गये। लेकिन पर्यावरण की चर्चा नहीं हुई। राज्य के विकास में वनों की रक्षा महत्वपूर्ण है। शायद यह मौका इसके अनुरूप नहीं है। लेकिन इसे प्राथमिकता से लेने की जरूरत है। बहरहाल बिहार सरकार की ओर से भी पौधरोपण, पोखरों और कुओं के निर्माण के लिए जल जीवन हरियाली योजना 2023 शुरू की गई है। इसके तहत चापाकल, कुआं, सरकारी भवनों में बारिश के पानी को स्टोर करने के लिए वाटर हार्वेस्टिंग की जा रही है। इस योजना के तहत राज्य के किसान बिहार सरकार से सब्सिडी प्राप्त कर तालाब भी बनवा रहे हैं। जिनसे उन्हें सिंचाई करने में परेशानी नहीं होगी।

**राज्य के शहरी क्षेत्रों के लिए शुरू की गई इस योजना के लिए अगले साल आवेदन की मांग की गई है। योजना की मॉनिटरिंग वन विभाग की ओर से की जायेगी। लोग नगर निकायों के दफ्तर में आवेदन कर सकेंगे। यह योजना सिर्फ शहरी क्षेत्रों के लिए है, जिसमें पौधे लगाने वालों को प्रति पेड़ पांच यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी।**

## कॉप-28 जलवायु नियंत्रित करने के लिए कमर कसें





ललित गर्ग

**धरती** की पर्यावरण चिंताओं पर विचार और समस्याओं के समाधान के लिए दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) में आयोजित हो रहा संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन-कॉप-28 बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि ग्लोबल वॉर्मिंग का असर हमारे जीवन पर साफ-साफ दिखने लगा है। 2021 में हुए पेरिस समझौते में दुनिया का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस पर ही रोकने की बात की गई थी, इस साल 38 से भी अधिक दिन ऐसे रहे हैं जिनमें तापमान औसत से डेढ़ डिग्री ज्यादा रहा था। इस साल तापमान में वृद्धि, महासागर की गर्मी, अंटार्कटिका की बर्फ का घटना आदि ने ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को चिन्ताजनक स्तर तक पहुंचा दिया है। जिससे समुद्र किनारे बसे अनेक नगरों एवं महानगरों के डूबने का खतरा मंडराने लगा है, बार-बार बाढ़, सूखा एवं भुस्खलन हो रहा है। इसलिए, विकसित देशों को अपना कार्बन उत्सर्जन कम करने और ग्रीन एनर्जी में निवेश करने की आवश्यकता है। पर्यावरण के बिगड़ते मिजाज एवं जलवायु परिवर्तन के घातक परिणामों ने जीवन को जटिल बना दिया है। वैज्ञानिक और पर्यावरणविद चेतावनी दे रहे हैं कि आने वाले दशकों में वैश्विक तापमान और बढ़ेगा इसलिए अगर दुनिया अब भी नहीं सर्तक होगी तो इक्कीसवीं सदी को भयानक आपदाओं से कोई नहीं बचा पायेगा। रोम में सम्पन्न हुए जी-20 सम्मेलन में सभी देश धरती का तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस कम करने पर राजी हुए हैं। इसके अलावा उत्सर्जन को नियंत्रण करने के तथ्य निर्धारित किये गये हैं। जी-20 ने तो शताब्दी के मध्य तक कार्बन न्यूट्रेलिटी तक पहुंचने का वादा भी किया है। कहीं बाढ़, कहीं सूखा तो कहीं बेमौसम बरसात के चलते 2023 को दुनिया भर के मौसम वैज्ञानिक एक ऐसा वर्ष मान रहे हैं, जहां से पृथ्वी का पर्यावरण एक अज्ञात क्षेत्र यानी संकटकालीन परिवेश में प्रवेश कर रहा है। जाहिर है कि कॉप-28 में अब निर्णायक एवं कार्यकारी स्तर पहुंचना होगा, सिर्फ लुभावनी योजनाओं एवं भाषणों से काम नहीं चलने वाला, जैसा कि अभी इसमें शामिल 198 देश और उनके प्रतिनिधि कोरी खानापूर्ति करते आये हैं। कॉप की बैठकें भले ही अच्छे भविष्य की रूपरेखा बनाने के लिए आयोजित होती रही हों, लेकिन एक पेरिस समझौते को छोड़ दें तो अभी तक इसमें समस्या के समाधान के लिये बहुत काम नहीं हो पाया है। सभी प्रतिनिधि देशों को इस विकराल एवं ज्वलंत समस्या से निजात पाने के लिये न केवल कमर कसनी होगी, बल्कि आर्थिक सहयोग भी करना होगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कॉप-28 में भाग लेने दुबई पहुंच गये हैं। उन्होंने ग्लासगो में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय जलवायु सम्मेलन (सीओपी 26) में बढ़ते पर्यावरण संकट में पिछड़े देशों की मदद की वकालत की ताकि गरीब आबादी सुरक्षित जीवन जी सके। मोदी ने अमीर देशों को स्पष्ट संदेश दिया कि धरती को बचाना उनकी प्राथमिकता होनी ही चाहिए, वे अपनी इस जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। दरअसल कार्बन उत्सर्जन घटाने के मुद्दे पर अमीर देशों ने जैसा रुख अपनाया हुआ है, वह इस संकट को गहराने वाला है। जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने भारत ही नहीं पूरी दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। जलवायु संकट से निपटने के लिए अमीर एवं शक्तिशाली देशों की उदासीनता एवं लापरवाह रवैया को लेकर भारत की चिंता गैरवाजिब नहीं है। दुनिया को जलवायु परिवर्तन की चुनौती को गंभीरता से लेना होगा और इसके दुष्प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठाने होंगे। अभी तक अपने स्वार्थ की वजह से दुनिया के कई देश इस दिशा में तेजी से कदम नहीं उठाते, खासतौर पर अमीर देश। दरअसल, नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने के लिए ग्रीन एनर्जी में भारी-भरकम निवेश करना होगा और प्रदूषण फैलाने वाले ईंधनों का इस्तेमाल घटाना होगा। लेकिन इससे कुछ समय के लिए आर्थिक ग्रोथ में कमी आ सकती है। इस वजह से भी एक हिचक कई देशों में दिखती है, जिसके कारण आने वाली पीढ़ियों एवं धरती पर पर्यावरण का भविष्य खराब हो सकता है। भारत में ग्लोबल तापमान के चलते होने वाला विस्थापन अनुमान से कहीं अधिक है। मौसम का मिजाज बदलने के साथ देश के अलग-अलग हिस्सों में प्राथमिक आपदाओं की तीव्रता आई हुई है। भारत में जलवायु परिवर्तन पर इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फार एनवायरमेंट एंड डवलपमेंट की जारी की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि बाढ़-सूखे के चलते फसलों की तबाही और चक्रवातों के कारण मछली पालन में गिरावट आ रही है। देश के भीतर भू-स्खलन से अनेक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। भू-स्खलन उत्तराखंड एवं हिमाचल जैसे दो राज्यों तक सीमित नहीं बल्कि केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, सिक्किम और पश्चिम बंगाल की पहाड़ियों में भी भारी वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन के चलते लोगों की जानें गई हैं, इन प्राकृतिक आपदाओं के शिकार गरीब ही अधिक होते हैं, गरीब लोग प्राथमिक विपदाओं का दंश नहीं झेल पा रहे और अपनी जमीनों से उखड़ रहे हैं। गरीब लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर चुके हैं। विस्थापन लगातार बढ़ रहा है। महानगर और घनी आबादी वाले शहर गंभीर प्रदूषण के शिकार हैं, जहां जीवन जटिल से जटिलतर होता जा रहा है। भारत में नदियों के पानी के बंटवारे को लेकर कई राज्यों की सरकारें आपस में उलझी हैं। किसी और को अपना पानी किसी भी हाल में न देने या किसी और से हर सूरत में पानी छीन लाने के नाम पर चुनाव लड़े और जीते जा रहे हैं। लेकिन नदियों की हालत कैसे सुधरे, उनका पानी कैसे बढ़ाया जाय और उन्हें कचरे का ढेर बनने से कैसे रोका जाय, यह बात राजनीति तो क्या नागरिक समाज के अजेंडे से भी बाहर है। एक आधुनिक कहावत है कि अपने ग्रह के साथ हम ऐसे खिलवाड़ कर रहे हैं, जैसे इसके विकल्प के रूप में कोई और ग्रह हमने बक्से में बंद कर रखा हो- यह बिगड़ जायेगा तो क्या हुआ, उससे खेल लेंगे! अमेरिका की नैशनल इंटेलिजेंस इस्टीमेट रिपोर्ट में भारत को पाकिस्तान और अफगानिस्तान सहित उन 11 देशों में शामिल किया गया है, जो जलवायु परिवर्तन के लिहाज से चिंताजनक श्रेणी में माने गये हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ये ऐसे देश हैं, जो जलवायु परिवर्तन के कारण सामने आने वाली पर्यावरणीय और सामाजिक चुनौतियों से निपटने की क्षमता के लिहाज से खासे कमजोर हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि आने वाले समय में विश्व तापमान की दशा तय करने में चीन और भारत की अहम भूमिका रहने वाली है। आखिर चीन दुनिया का सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक देश है। भारत भले चौथे नंबर पर है, लेकिन चीन के साथ जुड़ इसलिए जाता है क्योंकि इन दोनों ही देशों में उत्सर्जन की मात्रा साल-दर-साल बढ़ रही है।

**सभी प्रतिनिधि देशों को इस विकराल एवं ज्वलंत समस्या से निजात पाने के लिये न केवल कमर कसनी होगी, बल्कि आर्थिक सहयोग भी करना होगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कॉप-28 में भाग लेने दुबई पहुंच गये हैं।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने ऋषि जमदग्नि की कथा*

इस कथा का बहुत ही महत्व है और ज्योतिष की दृष्टि से भी इसका बहुत महत्व है। इसे सद्गुरु शिवानंदमूर्ति ने अपनी उत्कृष्ट पुस्तक, मार्गदर्शकुलु महर्षिलु (संतों को द्रष्टा और मार्गदर्शक के रूप में) अच्छी तरह से समझाया है।

**रेणुका का सिर काटना और उसका जीवित होना:**
समय के साथ, जमदग्नि और रेणुका को पांच पुत्र प्राप्त हुए, रुशुनवंत, सुषेण, वसु, विश्वावसु और राम (परशुराम)। वे अच्छे से बड़े हो रहे थे। रेणुका (उनके सम्मान में एक मंदिर और एक तालाब - रेणुका जी हिमाचल प्रदेश में अंबाला से शिमला के रास्ते पर है और एक सुरम्य स्थान है) उनकी आदत थी कि वे रोजाना नदी पर जाते थे और मिट्टी के बर्तन में पानी लाते थे। एक बार जब बर्तन उसके हाथ से फिसल गया, तो उसने बस कुछ नदी की रेत उठाई और उसे अपने हाथों से एक बर्तन का आकार दिया, और उसकी आध्यात्मिक शक्तियों के कारण उसमें पानी था। (ऐसी ही एक कहानी श्री साईं सच्चरित्र में शिरडी के श्री साईं बाबा के बारे में बताई गई है कि वह वामन तात्या नामक एक शिष्य द्वारा दिये गये कच्चे मिट्टी के बर्तनों का उपयोग करके पौधों को पानी दे रहे थे और प्रत्येक दिन के अंत में बर्तन टूट रहे थे और नये बर्तन लगाये जा रहे थे। एक दिन, जैसा कि भाग्य को मंजूर था, उसने नदी में चित्रराधा नाम के एक गंधर्व राजा को अपनी कई पत्नियों के साथ क्रीड़ा करते देखा। वह खड़ी होकर खेल देख रही थी और यद्यपि सचेतन स्तर पर वह अप्रभावित थी। अवचेतन स्तर पर उसका मानसिक संतुलन गड़बड़ा गया था (एक बार आभा जितनी अधिक शुद्ध होती है, उससे प्रभावित होना उतना ही आसान होता है।

**(क्रमशः)**

## क्लास रुम तक ड्रग्स की दस्तक शिक्षण संस्थायें फिर भी चुप



डॉ. रमेश ठाकुर

**ड्रग्स** तस्करी में छात्रों की गिरफ्तारी ने 'शिक्षा मंदिरों' की विश्वसनीयता पर सीधे सवाल खड़े कर दिये हैं। एनसीआर क्षेत्र के विभिन्न नामी शिक्षण संस्थाओं में फैला 'ड्रग्स का सिंडिकेट खेल, कोई आज का नहीं, बहुत पहले का है। कॉलेजों के भीतर छिटपुट घटनाएं पूर्व में भी बहुतेरी हुई जिसे कॉलेज प्रशासन द्वारा दबाया गया। कई बार क्लास रूम में छात्रों ने नशे में साथी क्लासमेट के साथ खूनी वारदात को भी अंजाम दिया, फिर भी कोई एक्शन नहीं लिया गया। इस पूरे खेल की जानकारियां शिक्षा संस्थाओं के टॉप मैनेजमेंट को बहुत पहले से थी। लेकिन, बदनामी का डर कहें, या शिक्षा की दुकानें बंद होने भय? इन दोनों के डर के चलते सच्चाई पर पर्दा डाला जाता रहा। स्थानीय पुलिस-प्रशासन के बड़े ओहदेदार अफसर इस बात को स्वीकारते हैं कि उन्हें पूरे तंत्र की जानकारियां मौखिक रूप से तो थी, लेकिन, ठोस सबूत और मुकम्मल सूचनाएं नहीं होने से कार्रवाई से वंचित थे। पर, बीते सोमवार यानी 27 नवंबर का दिन शायद मुकर्रर था जिसके बाद पूरा तंत्र एक्सपोज हुआ। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कई ड्रग्स तस्करों के एक साथ नोएडा में दबोचा। लेकिन ये कार्रवाई अचंभित करने वाली रही। पुलिस भी दंग रह गई, जो तस्कर दबोचे गये इनमें ज्यादातर नोएडा के नामी शिक्षण संस्थानों के छात्र हैं। पूछताछ हुई तो प्रशासन के होथ ही उड़ गये। आरोपी छात्रों ने कबूला कि वो एक नहीं, बल्कि नोएडा के तकरीबन सभी प्रसिद्ध कॉलेजों में ड्रग्स की सप्लाई सालों से करते आये हैं। इस खेल में छात्र ही नहीं, हर क्षेत्र के लोग संलिप्त बताये जाते हैं। छात्र ड्रग्स की सप्लाई स्नैपचैट, टेलीग्राम, व्हाट्स ऐप व छोटा पार्सल के जरिए करते थे। उन्हें नशीला पदार्थ देता कौन था? उपलब्ध कहां से और कौन करवाता था? इसका भी उन्होंने खुलासा करके कइयों को नंगा कर दिया। सफेदपोश से लेकर इस खेल के तार विदेशों तक जुड़े हैं। जो गिरोह फिलहाल पकड़ा गया है उसका मुखिया मियां-बीवी बताये गये हैं। पति नोएडा में ही रहता है और उसकी बीवी विदेश में रहकर समुद्र के जरिये नोएडा में ड्रग्स भिजवाती थी। छात्र इस तंत्र में कैसे फंसे, इसका भी खुलासा हुआ है। दरअसल, ड्रग्स तस्कर अच्छे से जानते हैं कि छात्रों को लालच देकर आसानी से फंसाया जा सकता है। सबसे पहले उन्हें इसका सेवन करवाते थे। फिर ज्यादा कमाने की लालच देते थे। कॉलेजों के अलावा छात्र नोएडा में कई सफेदपोशों, व्यापारियों, अधिकारियों आदि को भी उनकी डिमांड पर ड्रग्स मुहैया करवाते थे। ड्रग सिंडिकेट के इस तंत्र के एक्सपोज होने के बाद पेरेंट्स को होशियार होना होगा? अभिभावक अपने सपनों को सच करने के लिए अपनी कमाई का सारा हिस्सा पेट काटकर अपने बच्चों को नामी शिक्षण संस्थाओं में भेजते हैं। लेकिन उन्हें क्या पता, उनका बच्चा वहां पढ़ाई करता है या फिर कुछ और? नशा एक ऐसा चस्का है जो एक बार चख ले, फिर आसानी से नहीं छोड़ता। प्रत्यक्ष रूप से शिक्षण संस्थाओं को दोष इसलिए नहीं दे सकते, क्योंकि उन्हें तो शिक्षा के नाम से व्यापार करना होता है? उनके यहां आपका बच्चा नहीं पढ़ेगा, तो किसी दूसरे का पढ़ेगा? यहां जरूरी ये हो जाता है कि शिक्षण संस्थाओं के अलावा अभिभावकों को भी अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ बाकी अन्य गतिविधियों पर बराबर नजर बनाये रखनी की आवश्यकता है। कुछ प्वाइंटों पर अभिभावकों को सतर्क होना पड़ेगा। जैसे, अगर बच्चों के हाथों में महंगे फोन्स, मार्डन इलेक्ट्रानिक्स गैजेट्स, पार्टी-फंक्शन में जाने वाले महंगे से महंगे कपड़े जब देखें, तो तरंत सावधान हो जाएं और बिना देर किये उनसे सवाल करके पूछना चाहिए कि ये सब कहां से आये? नामी शिक्षण संस्थाएं बेशक छात्रों को अपने यहां सभी सुविधाएं उपलब्ध क्यों न करवाते हो? बावजूद इसके अभिभावकों को समय निकालकर बच्चों के हॉस्टल जाकर उनकी तमाम गतिविधियों और सामानों की निगरानी करनी चाहिए।


**कॉलेजों के भीतर छिटपुट घटनाएं पूर्व में भी बहुतेरी हुई जिसे कॉलेज प्रशासन द्वारा दबाया गया। कई बार क्लास रूम में छात्रों ने नशे में साथी क्लासमेट के साथ खूनी वारदात को भी अंजाम दिया।**

**शिक्षा**

### फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




## पाकिस्तान परस्तों के साथ महबूबा का प्रेम तो देखो



आर.के.सिन्हा

**अहसान** फरामोशी के मामले में जम्मू-कश्मीर के कुछ लोगों का कोई जवाब नहीं है। उनकी बार-बार भारत के प्रति घृणा सामने आती ही रहती है। यह तो तब है जब भारत सरकार जम्मू-कश्मीर राज्य के लिए तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। अब ताजा मामले को ही देख लें। राज्य के गांदरबेल में मौजूद 'शेर-ए-कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी' के सात छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। इन कश्मीरी छात्रों पर आरोप है कि इन्होंने विगत 19 नवंबर को क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों भारत की हार के बाद जमकर जश्न मनाया और पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये गये। छात्रों के ऊपर 'गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम' यानी यूएपीए के तहत केस दर्ज किया गया है। उन्हें अब दिन में तारे नजर आने लगेंगे। यूएपीए के तहत गिरफ्तार किये लोगों के लिए जमानत मिलना भी मुश्किल होता है। अगर किसी के ऊपर इस धारा के तहत मुकदमा दर्ज हो जाता है, तो उसके लिए निचली अदालतों से जमानत लेना बेहद कठिन होता है। इन छात्रों की हरकत के बारे में एक गैर-कश्मीरी छात्र ने शिकायत दर्ज करवाई थी। उसने कहा था कि जब ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया, तब उनकी यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में कश्मीरी छात्रों ने खुलेआम जश्न मनाया। इसकी वजह से वह और उसके बाकी साथी डर गये। डरे और सहमे छात्रों ने हॉस्टल में फोड़े जा रहे पटाखों को लेकर भी आपत्ति जताई। मगर कश्मीरी छात्र जश्न मनाते रहे। शिकायत के बाद पुलिस ने इन सातों कश्मीरी छात्रों को उनके हॉस्टल से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किये गये छात्रों की पहचान तौकीर भट, मोहसिन फारूक वानी, आसिफ गुलजार वार, उमर नजीर डार, सैयद खालिद बुखारी, समीर राशिद मीर और उबैद अहमद के रूप में हुई है। गिरफ्तार कश्मीरी छात्र 'जीवे जीवे पाकिस्तान' (पाकिस्तान जिंदाबाद) के नारे लगा रहे थे। हालांकि कश्मीर में यह कोई पहली बार तो हो नहीं रहा है। कश्मीर घाटी में पाकिस्तान परस्त समय-समय पर सामने आने ही लगते हैं। हालांकि इनकी संख्या कोई बहुत तो नहीं है, पर यह नहीं कहा जा सकता है कि वहां किसी का भी दिल पाकिस्तान के लिए नहीं धड़कता है। जम्मू-कश्मीर के कुछ वे नेता भी उन पाकिस्तान के चाहने वालों के हक में खड़े हो जाते हैं जो विधायक या सांसद भी रहे हैं। जिन्होंने भारत के संविधान में अपनी आस्था की कसम भी खाई है। पाकिस्तान के हक में नारेबाजी करने वाले छात्रों को गिरफ्तार किया तो पीडीपी की नेता महबूबा मुफ्ती को बहुत तकलीफ शुरू हो गई। उनका पाकिस्तान प्रेम सिर चढ़ कर सामने आ गया। उन्होंने गिरफ्तार छात्रों के लिए तत्काल पैरवी करनी चालू कर दी। वह पहले भी पाकिस्तान के साथ बेशर्मी के साथ खड़ी हुई नजर आती ही रही हैं। याद नहीं आता कि जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने मुंबई हमलों के गुनहगारों को फांसी देने की भी कभी पाकिस्तान सरकार से मांग की हो। यह भी याद नहीं आता कि महबूबा मुफ्ती ने पाकिस्तान के घोर भारत विरोधी नेताओं जैसे शेख राशिद अहमद और फावद चौधरी की बयानबाजी पर कभी आपत्ति जताई हो। यह दोनों भारत पर एटमी हमला तक करने की धमकी देते रहे हैं। तब महबूबा मुफ्ती की जुबां सिल जाती है, जब वहां का कोई नेता भारत पर हमला करने की बातें करता है। जरा सोचिये कि जिस पाकिस्तान को सारी दुनिया आतंक का गढ़ मानती है, उसके प्रति महबूबा मुफ्ती का प्रेम कितना खुलकर सामने आ जाता है। उनकी इस घृष्टता की अनदेखी तो नहीं की जा सकती। क्या महबूबा मुफ्ती को पता नहीं है कि मुंबई हमलों के सारे के सारे हमलावर पाकिस्तानी थे? क्या वह मानती हैं कि अजमल कसाब पाकिस्तानी नहीं था? सारी दुनिया को पता है मुंबई में हमला पाकिस्तान में रहने वाले कठमुल्लों ने ही पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की मदद से ही करवाया था।

**कश्मीर घाटी में पाकिस्तान परस्त समय-समय पर सामने आने ही लगते हैं। हालांकि इनकी संख्या कोई बहुत तो नहीं है, पर यह नहीं कहा जा सकता है कि वहां किसी का भी दिल पाकिस्तान के लिए नहीं धड़कता है।**

**देश- विदेश**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### कंपनी निदेशक से मांगी 50 लाख की रंगदारी

**साहिबाबाद।** चिकंबरपुर स्थित एक कंपनी के निदेशक हर्षवर्धन आर्य को 50 लाख रुपये रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने और कंपनी पर कब्जा करने की धमकी मिली है। साहिबाबाद कोतवाली पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निदेशक ने पुलिस को बताया कि दो लोगों ने उनकी कंपनी की संपत्ति के फर्जी कागजात तैयार करके उस पर अवैध कब्जा करने की धमकी दी है। इसकी एवज में 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। आरोप है कि धमकी देने वाले भूमाफिया हैं। दोनों आरोपी अपने छह अन्य साथियों के साथ आए और पीड़ित को रंगदारी नहीं देने पर कंपनी बर्बाद करने की धमकी दी। विरोध पर जान से मारने की धमकी दी है। एसीपी रजनीश उपाध्याय का कहना है कि मामले की जांच कर नामजद लोगों पर कार्रवाई की जाएगी।

यूपी सरकार ने कहा जनगणना करना केंद्र का काम

# जातीय जनगणना के सवाल पर यूपी विस में सपा विधायकों ने किया हंगामा



**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार ने जातिगत जनगणना पर पहली बार प्रतिक्रिया दी है। समाजवादी पार्टी के विधायक डॉक्टर संग्राम यादव के सवाल के जवाब में राज्य के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जवाब दिया। कहा ये केंद्र का काम है। विस सत्र के पहले दिन से ही सपा, उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत सभी विधायक और नेता जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने यहां तक कहा था कि जातीय जनगणना के बगैर समाजिक न्याय नहीं हो सकता है।2024 के चुनाव में भी जातीय जनगणना मुद्दा रहेगा। अब जबकि यूपी सरकार ने विधानसभा में जवाब दे दिया तो ऐसे में इस मुद्दे पर फिर से बीजेपी और सपा में ठन सकती है। विधानसभा सत्र के तीसरे दिन, गुरुवार को सपा ने योगी सरकार से सवाल किया कि क्या वह राज्य में जातिवार जनगणना कराने पर विचार करेगी? इस पर सरकार की ओर से कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही वे जवाब दिया। जवाब से असंतुष्ट सपा विधायक, सदन की कार्यवाही बीच में छोड़कर चले गए।

**मंत्री शाही ने कहा कि बिहार में जातीय जनगणना नहीं हुई :** दरअसल, शाही ने कहा कि बिहार में जातीय जनगणना नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा की संविधान में आस्था नहीं है। जनगणना का विषय केंद्र सरकार के अधीन है। बीजेपी नेता ने कहा कि भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के संघ सूची में जनगणना 69वें नंबर पर है। राज्य सरकार के मंत्री ने कहा कि जनगणना के लिए केंद्र ने सेंसस एक्ट 1948 और सेंसस रूल्स 1990 बनाया है। इसके तहत जनगणना का काम केंद्र करती है। राज्य सरकार, केंद्र के अधिकार में अतिक्रमण नहीं करेगी। इसी संदर्भ में जब संसदीय कार्य मंत्री और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि जनगणना का काम केंद्र का है तो इस पर सपा विधायकों ने हंगामा किया और कार्यवाही छोड़कर बाहर चले गए।

### सीसीएसयू में दो गुटों के बीच फायरिंग, छात्र नेता को लगी गोली

**मेरठ।** सीसीएसयू में शुक्रवार को छात्रों को दो गुटों में फायरिंग हो गई। बताया गया कि कुलसचिव कार्यालय के नीचे छात्रों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। वहीं, देखते ही देखते फायरिंग शुरू हो गई। इस दौरान एक गुट के एक छात्र को गोली लग गई। इससे सीसीएसयू में हड़कंप मच गया।उधर, घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। इसके बाद सीओ भी मौके पर पहुंचे और पुलिस से मामले की पूरी जानकारी ली।

बताया गया कि दोनों गुटों के बीच कई दिनों से विवाद चल रहा था। वहीं, शुक्रवार को दोनों गुटों के छात्र आपस में भिड़ गए। इस दौरान एक पक्ष की ओर से एक छात्र ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद दूसरे पक्ष के छात्रों ने फायरिंग करने वाले छात्र को दबोच लिया। इसी बीच फायरिंग करने वाले छात्र नेता की जांघ में गोली लग गई। बताया गया कि पिस्टल को घटनास्थल से ही बरामद कर लिया गया है।

### पुलिसिया कार्रवाई में छह गिरफ्तार, तीन के पास मिले कोडिनयुक्त कफ सीरप



**सहरसा/मधेपुरा।** पुलिस ने समकालीन अभियान के अलग-अलग मामलों में 6 युवकों को गिरफ्तार किया है। इसमें तीन युवकों को कोडिनयुक्त कफ सीरप के साथ पकड़ा गया। जबकि तीन अन्य को सिंहश्वर थाना में दर्ज विभिन्न कांडों में पकड़ा गया है। एसडीपीओ प्रवेंद्र भारती ने बताया कि एसपी के निर्देश पर उनके नेतृत्व में समकालीन अभियान चलाया गया। इस दौरान गुप्त सूचना पर सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज के पास से सिंहेश्वर थाना के सबैला वार्ड 8 निवासी मनीष कुमार उर्फ सोनू, कुमारखंड थाना के टिकुलिया वार्ड 2 निवासी निसार अहमद और शंकरपुर थाना के मौरा झरकाहा वार्ड 11 निवासी नीरज कुमार को 10 बोतल कोडिनयुक्त कफ सीरप के साथ गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि इसी अभियान के तहत सितंबर में सिंहेश्वर थाना के कटैया में हनुमान मंदिर के पास पक्की सड़क पर सब्जी लदे पिकअप को लूट लेने के मामले में भी एक बदमाश को गिरफ्तार किया गया। इसमें जानकीनगर थाना के नौलखी वार्ड 8 निवासी प्रत्युश कुमार उर्फ आनंद कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावे सिंहेश्वर थाना में दर्ज अलग-अलग मामले में सिंहेश्वर थाना के शांतिवन निवासी संजय चौधरी और सिंहेश्वर थाना के गौरीपुर निवासी दिलखुश मुखियाको गिरफ्तार किया गया।

### नोएडा में डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की पहली वारदात, इंजीनियर युवती से ऐंठ लिए 11 लाख



**नोएडा।** शहर में डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की पहली वारदात हुई है। साइबर जालसाजों ने आईटी इंजीनियर युवती को आठ घंटे तक डराकर-धमकाकर घर में अकेले रहने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान पीड़िता को परिजनों या दोस्तों से बात करने की इजाजत नहीं दी गई। आरोपियों ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी देकर उससे 11.11 लाख रुपये की ठगी कर ली। युवती की शिकायत पर केस दर्ज कर साइबर क्राइम थाने ने मामले की जांच शुरू की। सेक्टर-34 स्थित धवलगिरी अपार्टमेंट निवासी आईटी इंजीनियर सीजा टीए के पास 13 नवंबर को अंजान नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को टेलीकॉम रेगुलेटरी ऑफ इंडिया (ट्राइ) का कर्मचारी बताया। कॉल करने वाले ने कहा कि युवती के आधार कार्ड का इस्तेमाल कर सिम कार्ड खरीदा गया है जिसका प्रयोग मनी लॉन्ड्रिंग में हुआ है। इस दौरान युवती से कई तरह के सवाल पूछे गए। किसी से बात करने की अनुमति नहीं दी गई। जालसाजों ने आठ घंटे बाद खाते में 11.11 लाख रुपये ट्रांसफर कराने के बाद कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया।

### नक्सलियों ने जन अदालत लगा कर उप सरपंच की हत्या की

**कांकेर/रायपुर।** नक्सलियों ने कांकेर क्षेत्र में जमकर उत्पात मचाते हुए पुलिस मुखबिरी के आरोप में जन अदालत लगाकर उप सरपंच की हत्या कर दी। नक्सलियों ने बाकायदा पर्चा जारी कर हत्या की जिम्मेदारी ली है। नक्सलियों का 2 दिसंबर से पीएलजीए सप्ताह शुरू हो रहा है, इसके पहले ही उन्होंने गुरुवार को कांकेर जिला के छोटे बेठिया और बांदे थाना क्षेत्र में जमकर हंगामा किया। नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के आरोप में कंदाड़ी गांव के उप सरपंच रामसू कचलामी की जन अदालत लगाकर हत्या कर दी। साथ ही पीव्ही 62 में मोबाइल टॉवर में आग लगा दी। उन्होंने पक्की सड़क को भी जगह-जगह से काटकर सड़क को उखाड़ दिया। कांकेर पुलिस के अनुसार मामले की जानकारी मिली है और घटना की जांच की जा रही है।

**रामोत्सव :** विदेशों की राम मंडलिया भी देंगी प्रस्तुति

## 100 करोड़ खर्च करेगी यूपी सरकार



**एजेंसी। लखनऊ**

प्रदेश को अगले दो महीने तक पूरी तरह राममय करने की तैयारी शुरू हो गई है। अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य श्रीराम मंदिर के उद्घाटन और रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर संस्कृति विभाग की ओर से प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रमुख सचिव संस्कृति मुकेश मेश्राम के अनुसार इस दौरान रामकथा और रामायण परंपरा पर आधारित प्रवचनों की पूरी शृंखला आगामी दिनों में देखने को मिलेगी। इसमें अवधेशानंद जी महाराज, मोरारी बापू, रामभद्राचार्य, जया किशोरी और देवी चित्रलेखा सहित अन्य प्रख्यात कथावाचक रामकथा के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से जनमानस के मध्य श्रीराम के आदर्शों को स्थापित करेंगे। इसके अलावा भजन संध्या का भी आयोजन होगा, जिसमें अनूप जलोटा, अनुराधा पौडवाल, हरिहरन, शंकर महादेवन, कैलाश खेर, सोनू निगम, ए आर रहमान आदि दिग्गज गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। रामोत्सव के लिए नेपाल, कंबोडिया, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड, इंडोनेशिया आदि की रामलीला मंडलियों को भी आमंत्रित किया गया है। साथ ही महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, कर्नाटक, सिक्किम, केरल, छत्तीसगढ़, जम्मू कश्मीर और लद्दाख की रामलीला मंडलियां भी श्रीराम के जीवन पर आधारित विभिन्न प्रसंगों की प्रस्तुतियां देंगी।

एग्जिट पोल पर राजनीति, कमलनाथ बोले....

# देश विजन से चलता है टेलिविजन से नहीं



**एजेंसी। भोपाल**

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के परिणाम 3 दिसंबर को आएंगे, लेकिन गुरुवार को सामने आए एग्जिट पोल ने कहीं खुशी तो कहीं गम का माहौल बना दिया है। नतीजों से पहले आए इन टेंपरेरी परिणामों पर पॉलिटिक्स शुरू हो गई है। भाजपा इन एग्जिट पोल से खासी उत्साहित नजर आ रही है और एग्जिट पोल में दिखाए जा रहे नतीजों के लिए अपनी योजनाओं, पीएम नरेंद्र मोदी और कार्यकताओं की मेहनत को श्रेय दे रही है, जबकि कांग्रेस एग्जिट पोल को ध्यान भटकाने का षड्यंत्र बता रही है। कांग्रेस का कहना है कि उन्हें इन नंबरों पर विश्वास नहीं। देश विजन से चलता है टेलीविजन से नहीं। कांग्रेस का दावा है कि उनकी सरकार बन रही है। सीएम शिवराज ने कहा कि मैंने पहले ही कहा था मध्यप्रदेश में कोई कांटे की टक्कर नहीं है। भाजपा भारी बहुमत से जीतेगी। प्रधानमंत्री का नेतृत्व, अमित शाह की रणनीति, नड्डा का मार्गदर्शन, कार्यकर्ताओं का परिश्रम और हमारी अनेकों योजनाएं और विकास की वजह से हम जीतेंगे। एग्जिट पोल जनभावनाएं हैं, बीजेपी भारी बहुमतों से जीतेगी। लाडली बहना ने सारे कांटे निकाल दिए, कोई कांटा बचा नहीं, जहां भी प्रचार में जाते थे, बहनों की भारी भीड़ ने हर जगह समर्थन दिया, लाडली बहनों ने चुनाव में चमत्कार किया है। कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को मैं उनका बल याद दिलाना चाहता हूं। आप लोग कांग्रेस की शक्ति हैं और आपकी मेहनत और समर्पण से ही जनता ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन में जमकर वोट डाला है। 3 दिसंबर को जब मतगणना शुरू होगी तो कांग्रेस की सरकार पर जनता की मोहर लग जाएगी। मैंने हमेशा आपसे कहा है कि देश विजन से चलता है, टेलीविजन से नहीं। बहुत से एग्जिट पोल में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती हुई दिखाई दी है जबकि कुछ एग्जिट पोल अन्य तरह की बात कर रहे हैं। आपको इस सबसे अपना ध्यान भटकने नहीं देना है। अर्जुन की तरह आपको निगाहें सिर्फ अपने लक्ष्य पर रखनी है। आपको अपना पूरा ध्यान मतगणना के दिन पर लगाना है और यह सुनिश्चित करना है कि कांग्रेस को मिला एक-एक वोट सही से गिना जाए और प्रदेश में प्रचंड बहुमत से कांग्रेस की सरकार बने।

### एक्जिट पोल के नतीजे डायवर्स : दिग्विजय सिंह

एग्जिट पोल के नतीजे इतने डायवर्स हैं कि उसमें कुछ कह नहीं सकते, इतना मैं कह सकता हूं कि इस चुनाव में मध्यप्रदेश के अंदर 130 सीटों से ज्यादा कांग्रेस पार्टी को मिलेगी। स्पष्ट बहुमत मिलेगा। लोगों में एक भावना थी बदलाव की। और बदलाव का वोट मिलेगा, जनता चुनाव लड़ी है। कांग्रेस का छोटा कार्यकर्ता चुनाव लड़ा है। लोग ऊब चुके हैं, शिवराज सिंह चौहान उनके झूठे वादों से और भारतीय जनता पार्टी के दुष्कर्मों से भारतीय जनता पार्टी के कुशासन से।

### 16 वाहनों में आगजनी करने वाले चार नक्सली गिरफ्तार

**दंतेवाड़।** जिले के भांसी थाना क्षेत्र अंर्तगत डामर प्लांट में खड़े 16 वाहनों में 26 नवंबर को आग लगाने वाले चार नक्सलियों बोटी उर्फ बदरू इच्छाम, लक्ष्मण हपका, मोटू इच्छाम एवं सोनारू मड़काम को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो नक्सलियों बोटी उर्फ बदरू पंचायत मिलिशिया कमांडर है और लक्ष्मण हपका डीएकेएमएस अध्यक्ष है, इन दोनों पर पर एक-एक लाख रुपए का इनाम घोषित है। आज शुक्रवार को भांसी थाना में कार्रवाई उपरांत चारों नक्सलियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल कर दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भांसी में 26 नवंबर को जिन नक्सलियों ने डामर प्लांट में खड़े वाहनों को आग के हवाले किया था, वे सभी नक्सली दंतेवाड़ा-बीजापुर जिले के सरहदी इलाके गहनार, कोंडापाल, हुरेपाल और बेचापाल के जंगल और पहाड़ी इलाके में छिपे हुए हैं। मुखबिर की सूचना पर दंतेवाड़ा डीआरजी, बस्तर फाइटर्स, बीजापुर डीआरजी और यंग प्लाटून सीआरपीएफ 230 बटालियन के साथ भांसी थाने से जवानों को रवाना किया गया था।

# क्या फिर सीएम बनेंगे मामा, एमपी हारे तो क्या होगा शिवराज सिंह का भविष्य?



**एजेंसी। भोपाल**

अलग-अलग एग्जिट पोल के नतीजे मध्यप्रदेश को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा करने वाली है। कुछ एग्जिट पोल में भाजपा को मध्यप्रदेश में क्लीन स्वीप करते हुए दिखाया गया है, तो कुछ एग्जिट पोल में कांग्रेस सरकार बनाती हुई दिखाई पड़ रही है। वहीं, कुछ एग्जिट पोल ऐसे भी हैं, जो मध्यप्रदेश में दोनों पार्टियों के बीच अच्छी टक्कर होने की संभावना भी जता रहे हैं। ऐसे में विधानसभा चुनाव के नतीजे पर कोई साफ तस्वीर न सामने आने से दोनों ही पार्टियां और उनके समर्थक अपने अपने कयास लगा रहे हैं। इसी के साथ यह सवाल अहम हो गया है कि शिवराज सिंह चौहान का राजनीतिक भविष्य क्या होगा? यदि भाजपा मध्यप्रदेश में शानदार जीत हासिल करती है, तो राज्य की कमान कौन संभालेगा? क्या शिवराज सिंह चौहान एक बार फिर मध्यप्रदेश की कमान संभालेंगे? या जिस तरह की बातें कही जा रही थीं, भाजपा आलाकमान मध्यप्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन करेगा और पार्टी की कमान नए हाथों में होगी।

### क्या किसी ओबीसी या दलित को मिलेगी कमान?

बड़ा प्रश्न यह है कि ऐसी स्थिति में राज्य में सरकार की कमान कौन संभालेगा? जिस तरह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने ओबीसी, आदिवासी और दलित समाज की राजनीति को आगे बढ़ाया है, माना जा रहा है कि पार्टी इन्हीं समुदायों में से किसी एक चेहरे को अवसर देगी। यह दांव कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के जातिगत जनगणना और ओबीसी राजनीति को लेकर खेले जा रहे दांव का जवाब भी होगा। राज्य की न्यूनतम 49 फीसदी आबादी वाले पिछड़े समुदाय को भाजपा का कोर समर्थक वर्ग माना जाता है। कहा तो यहां तक जाता है कि पिछले चुनाव में जब अगड़ी जातियां भाजपा से नाराज चल रही थीं, इसी वर्ग ने भाजपा की लाज बचाने का काम किया था। यदि भाजपा ने इन समीकरणों को ध्यान में रखकर नेतृत्व परिवर्तन किया, तो प्रह्लाद सिंह पटेल या नारायण सिंह कुशवाहा जैसे नेताओं की लॉटरी लग सकती है।

### कोलकाता हाई कोर्ट ने बंगाल स्कूल नौकरी घोटाले की जांच में कमी पर नाराजगी जताई

**कोलकाता।** कोलकाता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल स्कूल भर्ती घोटाला मामले में समानांतर जांच में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के बीच समन्वय की कमी पर नाराजगी व्यक्त की। न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने अपने पहले के निर्देश की भी याद दिलाई जिसमें दोनों केंद्रीय एजेंसियों को एक-दूसरे से परामर्श करने के बाद संबंधित आरोप पत्र तैयार करने के लिए कहा गया था। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने यह भी कहा कि समन्वय की कमी के कारण मामले के सभी आरोपियों के नाम आरोप पत्र में नहीं थे। अदालत ने यह भी कहा कि वह नहीं चाहती कि इस मामले की जांच का हश्र सारदा चिट फंड मामले जैसा हो, जहां जांच 10 साल में भी पूरी नहीं हुई है। उन्होंने एजेंसियों को तुरंत आपस में समन्वय बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने दोनों एजेंसियों को 21 दिसंबर को मामले की अगली सुनवाई के दिन समन्वय के अपडेट के बारे में उनकी पीठ को सूचित करने का भी निर्देश दिया।

एमबीए पास किसान ने किया कमाल

# बेगूसराय में उपजा दिया ताइवान पिंक अमरूद



**एजेंसी। बेगूसराय**

बिहार की औद्योगिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक राजधानी बेगूसराय अब कृषि के क्षेत्र में भी प्रगति के पथ पर अग्रसर है। यहां के प्रगतिशील किसान नई-नई तकनीक के माध्यम से ऐसी खेती कर रहे हैं जो कि आज तक देश के प्रगतिशील राज्य और विदेशों में ही होती थी। बेगूसराय के किसान ताइवान पिंक अमरूद की खेती कर धमाल मचा रहे है। एमबीए उत्तीर्ण मंझौल निवासी विश्वजीत सिंह शहर से पांच किलोमीटर दूर भर्रा गांव में दो एकड़ जमीन पर एक हजार ताइवान पिंक अमरूद का पौधा लगाया था। जिसमें 960 पौधा जीवित रहकर फल दे रहा है। विश्वजीत सिंह एमबीए करके दिल्ली में अपनी कंपनी चला रहे थे। इसी दौरान विश्वजीत लगा घर जाकर परिवार के साथ रहकर अपनी जमीन पर नई तकनीक के साथ खेती एवं व्यवसाय करें। उन्होंने अमरुद के संबंध में जानकारी लेकर देश दुनिया के सबसे अच्छे बीड ताइवान पिंक अमरूद का वृक्ष मध्यप्रदेश रतलाम से मंगवा कर लगाया। जिसमें 960 वृक्ष जीवित बच गया तथा फल रहा है। अमरूद के फल का वजन तीन सौ से सात सौ ग्राम का हो रहा है। वृक्ष लगाने के 13 माह के बाद फल देना शुरू हो गया। दो एकड़ में लागत करीब डेढ़ लाख से पौने दो लाख रुपये की हुई है और लागत दुगनी कमाई होनी तय है। प्रत्येक दिन दो सौ किलो अमरूद बाजार में जा रहा है। बाजार में यह अमरूद में 120 रुपये किलो बिकता है। सबसे बड़ी बात है कि यहां अमरूद की खेती रासायनिक खाद और दवाई से दूर रखकर किया गया है। खेती पूर्ण रुपेण जैविक तरीके से गोबर से किया जा रहा है। इसके कारण छोटे फल देने के साथ ही उसपर गोभा फुड नेट कवर लगाया जाता है। फिर उसके उपर से सिलकोन कवर लगाया जाता है, जिससे फल शत-प्रतिशत सुरक्षित रहे। सिंचाई के लिए डीप एरीग्रेशन की व्यवस्था है, दस मिनट में सभी पौधे की जड़ में पानी पहुंच जाता है और पानी की बबार्दी नहीं होती है। विश्वजीत के भाई रौशन सिंह ने बताया कि यह अमरूद काफी मीठा है। केवाल मिट्टी के कारण इसकी उपज भी अच्छी होगी।

**गंभीर स्थिति** विश्व एड्स दिवस को लेकर कई जगह कार्यक्रम आयोजित

# बेगूसराय में चल रहा है 6228 एड्स मरीजों का इलाज




**एजेंसी। बेगूसराय**

विश्व एड्स दिवस पर शुक्रवार को कई जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय के सदर अस्पताल में आयोजित किया गया। जहां कि जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. गोपाल मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में चिकित्सकों एवं कर्मियों ने एचआईवी एड्स के संबंध में लोगों को जागरूक करने पर चर्चा की। मौके पर चिकित्सकों ने कहा कि देश में सबसे पहला एड्स मरीज 1986 में डिटेक्ट किया गया और

### पांच प्रखंड रेड जोन घोषित

आज देशभर में 40 लाख से अधिक रोगी हैं। बिहार में सबसे पहले नवादा में मामला 1991 में डिटेक्ट हुआ था। आज हालात यह है कि सिर्फ बेगूसराय में 6228 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। यह काफी चिंताजनक स्थिति है, हम सबको एड्स के संबंध में जागरूकता के लिए काम करना होगा। बताया गया कि बेगूसराय में एड्स के इतने मरीजों की संख्या बहुत ही खराब हालत का संकेत है। स्थिति यह है कि जिले की सभी गांव में एड्स के रोगी हैं। जिसमें बेगूसराय सदर प्रखंड, बलिया, साहेबपुर कमाल, बरौनी एवं तेघरा प्रखंड रेड जोन में है। इस पांचों रेड जोन में लगातार कैंप किए जा रहे हैं। बीते दिनों संपन्न सिमरिया कल्पवास मेला में भी 32 सौ लोगों का चेकअप किया गया। सदर अस्पताल में ना सिर्फ एड्स की जांच होती है, बल्कि दवा भी दिया जाता है। पहले विभिन्न राज्यों से आने वाले प्रवासी एड्स के वाहक होते थे, लेकिन आज स्थिति बदल गई है। शहर के कई नामचीन लोग रात के अंधेरे में छुपकर सदर अस्पताल दवा लेने आ रहे हैं, अपना इलाज करवा रहे हैं। एड्स कोई छुआछूत की बीमारी नहीं है, बल्कि परिवार और समाज में इस मुद्दे पर खुलकर बात करनी होगी।

### अभियान के तहत लोगों में जागरूकता लाना जरूरी

यह खतरनाक बमारी को देखते हुए शहर-शहर और गांव-गांव अभियान चलाकर लोगों को इसके प्रति जागरूक करना जरूरी है। ताकि लोग इस बीमारी के संबंध में पूरी तरह से जानकारी रख सकें। तभी विश्व एड्स दिवस की सार्थकता सफल हो सकेगी। सभी लोगों को जागरूक करना जरूरी है, चाहे वह शहर हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र। आज से आठ-दस साल पहले एड्स के नाम से लोग डरते थे। लेकिन यह डर घट रहा है, सरकारी स्तर पर सभी जगह पर जांच हो रहा है, इलाज हो रहा है। अब अन्य गंभीर बीमारियों की तरह इसका इलाज भी लगातार जारी रखकर आजीवन ठीक रहा जा सकता है। जागरूकता के कारण पॉजिटिविटी घट रही है, लेकिन अभी बहुत काम करना बाकी है। इसलिए सभी चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी इसकी खुलकर चर्चा करें तथा आम लोगों को जागरूक करें।

### अयोध्या से पूजित अक्षत छत्तीसगढ़ के 34 जिलों में किया गया वितरित

**रायपुर।** श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को अयोध्या से पूजित अक्षत छत्तीसगढ़ के सभी 34 जिलों में वितरित किया गया। छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में अयोध्या से पूजित अक्षत कलश का भव्य स्वागत होगा। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री घनश्याम चौधरी ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि छत्तीसगढ़ के 19 हजार 700 से अधिक गांव में संपर्क कर कार्यक्रम करने का लक्ष्य रखा गया है। पूरे छत्तीसगढ़ में 1 से 15 जनवरी तक घर घर संपर्क अभियान चलाया जायेगा। छत्तीसगढ़ में 35 लाख परिवार तक संपर्क किया जाएगा। सभी को पूजित अक्षत प्रदान किया जाएगा व राम मंदिर का निमंत्रण व राम मंदिर अयोध्या का लेमिनेटेड चित्र दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ का पूरा हिंदू समाज 22 जनवरी को पूर्वाहन 11 से अपरान्ह 1 बजे तक अपने ग्राम, नगर, मोहल्ला, कॉलोनी में स्थित किसी भी मंदिर में सभी रामभक्त को एकत्र होकर भजन कीर्तन करेंगे।

महाकाल लोक का चित्र भारतीय मुद्रा पर होगा प्रकाशित

## आरबीआई के पास पहुंचा प्रस्ताव



**एजेंसी। उज्जैन**

उज्जैन के साहित्यकार संतोष सुपेकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को महालोक के चित्र को भारतीय मुद्रा पर प्रकाशित करने के लिए एक पत्र लिखा है। इस पत्र के बाद वित्त मंत्रालय ने रिजर्व बैंक को महालोक को भारतीय मुद्रा पर प्रकाशित करने पर विचार करने के लिए कहा है। धार्मिक नगरी में महाकाल लोक बनने के बाद इसकी ख्याति विश्व भर में हुई है और महाकाल की नगरी को विश्व भर में पहचान भी मिली है। उज्जैन के साहित्यकार संतोष सुपेकर ने प्रधानमंत्री और देश के वित्त मंत्री से महाकाल लोक का चित्र भारतीय मुद्रा पर प्रकाशित करने के लिए एक पत्र लिखा है। उज्जैन के साहित्यकार संतोष सुपेकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को महालोक के चित्र को भारतीय मुद्रा पर प्रकाशित करने के लिए एक पत्र लिखा है। इस पत्र के बाद वित्त मंत्रालय ने रिजर्व बैंक को महालोक को भारतीय मुद्रा पर प्रकाशित करने पर विचार करने के लिए कहा है। यह पत्र उज्जैन के साहित्यकार द्वारा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखे पत्र के जवाब में लिखा गया है। बता दें कि गत वर्ष 11 अक्टूबर को प्रधानमंत्री ने उज्जैन में महालोक का शुभारंभ किया था। इसके बाद वैश्विक स्तर पर इसकी ख्याति पहुंची। देश-विदेश से लोग महालोक को देखने, महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचने लगे। साहित्यकार संतोष सुपेकर ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को महालोक को भारतीय मुद्रा पर प्रकाशित करने के लिए एक पत्र लिखा।

## एक नजर

### फीफा 2030 विश्व कप की दौड़ में शामिल हुए मोरक्को, पुर्तगाल, स्पेन

**जिनेवा।** मोरक्को, पुर्तगाल और स्पेन फीफा 2030 विश्व कप की मेजबानी की रेस में शामिल हो गए हैं। फीफा ने गुरुवार को उक्त जानकारी देते हुए कहा कि उसे इन देशों से बीडिंग एग्रीमेंट प्राप्त हुई है। फीफा ने कहा कि इससे पहले उरुग्वे, अर्जेंटीना और पराग्वे ने भी 2030 विश्व कप मैच के साथ शताब्दी समारोह की मेजबानी करने के लिए बोली लगाने वालों के रूप में पुष्टि की है। फीफा ने कहा कि मेजबान की नियुक्ति फीफा कांग्रेस द्वारा की जाएगी। जनवरी 2024 में फीफा सभी बोलीदाताओं के साथ एक लक्षित बातचीत करेगा और गहन मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद अपनी मूल्यांकन रिपोर्ट प्रकाशित करेगा।

### विश्वामित्र पांडे मेमोरियल बालक-बालिका मलखंभ प्रतियोगिता

**रांची।** वाइड ग्लोब एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड एवं रांची जिला मलखंभ संघ की ओर से आगामी 4 और 5 दिसंबर को झारखंड मलखंभ एकेडमी, बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय सेक्टर 2 धुर्वा रांची में दो दिवसीय रांची जिला स्वर्गीय विश्वामित्र पांडे मेमोरियल बालक बालिका मलखंभ प्रतियोगिता 2023 का आयोजन किया जाएगा । रांची जिले के सैकड़ों बालक बालिका प्रतियोगिता में भाग लेंगे।प्रतियोगिता का उदघाटन वाइड ग्लोब एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक कौशल कुमार पाण्डेय जी करेंगे।यह जानकारी रांची जिला मलखंभ संघ के महासचिव आशुतोष द्विवेदी ने दी।

### एफसी जीत के लिए बेताब, मोहन बागान भी करना चाहेगा वापसी

**भुवनेश्वर।** हैदराबाद एफसी की टीम 2 दिसंबर, 2023, शनिवार को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में मोहन बागान सुपर जाइंट (एमबीएसजी) का सामना करेगी। इस बीच, जुआन फेरांडो की कोचिंग वाली टीम मोहन बागान को एएफसी कप में क्रमशः बसुंधरा किंग्स और ओडिशा एफसी के खिलाफ दो हार का सामना करना पड़ा। ओडिशा के खिलाफ 5-2 से मिली हार ने मोहन बागान जैसी अविश्वसनीय गुणवत्ता वाली टीम पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालाँकि, फेरांडो इस तथ्य से सांत्वना ले सकते हैं कि उनके पास बदलाव लाने के लिए आवश्यक खिलाड़ी हैं, और उनके पास शायद हैदराबाद के खिलाफ ऐसा करने का सही मौका है जिसे इस सीजन में अभी तक सफलता नहीं मिली है। मोहन बागान के मुख्य कोच जुआन फेरांडो ने ओडिशा एफसी के खिलाफ मिली हार को दरकिनार करते हुए प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में हैदराबाद एफसी के खिलाफ मुकाबले पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा, ह्लहम पेशेवर हैं। हमारा तरीका आगे देखना, काम करना और अगले तीन अंक प्राप्त करना है। हम बहुत निराश और परेशान हैं, लेकिन मुझे लगता है कि इस समय हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात हैदराबाद एफसी के खिलाफ अच्छा खेलना और जीत हासिल करना है।

# आईपीएल : मीडिया अधिकारों का मूल्य 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने का अनुमान : अरुण धूमल

**एजेंसी। बेंगलुरु**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के चेयरमैन अरुण धूमल ने संकेत दिया है कि पिछले 15 वर्षों में लीग की सफलता संभावित रूप से अगले दो दशकों में इसके मीडिया अधिकारों का मूल्य 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा देगी। आईपीएल के मीडिया अधिकार 6,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 48000 करोड़ रुपये हो गए हैं और यह टूनार्मेंट दुनिया की सभी खेल लीगों में नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) के बाद दूसरे स्थान पर है। धूमल का मानना है कि लीग की व्यापक लोकप्रियता और सफलता अगले 10 वर्षों में इसके विकास में उत्प्रेरक का काम करेगी। धूमल ने आरसीबी इनोवेशन लैब के लीडर्स मीट इंडिया शिखर सम्मेलन के दौरान कहा,ह्लअगर मुझे यह देखना है कि पिछले 15 वर्षों में यह कैसे हुआ है और अगर मुझे आगे के अनुमानों के अनुसार जाना है, तो हम 2043 के आसपास मीडिया अधिकारों के 50 बिलियन अमरीकी डालर के करीब पहुंचने की उम्मीद कर रहे हैं। आगे बढ़ते हुए, हमें इसे बनाए रखना होगा, नवप्रवर्तन करते रहें, प्रशंसक जुड़ाव के मामले में बेहतर करते रहें और खेलों की गुणवत्ता के मामले में इसे बेहतर बनाते रहें।" शिखर सम्मेलन गुरुवार को संपन्न हुआ। धूमल ने कहा, अब जब क्रिकेट ओलंपिक का हिस्सा बन रहा है और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) इसे महिला क्रिकेट के लिए एक अलग स्तर पर ले जा रही है, तो मुझे सुरंग के अंत में बहुत आशा और रोशनी दिखाई देती है। जिस तरह से यह पिछले 15 वर्षों से हो रहा है, यह और बेहतर होता जा रहा है। भारत को पूरी दुनिया से अलग प्रतिष्ठा दिलाने में आईपीएल की भूमिका का विश्लेषण करते हुए धूमल ने बताया, आईपीएल दुनिया में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली क्रिकेट लीग है। दुनिया भर में हमारे प्रशंसक हैं और जब वे देखने आते हैं, तो उन्हें भारत की विविधता और संस्कृति देखने को मिलती है। वे उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक मैच देखेंगे क्योंकि टीमें पूरे देश में फैली हुई हैं। हम अलग-अलग राज्यों, अलग-अलग संस्कृतियों और बोली जाने वाली अलग-अलग भाषाओं के मामले में एक बहुत ही विविध देश हैं, लेकिन यह एक ऐसा मंच है जिसकी जड़ें इतनी अच्छी हैं कि आप भारत को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने में सक्षम हैं। आईपीएल और इसकी फ्रेंचाइजी के प्रशंसक अंतर्दृष्टि और जुड़ाव के बारे में बात करते हुए, अरुण धूमल ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के व्यापक प्रशंसक आधार की सराहना करते हुए कहा, हम सभी फ्रेंचाइजी के साथ एक टीम के रूप में काम करते हैं, हम सभी भागीदार हैं। हमने हाल ही में आयोजित विश्व कप में देखा है, कि वे (प्रशंसक) टीम इंडिया के लिए थे, लेकिन साथ ही, वे आरसीबी के लिए भी समर्थन कर रहे थे, जो एक अच्छी बात है।

# पाक ने अंडर19 एशिया कप के लिए साद बेग को बनाया कप्तान

**एजेंसी। लाहौर**



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को कहा कि साद बेग दुबई में होने वाले एसीसी अंडर19 एशिया कप 2023 में पाकिस्तान अंडर19 का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। सोहेल तनवीर की अध्यक्षता वाली जूनियर चयन समिति ने 8-17 दिसंबर तक होने वाले आठ टीमों के टूनार्मेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम को अंतिम रूप दिया है। बेग, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला और बांग्लादेश दौरे में पाकिस्तान अंडर19 टीम की कप्तानी की थी, टूनार्मेंट में टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे, जिसे दक्षिण अफ्रीका में 2024 में पुरुष क्रिकेट विश्व कप अंडर19 में भाग लेने वाली एशियाई टीमों के लिए एक बड़ी तैयारी के रूप में देखा जाएगा। पाकिस्तान अंडर19 टीम को ग्रुप ए में अफगानिस्तान, गत चैंपियन भारत और नेपाल के साथ रखा गया है। वे टूनार्मेंट का अपना पहला मैच 8 दिसंबर को नेपाल के खिलाफ खेलेंगे, इसके बाद क्रमशः 10 और 12 दिसंबर को भारत और अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेंगे।

# चौथे टी20 भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

## सीरीज पर कब्जा, भारत के लिए रिंकू सिंह ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए



**एजेंसी। रायपुर**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला भारत ने 20 रन से जीत लिया है। इसके साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 174 रन बनाए। इसके जवाब में कंगारू टीम 154 रन पर सिमट गई और मैच के साथ सीरीज भी हार गई। सीरीज का पांचवां और आखिरी मैच तीन दिसंबर को बंगलूरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। शुक्रवार के मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 174 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम सात विकेट खोकर 154 रन ही बना सकी और 20 रन से मैच हार गई। भारत के लिए सबसे ज्यादा 46 रन रिंकू सिंह ने बनाए। यशस्वी जायसवाल ने 37 और जितेश शर्मा ने 35 रन का योगदान दिया। ऋतुराज गायकवाड़ 32 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के लिए बेन ड्वारिसस ने तीन और तनवीर सांघा-जेसन बेहरनडॉर्फ ने दो-दो विकेट लिए। एरोन हार्डी को एक विकेट मिला। इस मुकाबले में टीम इंडिया आखिरी दो ओवर में सिर्फ 13 रन बना पाई और पांच विकेट गंवा दिए। इसी वजह से भारत का स्कोर 200 रन के करीब नहीं पहुंच सका। ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा नाबाद 36 रन कप्तान मैथ्यू वेड ने बनाए। ट्रेविस हेड ने 31 और मैथ्यू शॉर्ट ने 22 रन का योगदान दिया। बेन मैकडरमॉट और टिम डेविड ने 19-19 रन का योगदान दिया। भारत की जीत में सबसे ज्यादा योगदान स्पिन गेंदबाजों का था। ऑस्ट्रेलिया के शुरूआती चार विकेट भारतीय स्पिनर्स ने ही लिए थे। अक्षर पटेल ने तीन और दीपक चाहर ने दो विकेट लिए। रवि बिश्नोई और आवेश खान को एक-एक विकेट मिला। हालांकि, भारतीय स्पिनर्स ने बेहद कंजूसी के साथ गेंदबाजी की और अक्षर-रवि ने मिलकर आठ ओवर में 33 रन दिए और चार विकेट झटके।

# दीदी नीलम स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार समापन

**एजेंसी। रांची**



गुड़गाई,ओरमाँझी में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतिम दिन चार मैच खेला गया दो सेमीफाइनल फाइनल और बालिकाओं का एक फुटबॉल मैच खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्री अर्चित आनंद,उद्घाटनकर्ता श्रीमती बरखा आनंद, अतिथि के रूप में सरिता देवी, शिव विश्वकर्मा, सोमेन्द्र, राजेश, इन्द्रभूषण, रणधीर सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। विजेताओं को पुरस्कार अर्चित आनंद(मुख्य सलाहकार) शिव शिष्य परिवार एवं बरखा आनंद,अध्यक्ष, शिव शिष्य हरीद्रानन्द(फाउंडेशन) ने संयुक्त रूप से दिया। इस अवसर पर श्री अर्चित ने कहा कि खेल और खिलाड़ी दोनों के विकास के लिए मैं सदैव उपलब्ध हूँ। हर इंसान के अंदर एक खिलाड़ी रहता है जरूरत है उसको जागरूक कर निखारने की। बालिकाओं की टीम को श्री अर्चित ने अपनी तरफ से नगद पुरस्कार देकर उत्साह बढ़ाया।शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान यह प्रतियोगिता आयोजित थी। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई की देखरेख में तीन दिवसीय प्रतियोगिता हुई। ब्रांड जंगल,ओरमांझी का दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 में युवा पावर फुटबॉल क्लब ,गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय मैच का ग्रुप अ का सेमी फाइनल मैच भुमित 11 भेलवाटोली बनाम डायमंड फुटबॉल क्लब रांची के बीच खेला गया जिसमें भूमित 11 भेलवाटोली 2-0 विजय रही एवं ग्रुप इ का ब्राण्ड जंगल ओरमांझी बनाम एफसी गुडू के बीच खेला गया। जिसमें ब्राण्ड जंगल ओरमांझी ट्राई ब्रेकर में 3-2 से विजय हुई। फाइनल मैच के पूर्व ओरमांझी मुखिया दीपक बाड़ईक,पाँचा मुखिया सुफल महली,रामनाथ महतो,ओरमांझी उप मुखिया संतोष गुप्ता ने संयुक्त रुप से मैच का फीता काटकर एवं किक मारकर फाइनल मैच शुभारंभ किया। फाइनल मैच भूमित 11 बेलवा टोली बनाम ब्रांड जंगल ओरमांझी के बीच खेला गया। जिसमें फाइनल मैच ब्रांड जंगल(टीम) ओरमांझी ट्राई ब्रेकर में 3-2 से टूर्नामेंट पर कब्जा किया। विजेता टीम को 31000 नगद ट्रॉफी उपविजेता टीम को 21000 नगद ट्रॉफी तीसरा और चौथा को 5100 नगद एवं फुटबॉल मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द बेस्ट गोलकीपर, सीरीज राइजिंग प्लेयर, बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# सरस्वती विद्या मंदिर की बहनों ने तृतीय पुरस्कार जीता



**एजेंसी। हजारीबाग**

विद्या विकास समिति ,झारखंड द्वारा आयोजित 34वां प्रांतीय खेलकूद समारोह शिशु वर्ग सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बाघमारा ,धनबाद में बीते 28 नवंबर से 30 नवंबर तक संपन्न हुआ । उक्त समारोह में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हारटोली , हजारीबाग की बहनों ने शिशु वर्ग में तृतीय पुरस्कार जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया । बहनों की इस शानदार जीत से विद्यालय के प्राचार्य, दिनेश कुमार मिश्र ने बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। गौरतलब है कि विद्यालय के आचार्य बंधु- भगिनी ने भी विजेता बहनों को शुभकामनाएं दी है ।प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी बहनों ने विद्यालय के आचार्य राकेश कुमार सिंह एवं रणजीत सिंह यादव के दिशा निर्देश में की थी । समारोह में बहने संरक्षक आचार्य रणजीत सिंह यादव, तारकेश्वर राय एवं शेखा कुमारी के नेतृत्व में भाग ली ।

### मुरादाबाद रेल मंडल में इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**मुरादाबाद।** रेलवे स्टेडियम में मुरादाबाद रेल मंडल में इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ शुक्रवार को रेलवे के सीनियर डीएफएम अमित शर्मा ने किया। टूर्नामेंट में मंडल की 13 टीमें हिस्सा ले रही हैं। रेलवे स्टेडियम में उत्साह से शुरू हुए क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला मैच चंदौसी जोनल ट्रेनिंग कॉलेज और लेखा विभाग की टीमों के बीच शुरू हुआ। पहले खेलते हुए लेखा विभाग की टीम ने निर्धारित बीस ओवरों में सात विकेट खोकर 177 रन बनाए। लेखा की ओर सबसे ज्यादा रवि जिंदल ने 47 और प्रकाश ने 32 रन बनाए। चंदौसी टीम की तरफ से संजीव ने 25 रन देकर तीन खिलाड़ियों को आउट किया। चंदौसी जेटीसी की टीम खेल रही है। समाचार देने तक टीम 15 ओवर में 89 रन बना सकी थीं। रेलवे के खेल सचिव राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि इंटर डिवीजन की 13 टीम में भाग ले रही है। टूर्नामेंट का शुभारंभ स्पोर्ट्स आफिसर्स व सीनियर डीएफएम अमित शर्मा ने किया।

## महिला जूनियर हॉकी विश्व कप 2023

# रोमांचक मुकाबले में जर्मनी ने भारतीय टीम को 4-3 से हराया

**एजेंसी। सैंटियागो**

एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के अपने दूसरे मुकाबले में शुक्रवार को भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को जर्मनी के खिलाफ रोमांचक मैच में 4-3 से हार का सामना करना पड़ा। मैच में भारत के लिए, अन्नू (11'), रोपनी कुमारी (14'), और मुमताज खान (24') ने गोल किए, जबकि जर्मनी के लिए सोफिया श्वाबे (17'), लौरा प्लूथ (21', 36'), और कैरोलिन सेडेल (38') ने गोल किये। भारत ने शुरूआती क्वार्टर में बेहतरीन



खेल दिखाया और जर्मनी की डिफेंस पर दबाव बना दिया। लगातार दबाव के इस दौर में भारतीय टीम को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले और अन्नू (11') ने दूसरे मौके का फायदा उठाते हुए जोरदार शॉट लगाया और आखिरकार अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। एक गोल की बढ़त हासिल करने के बाद, भारत की स्थिति और मजबूत हो गई, जब रोपनी कुमारी (14') ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर पहले क्वार्टर के समापन पर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने बेहतरीन वापसी की और सोफिया श्वाबे (17') ने बेहतरीन फील्ड गोल कर अपनी टीम का खोता खोला। इस गोल के 4 मिनट बाद ही लॉरा प्लुथ (21') ने बेहतरीन गोल कर अपनी टीम को 2-2 की बराबरी दिला दी।

### बीबीएलः सिडनी सिक्सर्स ने नवीद के साथ किया करार

**सिडनी।** बिग बैश लीग (बीबीएल) फ्रेंचाइजी सिडनी सिक्सर्स ने इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाज रेहान अहमद के टूनार्मेंट से हटने के बाद अफगानिस्तान के प्रतिभाशाली लेग स्पिनर इजहारुलहक नवीद के साथ अनुबंध किया है। रेहान का वेस्टइंडीज दौरे के लिए सफेद गेंद के दोनों प्रारूपों में इंग्लिश टीम में चयन हुआ है। नवीद को पिछले साल पहली बार बीबीएल ड्राफ्ट में सिक्सर्स द्वारा अप्रत्याशित रूप से चुना गया था, उन्होंने नौ मैचों में 7.37 की इकॉनमी रेट से नौ विकेट लिए थे। सिक्सर्स के मुख्य कोच ग्रेग शिपर्ड ने कहा कि नवीद ने अनुभवी स्टीव ओकीफ, टेस्ट ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी और उभरते हरफनमौला जोएल डेविस के साथ सिक्सर्स के स्पिन स्टॉक में अंतर पैदा किया।

## उत्साह

## अहमदाबाद में अक्षर रिवर क्रूज पर हुआ भव्य कार्यक्रम

# प्रो कबड्डी लीग के 10वें सीजन की हुई शुरुआत

**एजेंसी। अहमदाबाद**

कई वर्षों से कबड्डी और भारत के लोगों के बीच हमेशा एक मजबूत संबंध रहा है। हालाँकि, 2014 में प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आगमन के बाद से इस खेल को और ज्यादा प्रसिद्धि और लोकप्रियता मिली। मशाल स्पोर्ट्स के संस्थापकों ने भारत में खेल प्रशंसकों के लिए खेल को आकर्षक बनाने के लिए 30-सेकंड रेड, करो या मरो रेड, सुपर रेड और सुपर टैकल जैसे नवीन नियम लागू किए। इसके अलावा, लीग के प्रसारकों ने लाखों प्रशंसकों को आकर्षित करने के लिए खेल को शानदार ढंग से पैक किया। 10 संस्करण पूरे करने की ऐतिहासिक उपलब्धि के शिखर पर, पीकेएल ने शुक्रवार को अहमदाबाद में अक्षर रिवर क्रूज पर भव्य अंदाज में सीजन 10 की शुरूआत की। हेड स्पोर्ट्स लीग, मशाल स्पोर्ट्स और लीग कमिश्नर, प्रो कबड्डी लीग



अनुपम गोस्वामी ने पीकेएल सीजन 9 की विजेता टीम के कप्तान सुनील कुमार (जयपुर पिंक पैंथर्स) और सीजन 10 के शुरूआती मैच के कप्तान पवन सहरावत (तेलुगु टाइटंस) और फजल अत्राचली (गुजरात जायंट्स) के साथ विशेष सीजन का शुभारंभ किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अनुपम गोस्वामी ने कहा, 12 शहरों के कारवां प्रारूप में वापस जाना सीजन 10 के लिए ऐतिहासिक क्षण है। हम कम से कम नौ भौगोलिक क्षेत्रों को फिर से सक्रिय करेंगे, जो 2019 के बाद से अपने क्षेत्र में प्रो कबड्डी लीग नहीं देखी है। 12 शहरों में लीग की मेजबानी करने से लीग को प्रत्येक फ्रेंचाइजी के गृह क्षेत्र में समुदायों के साथ एक मजबूत संबंध बनाने में मदद मिलती है। शनिवार को ट्रांसस्टेडिया के ईकेए एरिना में पीकेएल सीजन 10 के ब्लॉकबस्टर शुरूआती मैच में गुजरात जायंट्स का मुकाबला तेलुगु टाइटंस से होगा। टाइटंस के कप्तान और प्रो कबड्डी लीग के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी - पवन सहरावत ने कहा कि उनकी टीम पहले मैच के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा, मैं मैट पर कदम रखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरे लिए पिछला सीजन चूकना कठिन था। हालाँकि, मैंने आगामी सीजन के लिए बहुत सारी ऊर्जा बचाई है और मैं पहले गेम में फजल का सामना करने के लिए भी उत्सुक हूँ। हमारे खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से सीजन के लिए बहुत अच्छा प्रशिक्षण लिया है। हम गुजरात जायंट्स के खिलाफ अपने पहले मैच के लिए बिल्कुल तैयार हैं। इस बीच, प्रो कबड्डी लीग के सबसे महंगे डिफेंडर और गुजरात जायंट्स के कप्तान फजल अत्राचली ने कहा, मैं प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह दुनिया का सबसे अच्छा कबड्डी टूनार्मेंट है। हम सीजन शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकते। मैं इस साल गुजरात जायंट्स के लिए खेलकर बहुत खुश हूं। हमारे पास बहुत सारी युवा प्रतिभाएं और एक अच्छा कोच है।

### भारत ने 17 पदक पक्के किये, आठ और सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली ।** मौजूदा एशियाई जूनियर चैंपियन निशा (52 किग्रा) और आकांशा (70 किग्रा) ने येरेवन (आर्मेनिया) में आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 के सातवें दिन छह अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ पदक पक्के करने के लिए ठोस प्रदर्शन किया। भारतीय लड़कियों ने एक बार फिर प्रभावी प्रदर्शन किया और सभी पांच मुक्केबाजों ने अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आकांशा (70 किग्रा) ने दिन की शुरूआत आक्रामक अंदाज में की, लेकिन उनकी प्रतिद्वंद्वी उज्बेकिस्तान की कुर्बोनबोएवा रेहोना ने अपने जवाबी हमले से भारतीय मुक्केबाज को परेशान कर दिया। हालाँकि, आकांशा ने अंततः विभाजित निर्णय के आधार पर 4-1 से जीत हासिल की। दूसरी ओर, निशा (52 किग्रा) आयरलैंड की ग्रेस कॉनवे के लिए बहुत मजबूत साबित हुई क्योंकि उन्हें सर्वसम्मति से 5-0 के फैसले से विजेता घोषित किया गया।

# मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे शिव थापा, अमित और सागर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा), अमित पंघाल (51 किग्रा) और सागर (92 किग्रा) ने शिलांग में चल रहे 7वीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। असम का प्रतिनिधित्व करते हुए, पिछले संस्करण के स्वर्ण पदक विजेता शिव ने अपने अनुभव का प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र के हरिवंश तवारी पर 5-0 के सटीक स्कोर के साथ शानदार जीत हासिल की। फाइनल में शिव का सामना एसएससीबी (सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड) के वंशज से होगा। दूसरी ओर, एसएससीबी का प्रतिनिधित्व करने वाले अमित पंघाल आरएसपीबी (रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड) के अंकित के सामने थे। पूरे मुकाबले में कड़ी प्रतिस्पर्धा रही, लेकिन बेहद अनुभवी 28 वर्षीय पंघाल ने खेल के महत्वपूर्ण क्षणों में अपना संयम



बनाए रखा और अपने प्रतिद्वंद्वी को 5-2 के विभाजित निर्णय से हरा दिया। 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता पंघाल का अब फाइनल में चंडीगढ़ के अंशुल पुनिया से मुकाबला होगा। एक अन्य रोमांचक मुकाबले में, आरएसपीबी का प्रतिनिधित्व कर रहे सागर ने सेमीफाइनल मुकाबले में दिल्ली के विशाल कुमार का सामना किया। सागर ने अपने कौशल और शक्तिशाली पंच से मैच पर अपना दबदबा बनाते हुए 5-0 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता का स्वर्ण पदक मैच में पंजाब के जयपाल सिंह से मुकाबला होगा।

## एक नजर

### पीयूष गोयल ने कॉरपोरेट्स से निवेश बढ़ाने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कॉरपोरेट्स से भारत में निवेश बढ़ाने का आग्रह किया, क्योंकि बुनियादी ढांचे के बड़े पैमाने पर विकास से देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ रही है। 'तीसरे भारत ऋण पूंजी बाजार शिखर सम्मेलन 2023 - के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए,वित्तपोषण का प्रतिस्पर्धी स्रोत उन लोगों से निवेश आकर्षित कर रहा है जो अधिक सुरक्षा की तलाश में हैं। शेयर बाजार भी पहली बार 4 ट्रिलियन का आंकड़ा छू रहा है और भारत बड़े अवसरों वाले शीर्ष पांच वैश्विक बाजारों में से एक है। उन्होंने कहा कि भारत की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों का भारी निवेश देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहा है और इसे गति दे रहा है। गोयल ने कॉरपोरेट जगत से भारत में निवेश करने का आग्रह किया, क्योंकि देश दुनिया के एक विश्वसनीय भागीदार और एक जीवंत लोकतंत्र के रूप में बहुत उज्ज्वल भविष्य के शिखर पर खड़ा है।

### जीडीपी अनुमान से उछला निफ्टी, अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सितंबर तिमाही में उम्मीद से ज्यादा तेज आर्थिक वृद्धि और वैश्विक ब्याज दर परिदृश्य को लेकर उम्मीद बढ़ने से निफ्टी शुक्रवार को ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गया। मिड-स्मॉल कैप सेगमेंट में भी भारी बढ़ोतरी हुई। एसएएस ऑनलाइन के संस्थापक और सीईओ श्रेय जैन ने ये बात कही है। निफ्टी 134.75 अंक या 0.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 20,267.90 पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 492.75 अंक या 0.74 प्रतिशत चढ़कर 67,481.19 पर पहुंच गया, जो अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 67,927.23 से सिर्फ 446 अंक दूर है। हालांकि शुक्रवार के आंकड़े और अधिक हो सकते थे, लेकिन रविवार को आने वाले चुनाव परिणामों के कारण निवेशकों ने सावधानी बरती। लेकिन डेटा निफ्टी के लिए संभावित रैली का संकेत देता है। आने वाले सत्रों में 20,600 तक बढ़ने का अनुमान है, जिसमें 20,150 पर मजबूत समर्थन स्तर है।

### बाजार में तेजी से सेंसेक्स 67 हजार के पार

**नई दिल्ली।** नवंबर में निफ्टी में 6 फीसदी का उछाल आया। बाजार की ये गति फिलहाल बरकरार रहने की संभावना है। आने वाले आंकड़े और खबरें सकारात्मक हैं। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने ये बात कही है। बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 67,000 अंक के स्तर को पार करते हुए 457 अंक की छलांग के साथ 67,446 अंक पर कारोबार कर रहा है। एनटीपीसी में 4 फीसदी से ज्यादा की तेजी है। वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 7.6 फीसदी रही, जो उम्मीदों से कहीं अधिक है। विशेष रूप से, विनिर्माण में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि और निर्माण में 13.3 प्रतिशत की वृद्धि प्रभावशाली है। उन्होंने कहा कि इसमें वित्त वर्ष 2024 की जीडीपी वृद्धि दर को 6.8 प्रतिशत से ऊपर पहुंचाने की क्षमता है, जो आरबीआई के 6.5 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है।

# दो हजार रुपये के 97 फीसदी नोट बैंकिंग सिस्टम में लौटे: आरबीआई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि 2 हजार रुपये के करीब 97.26 फीसदी नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं, लेकिन ऐसे 9,760 करोड़ रुपये मूल्य के करेंसी नोट अब भी जनता के पास मौजूद हैं। रिजर्व बैंक ने कहा है कि 2,000 रुपये के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि 19 मई 2023 को कारोबार की समाप्ति पर चलन में रहे 2,000 रुपये के करेंसी नोट का कुल वैल्यू 3.56 लाख करोड़ रुपये था। 30 नवंबर को यह घटकर 9,760 करोड़ रुपये रह गया। इस तरह 19 मई 2023 तक चलन में रहे दो हजार रुपये के कुल नोट में से 97.26 फीसदी नोट अब वापस आ चुके हैं। दो हजार के बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने 19 मई 2023 को 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के बैंक नोट को चलन से वापस लेने का ऐलान किया था। इन नोट को बदलने या बैंक खातों में जमा कराने की समय-सीमा पहले 30 सितंबर थी, जिसें बढ़ाकर 7 अक्टूबर तक की गई थी। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने दो हजार रुपये के करेंसी नोट को बैंक शाखाओं में जमा और विनिमय दोनों सेवाएं सात अक्टूबर के बाद बंद कर दी थी। इसके बाद 8 अक्टूबर से लोगों को आरबीआई के 19 कार्यालयों में मुद्रा का आदान-प्रदान करने या उनके बैंक खातों में जमा करने का विकल्प मुहैया कराया गया था। यह 19 क्षेत्रीय कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में स्थित हैं।



### आईसीआईसीआई सहित कई बैंकों ने एफड़ी पर ब्याज बढ़ाया

**नई दिल्ली।** कोटक महिंद्रा, आईसीआईसीआई और यस बैंक ने हाल ही में फिक्स्ड डिपॉजिट (एफड़ी) पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी की है। अब यस बैंक में एफड़ी पर 7.75% तक का ब्याज मिलेगा। ऐसे में अगर इन बैंकों या किसी अन्य बैंक में एफड़ी कराने का प्लान बना रहे हैं तो आपको इनकी ब्याज दरों के बारे में भी जान लेना चाहिए। हम आपको एसबीआई एफड़ी पोस्ट ऑफिस टाइम डिपॉजिट स्कीम और इन बैंकों की एफड़ी की ब्याज दरों के बारे में बता रहे हैं। ताकि आप अपने हिसाब से सही जगह निवेश करके ज्यादा फायदा कमा सकें। एफड़ी से मिलने वाला ब्याज पूरी तरह से टैक्सेबल होता है।

### मॉडिफाई 'मेक इन इंडिया' को देगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** वैश्विक फिनटेक प्लेटफॉर्म मॉडिफाई ने गुरुवार को भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए एक महत्वाकांक्षी विस्तार रणनीति की घोषणा की, जो देश के एसएमई व्यापार क्षेत्र को बढ़ावा देने की कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। मॉडिफाई 2024 तक देश के भीतर अपने कारोबार में आक्रामक वृद्धि का लक्ष्य रखते हुए अपने भारतीय परिचालन में पर्याप्त वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। यह विस्तार 2019 में भारत में कंपनी के लॉन्च के बाद से पहले से ही प्रभावशाली 1,000 गुना व्यापार वृद्धि के बाद है। मॉडिफाई भारत में अपना परिचालन शुरू करने के बाद से सीमा पार वित्तपोषण में 1.5 अरब डॉलर से अधिक के साथ भारतीय व्यवसायों और उद्यमियों का समर्थन करने में एक उत्प्रेरक रहा है। मॉडिफाई के सीईओ और सह-संस्थापक नेल्सन होल्जनर ने कहा,भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और हमारा विस्तार देश की आर्थिक वृद्धि और आकांक्षाओं के अनुरूप है।

# कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 21 रुपए बढ़े

**प्रमुख शहरों में बिना सब्सिडी वाले गैस सिलेंडर की कीमत**

| शहर | दाम (₹) | शहर | दाम (₹) |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | 903.00 | भोपाल | 908.50 |
| मुंबई | 902.50 | जयपुर | 906.50 |
| कोलकाता | 929.00 | पटना | 1,001.00 |
| चेन्नई | 918.50 | रायपुर | 974.00 |

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आज यानी 1 दिसंबर 2023 से कई छोटे-बड़े बदलाव हुए हैं। आज से भारतीय नागरिकों को मलेशिया में वीजा-फ्री एंट्री मिलेगी। इसके अलावा कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में करीब 20 रुपए का इजाफा किया गया है। फर्जी सिम पर सख्ती के लिए नियमों में भी बदलाव हुआ है।

**1. कॉमर्शियल गैस सिलेंडर महंगा हुआ :** ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 19 किलो वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए हैं। दिल्ली में ये अब 21 रुपए महंगा होकर 1796.50 रुपए का हो गया है, पहले यहां सिलेंडर 1,775 रुपए में मिल रहा था। वहीं 14.2 ङ्क्ष वाले घरेलू गैस सिलेंडरों के दामों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में यह 903 रुपए और भोपाल में 908 रुपए में मिल रहा है।

# सस्ता हो सकता है हवाई सफर, एडीएफ की कीमतों में की कटौती

**एजेंसी। नई दिल्ली**

1 दिसंबर 2023 को एलपीजी पेट्रोल-डीजल और एटीएफ की कीमतों को अपडेट किया गया है। आज भी देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में 21 रुपये का इजाफा हुआ है। दूसरी तरफ एटीएफ की कीमतों में 4.6 फीसदी की कटौती हुई है। चेक करें आपके शहर मे क्या है एटीएफ की कीमत। महीने के पहले दिन एलपीजी, एटीएफ की कीमतों को रिवाइज किया जाता है। आज 1 दिसंबर 2023 को तेल कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों को अपडेट किया है। देश भर में कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 21 रुपये बढ़ गई है। वहीं जेट ईंधन की कीमतों में कटौती हुई है। एटीएफ की कीमत में 4.6 फीसदी की कटौती हुई है। राजधानी दिल्ली में विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमत



1,11,344.92 रुपये प्रति किलोलीटर से घटकर 1,06,155.67 रुपये प्रति किलोलीटर कर दी गई। वहीं, कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में 21 रुपये का इजाफा हुआ है। कमर्शियल सिलेंडर एलपीजी की कीमत 1,775.50 रुपये से बढ़ाकर 19 किलोग्राम प्रति सिलेंडर 1,796.50 रुपये कर दी गई।वहीं, घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। देश में 14.2 किलोग्राम सिलेंडर 903 रुपये है।

**मेट्रो सिटी में एटीएफ की कीमत**

दिल्ली में एटीएफ की कीमत 1,06,155.67 रुपये प्रति किलो लीटर है। कोलकाता में एटीएफ की कीमत 1,44,639.70 रुपये प्रति किलो लीटर है। मुंबई में एटीएफ की कीमत 99,223.44 रुपये प्रति किलो लीटर है। चेन्नई में एटीएफ की कीमत 1,09,966.39 रुपये प्रति किलो लीटर है।एलपीजी और एटीएफ की कीमतों का असर कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में बदलाव का असर रेस्टोरेंट्स,

### भारतीय करेंसी में आई तेजी, 8 पैसा मजबूत हुआ रुपया

**नई दिल्ली।** विदेशी संस्थागत निवेशकों के द्वारा जारी खरीद ने भारतीय करेंसी को बढ़त के साथ खोला है। आज डॉलर के मुकाबले रुपया 8 पैसे बढ़कर 83.29 पर पहुंच गया। गुरुवार को जीडीपी आंकड़ों के बीच ने शेयर बाजार को बढ़ावा दिया है। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमत 84 अमेरिकी डॉलर के स्तर से घटकर 80 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई है। तेल उत्पादक देशों के समूह ओपेक+ ने 2024 के लिए उत्पादन कम करने को लेकर कोई घोषणा नहीं की है। आज अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.29 पर मजबूत खुला और 83.25 के उच्चतम स्तर को छू गया। बाद में इसने ग्रीनबैक के मुकाबले 83.29 पर कारोबार किया, जो पिछले बंद के मुकाबले 8 पैसे की बढ़त दशार्ता है। गुरुवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 5 पैसे गिरकर 83.37 पर बंद हुआ।

# सरकार ने कच्चे तेल पर घटाया विंडफॉल टैक्स, नई दरें लागू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) में बड़ी कटौती की है। घरेलू कच्चे तेल पर 1,300 रुपये प्रति टन विंडफॉल टैक्स की कटौती हुई है। इससे पहले 16 नवंबर को सरकार ने कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स में कटौती की थी। नई दरें शुक्रवार से लागू हो गई हैं। सरकार के मुताबिक देश में उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स को 6,300 रुपये प्रति टन से घटाकर 5,000 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। इससे पहले 16 नवंबर को कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 9800 रुपये प्रति टन से घटाकर 6300 रुपये प्रति टन किया गया था। अप्रत्याशित और औसत से अधिक लाभ कमाने वाली कंपनियों पर लगाए जाने वाले टैक्स को विंडफॉल टैक्स कहा जाता है। इस टैक्स को लगाकर सरकार प्रॉफिट का कुछ हिस्सा



अपने पास रखती है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड की ओर से इसे लागू किया जाता है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने जुलाई 2022 में विंडफॉल टैक्स लागू किया था। सरकार अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के दाम के आधार पर हर पखवाड़े कच्चे तेल के निर्यात पर टैक्स दर की समीक्षा करती है, जिसके आधार पर इसमें बदलाव किया जाता है।

### मोजे तेजी से कर रहा विस्तार, मुंबई एयरपोर्ट पर खोला 18वां स्टोर

**नई दिल्ली।** भारत के मोजे बाजार में का नाम काफी प्रसिद्ध है। आज ने मुंबई एयरपोर्ट पर अपना 18वां स्टोर खोल दिया है। यह स्टोर छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के अंतर्राष्ट्रीय प्रस्थान टर्मिनल 2 पर खोला गया है। इस स्टोर से के प्रसिद्धी के बारे में दशार्ता है।मील के पत्थर के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया। यह बेहद उत्साह और गर्व के साथ है कि हम सीएसएमआईए के अंतर्राष्ट्रीय प्रस्थान में अपने नए स्टोर का अनावरण कर रहे हैं। निरंतर विकास कर रहा है।

यह एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय जंक्शन सीएसएमआईए में खुद को स्थापित करना है। इस स्टोर के खुलने से दर्शकों तक पहुंच बढ़ाना काफी सक्षम हो गया है। अब भारतीयों के साथ अंतर्राष्ट्रीय ग्राहक भी आसानी से कते प्रोडक्ट खरीद सकते हैं। हम ग्राहकों को नया अनुभव देंगे।

## विदेश

# चीन-भारत सीमा मामलों पर परामर्श कार्य तंत्र की 28वीं बैठक आयोजित

**एजेंसी। बीजिंग**

चीनी विदेश मंत्रालय के सीमा और समुद्री मामलों के विभाग के महानिदेशक होंग ल्यांग और भारतीय विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) गौरांगलाल दास ने 30 नवंबर को चीन-भारत सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 28वीं बैठक की सह-अध्यक्षता की। इसमें दोनों देशों के राजनयिक, राष्ट्रीय रक्षा, आव्रजन और अन्य विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। दोनों पक्षों ने चीन-भारत सीमा स्थिति पर बातचीत में हुई सकारात्मक प्रगति को पूरी तरह से मान्यता दी और वर्तमान चीन-भारत सीमा मुद्दों पर व्यापक, गहन और रचनात्मक चर्चा की। दोनों पक्ष दोनों देशों के नेताओं द्वारा पहुंची महत्वपूर्ण सहमति की भावना को ईमानदारी से लागू करने, राजनयिक और सैन्य वार्ता की गति को बनाए रखने, सैन्य कमांडर-स्तरीय वार्ता के 21वें दौर को जल्द से जल्द आयोजित करने,



सीमा-संबंधित मुद्दों के समाधान को बढ़ावा देने पर सहमत हुए। साथ ही, दोनों पक्ष बातचीत और परामर्श तंत्र में सुधार करने, वार्ता के मौजूदा परिणामों को मजबूत करने, दोनों पक्षों द्वारा संपन्न समझौतों और विश्वास-निर्माण उपायों का सख्ती से पालन करने और सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त रूप से शांति बनाए रखने पर सहमत हुए।

## रणनीति

## भारत-अमेरिका संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ेगा

# भारत रणनीतिक साझेदार पर हत्या की साजिश का आरोप गंभीर

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

व्हाइट हाउस ने कहा कि वह भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करना जारी रखे हुए है, लेकिन वह इन आरोपों को 'बहुत गंभीरता से' लेता है कि एक भारतीय उसकी धरती पर एक सिख अलगाववादी नेता को मारने की नाकाम कोशिश में शामिल था। यह प्रतिक्रिया अमेरिका द्वारा एक भारतीय व्यक्ति को हत्या की साजिश रचने का आरोपी ठहराए जाने पर नई दिल्ली की प्रतिक्रिया के बाद आई। व्हाइट हाउस में रणनीतिक



समन्वयक जॉन किर्बी ने संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा, मैं सिर्फ दो बातें कहूंगा। भारत एक रणनीतिक साझेदार बना हुआ है और हम भारत के साथ उस रणनीतिक साझेदारी को बेहतर बनाने और मजबूत करने के लिए काम करना जारी रखेंगे। साथ ही, हम इसे बहुत गंभीरता से लेते हैं। मामले की जांच के भारत के प्रयासों का स्वागत करते हुए किर्बी ने यह भी कहा कि हालिया घटनाक्रम का भारत-अमेरिका संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि₹ हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि भारतीय भी इसकी जांच के लिए अपने स्वयं के प्रयासों की घोषणा कर रहे हैं। इस अपराध के जिम्मेदार को उचित रूप से जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।भारत ने मामले के सभी प्रासंगिक पहलुओं पर गौर करने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया और कहा कि वह समिति के निष्कर्षों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करेगी।अपने साथ तेल अवीव की यात्रा कर रहे पत्रकारों से बात करते हुए, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भारत सरकार की जांच की घोषणा को अच्छा और उचित बताया और कहा कि वे परिणाम देखने के लिए उत्सुक हैं। अमेरिकी अभियोजकों ने बुधवार को कथित तौर पर एक भारतीय सरकारी कर्मचारी की ओर से अमेरिकी नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नून की हत्या की नाकाम साजिश में शामिल होने के लिए भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता के खिलाफ हत्या का आरोप लगाया। न्यूयॉर्क निवासी पन्नून भारत में एक नामित आतंकवादी है और प्रतिबंधित खालिस्तान समूह, सिख फॉर जस्टिस का कानूनी सलाहकार है।

### यूएई ने जलवायु फंड अल्टर्रा के लिए की 30 बिलियन डॉलर की घोषणा

**दुबई।** यूएई ने शुक्रवार को नए लॉन्च किए गए उत्प्रेरक जलवायु फंड अल्टर्रा के लिए 30 बिलियन डॉलर की प्रतिबद्धता की घोषणा की, जो ग्लोबल साउथ के लिए वित्त पोषण की पहुंच में सुधार पर जोर देने के साथ एक निष्पक्ष जलवायु वित्त प्रणाली बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयासों को आगे बढ़ाएगा। इस 30 बिलियन डॉलर की प्रतिबद्धता के साथ, अल्टर्रा जलवायु परिवर्तन कार्रवाई के लिए दुनिया का सबसे बड़ा निजी निवेश माध्यम बन गया है और 2030 तक वैश्विक स्तर पर 250 बिलियन डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखेगा। इसका उद्देश्य निजी बाजारों को जलवायु निवेश की ओर ले जाना और उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को बदलने पर ध्यान केंद्रित करना है, जहां उन भौगोलिक क्षेत्रों में कथित जोखिमों के कारण पारंपरिक निवेश की कमी है। जलवायु कार्रवाई के लिए वित्त वर्तमान में उपलब्ध, सुलभ या किफायती नहीं है जहां इसकी आवश्यकता है।

## पेज एक के शेष

### बकाया मांगने पर...

मजबूरन इस कमी को पूरा करने के लिए उनकी सरकार को अबुवा आवास योजना को लागू करने के लिए विवश होना पड़ा, ताकि कोई परिवार गृह विहीन नहीं रहे। उन्होंने कहा कि दरअसल भारतीय जनता पार्टी के साथ अमीर लोगों की जमात है और वह उनके हित के लिए काम करती है। भाजपा की मौजूदा राजनीति में पिछड़े, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक के लिए कोई जगह नहीं है। केंद्र सरकार रेलवे स्टेशन, बंदरगाह, होटल, सार्वजनिक उपक्रमों को पूंजीपतियों के हाथों में बेचकर आम लोगों को बर्बाद करने की पृष्ठभूमि तैयार कर रही है, जो हमें बर्दाश्त नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2021 और 2022 के बाद आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के तीसरे चरण का यह 6वां कार्यक्रम यह है। इस मौके पर राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख भी मौजूद थे।

### इस वर्ष राज्य में ...

बीमारी को भारत में डिटेक्ट किया गया था। इसके बाद 90 के दशक में इस बीमारी का प्रकोप बढ़ता गया लेकिन केंद्र और झारखंड सरकार के प्रयास से आज के दौर में इस बीमारी पर नियंत्रण किया जा रहा है, जो आने वाले दिनों में हमारे अगली पीढ़ी को सुरक्षित रखेगा। इस कार्यक्रम में पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड में फिलहाल 15 हजार 326 एड्स मरीज हैं। जिनका इलाज एआरटी सेंटर के माध्यम से लगातार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में एड्स के मरीज को ज्यादा से ज्यादा सरकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

### माइचौंग तूफान का...

और 4 दिसंबर की शाम के आसपास चक्रवाती तूफान के रूप में चेन्नई और मछलीपट्टनम के बीच दक्षिण आंध्र प्रदेश और आसपास के उत्तरी तमिलनाडु तटों को पार करेगा। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया की झारखंड में इस तूफान का हल्का असर होगा। 4 से 6 दिसंबर तक कुछ जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। वहीं इस दौरान राज्य में बादल छाए रहने के आसार हैं।

### 25 फीसदी तक बढ़...

अप्रैल माह से प्रभावी होंगी। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने नई दरों को लेकर जो प्रस्ताव दिया है, वह वर्ष 2024-25 के लिए है। बिजली वितरण निगम ने कमीशन के समक्ष दिए दिए प्रस्ताव में अपने खर्चों के लिए 10 हजार 800 करोड़ की सालाना जरूरत बताई है और इस आधार बिजली की दरों में बढ़ोतरी की जरूरत बताई है। निगम ने रेवेन्यू रिक्वायरमेंट और मौजूदा रेवेन्यू के बीच 2500 करोड़ का गैप दिखाया है। बता दें कि इस साल एक जून से झारखंड में बिजली की दरों में 6.50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई थी। हालांकि, यह वृद्धि तीन साल के बाद की गई थी। अब अगर कमीशन जनसुनवाई के बाद बिजली दरों में वृद्धि के प्रस्ताव पर मुहर लगा देता है तो एक साल में दूसरी बार बिजली की कीमतें बढ़ने के आसार हैं।

### पीआईबी ने फर्जी खबरें ...

लगाने, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) पर प्रतिबंध लगाने, केंद्रीय मंत्रियों के इस्तीफे एवं मृत्यु आदि का झूठा दावा किया। रुपये पर प्रतिबंध जैसी फर्जी खबरें 200 और रु. 500 के नोट, बैंकों का बंद होना और भारत सरकार की योजनाओं और नीतियों से जुड़ी गलत जानकारी भी इन यूट्यूब चैनलों पर प्रसारित किए जा रहे थे। इसके साथ प्राकृतिक आपदाओं और भारतीय नागरिकों की मृत्यु, सशस्त्र बलों की तैनाती और स्कूलों को बंद करने आदि से संबंधित झूठे दावे भी अपलोड किए गए थे।

### पेड़ को घर का ...

कमरे से कोई पेड़ की टहनी गुजरती है। क्योंकि घर की डिजाइनिंग ही ऐसी है, वे बताते हैं। अमेरिका की तरह हर बड़े कार्य के पूर्व शोध करने के स्थान पर बिहार के जमाने से ही सड़क से लेकर कॉलोनी या बड़े विकास कार्यों में पूर्व के अनुभवों या असफलताओं से सीख लेने के बजाय अंधाधुंध विकास कार्य किए गए जिससे हर राष्ट्रीय या राज्यस्तरीय राजमार्ग से लेकर कल-कारखाने तक के निर्माण में हजारों या लाखों पेड़ काटे गए। हाल में झारखंड सरकार ने शहरी क्षेत्र में पांच पेड़ लगाने पर 25 यूनिट बिजली फ्री देने की योजना शुरू कर सराहनीय कार्य किया है। यहां के जनजातीय समुदाय में पेड़-पौधों को भगवान तक माना जाता है।

रांची के चिरौंदी स्थित वनवृंदा कॉलोनी निवासी सिद्धार्थ सहदेव ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी व्यक्तिगत सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहण कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। सिद्धार्थ ने अपने निमार्णाधीन घर के लिए रास्ता बनाने के लिए चार बड़े पेड़ों को अपने भूखंड से काटने के बजाय स्थानांतरित करने का फैसला किया। पेशे से कपड़ा व्यापारी सिद्धार्थ के पास 20 डिसमिल का प्लाट है। इसमें उनके एक दोस्त की भी हिस्सेदारी थी। वे अपने हिस्से के प्लॉट में मकान निर्माण कर रहे हैं।बीएयू के वानिकी विद्वान आलोक आनंद के मार्गनिर्देशन में पेड़ को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया गया। उन्होंने बताया कि अगर पेड़ों को ठीक से स्थानांतरित किया जाए तो उनके जीवित रहने की संभावना 90-100 प्रतिशत हो सकती है।

ऐडनसोनिया जो साधारण रूप से बाओबाब के नाम से जाने जाते हैं, पतझड़ी वृक्षों एक जीववैज्ञानिक वंश है जिसमें आठ जातियां सम्मिलित हैं। भारत में इन्हें गोरक्षी और गोरख इमली के नाम से भी जाना जाता है। इसे लोग बोआब, बोआबोआ, बोतल वृक्ष तथ उल्टा पेड़ के नाम से भी बुलाते हैं। हालांकि अरबी में इसे 'बु-हिबाब' कहते हैं जिसका अर्थ है 'कई बीजों वाला पेड़'। अफ्रीका ने इसे 'द वर्ल्ड ट्री' की उपाधि भी प्रदान की है। यह पेड़ जब बड़ा हो जाता है तो इसके तने में एक लाख बीआईएस हजार लीटर तक शुद्ध पानी भरा रहता है। यह पानी वर्षा के अभाव वाले इलाके में महीनों तक पीने के काम आता है। इसे पूरी तरह देखने के लिए हेलीकॉप्टर की जरूरत पड़ती है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी ❖ पायरिया का ईलाज ❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज ❖ स्माईल डिजाइन ❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण ❖ फिक्स दाँत लगाना ❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## कॉप-28 शिखर सम्मेलन : पीएम मोदी ने ग्रीन क्रेडिट इनिशिएटिव का किया आह्वान

# भारत ने पारिस्थितिकी-अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन बनाया : नरेन्द्र मोदी

### 2028 में भारत में कॉप-33 की मेजबानी करने का प्रस्ताव रखा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दुबई में कॉप-28 के विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में कहा कि भारत ने पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन का एक उदाहरण स्थापित किया है। भारत में वैश्विक आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा है। इसके बावजूद वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में भारत का योगदान 4 प्रतिशत से भी कम है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की उन कुछ अर्थव्यवस्थाओं में से एक है जो एनडीसी लक्ष्यों को पूरा करने की राह पर है। मोदी ने वैश्विक मंच से प्रो-प्लैनेट, प्रो-एक्टिव और सकारात्मक पहल 'ग्रीन क्रेडिट इनिसिएटिव' का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने 2028 में भारत में कॉप-33 की मेजबानी करने का प्रस्ताव रखा।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत 140 करोड़ भारतीयों की ओर से अभिवादन के साथ की।



उन्होंने क्लाइमेट जस्टिस, क्लाइमेट फाइनेंस और ग्रीन क्रेडिट जैसे विषयों को निरंतर समर्थन के लिए कॉप के नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हम सभी के प्रयासों से ये विश्वास बढ़ा है कि विश्व कल्याण के लिए सबके हितों की सुरक्षा और सबकी भागीदारी आवश्यक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था के बीच बेहतरीन संतुलन बनाते हुए दुनिया के सामने विकास का एक मॉडल पेश किया है। भारत में विश्व की 17 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद ग्लोबल कार्बन एमिशन में हमारी हिस्सेदारी 4 प्रतिशत से भी कम है। भारत विश्व की उन कुछ अर्थव्यवस्थाओं में ये एक है, जो एनडीसी लक्ष्य को पूरा करने की राह पर है। उत्सर्जन की तीव्रता संबंधित लक्ष्यों को हमने 11 साल पहले ही हासिल कर लिया है। गैर जीवाश्म ईंधन लक्ष्य को भी निर्धारित समय से पहले ही हासिल कर चुके हैं।



पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति व यूएन प्रमुख सहित अनेक वैश्विक नेताओं से की मुलाकात।

मोदी ने कहा कि भारत का लक्ष्य 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन की तीव्रता को 45 प्रतिशत घटाना है। हमने तय किया है कि गैर जीवाश्म ईंधन का शेयर बढ़ा कर 50 प्रतिशत करेंगे। भारत ने 2070 तक 'नेट जीरो उत्सर्जन' की ओर बढ़ने का फैसला किया है। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने सतत विकास पर व्यापक रूप से जोर दिया। वैकल्पिक ईंधन के लिए भारत ने ईंधन के रूप में हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ावा दिया है और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन लॉन्च किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, ग्लासगो में मैंने मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) का विजन आप सभी के सामने रखा। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के एक अध्ययन में कहा गया है कि लाइफ मिशन के जरिए हम 2030 तक हर साल 2 बिलियन टन कार्बन उत्सर्जन कम कर सकते हैं। आज इस मंच से मैं एक और प्रो-प्लैनेट, प्रो-एक्टिव और सकारात्मक पहल 'ग्रीन क्रेडिट इनिशिएटिव' का आह्वान कर रहा हूं। यह कार्बन क्रेडिट की व्यावसायिक मानसिकता से आगे बढ़कर जन भागीदारी से कार्बन सिंक बनाने का अभियान है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन प्रक्रिया के लिए संयुक्त रूपरेखा के प्रति प्रतिबद्ध है। इसलिए मैं आज इस मंच से 2028 में कॉप-33 समिट को भारत में होस्ट करने का प्रस्ताव भी रखता हूं। मोदी ने कहा कि पिछली शताब्दियों की गलतियों को सुधारने के लिए हमारे पास अधिक समय नहीं बचा है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध उपयोग और दोहन के परिणाम हर किसी को विशेषकर ग्लोबल साउथ के निवासियों को भुगतने पड़ते हैं।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने एएफएमसी को 'प्रेसिडेंट कलर' किया प्रदान, कहा

# महिला अधिकारियों की भूमिका सराहनीय



**एजेंसी। पुणे**

राष्ट्रपति एवं सेना की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू ने सशस्त्र बल चिकित्सा कॉलेज (एएफएमसी) को शुक्रवार को 'प्रेसिडेंट्स कलर' (राष्ट्रपति का निशान) से सम्मानित किया और सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा में महिला अधिकारियों की भूमिका को सराहा। पुणे स्थित एएफएमसी को उसके 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यह पुरस्कार दिया गया। मुर्मू ने 'कम्प्यूटेशनल मेडिसिन' के लिए सशस्त्र बल केंद्र 'प्रज्ञा' का भी डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने कहा कि एएफएमसी ने चिकित्सा शिक्षा में उच्चतम मानक वाले संस्थान के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त की है। उन्होंने कहा इस संस्थान के स्नातकों ने युद्ध, उग्रवाद विरोधी अभियानों, प्राकृतिक आपदाओं और महामारी का सामना करने में, देश के भीतर और हमारी राष्ट्रीय सीमाओं के बाहर अपनी समर्पित सेवा के माध्यम से देश को गौरवान्वित किया है।

उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर प्रसन्नता हुई कि एएफएमसी से स्नातक करने वाली कई महिला कैडेट ने सशस्त्र बल चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और उच्च पदों पर कार्य किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनसे प्रेरणा लेकर और अधिक महिलाएं सशस्त्र बलों में अपना करियर चुनेंगी। मुर्मू ने कहा, आज हम चिकित्सा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रिसिजन मेडिसिन, 3डी प्रिंटिंग, टेलीमेडिसिन और अन्य प्रौद्योगिकियों का उपयोग देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाएं सैनिकों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य और युद्ध के लिए सदैव तैयार रखने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उन्होंने कहा, इसलिए, उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी तीनों सेनाओं के सभी कर्मियों का चिकित्सा उपचार उच्चतम स्तर का हो।

उन्होंने एएफएमसी की टीम से चिकित्सा के क्षेत्र में अनुसंधान पर बल देने और नवीनतम प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने विश्वास जताया कि एएफएमसी की टीम अपने सभी कार्यों में उत्कृष्टता के लिए प्रयत?न करती रहेगी। राष्ट्रपति का निशान किसी सैन्य इकाई को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।

सशस्त्र बलों में शामिल हिंदू, मुस्लिम, ईसाई और सिख पुजारियों ने अभिषेक संबंधी अनुष्ठान किया जिसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू ने एएफएमसी को राष्ट्रपति का निशान प्रदान किया। इस कार्यक्रम में केंद्र एवं महाराष्ट्र सरकारों और सशस्त्र बलों के गणमान्य व्यक्तियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने सभा को संबोधित करते हुए सशस्त्र बलों की चिकित्सा सेवाओं में, खासकर कोविड महामारी के दौरान संस्थान की भूमिका की प्रशंसा की।

# अब सीबीएसई बोर्ड की 10-12वीं में नहीं मिलेगी कोई रैंक या डिवीजन

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई बोर्ड)ने 2024 में 10वीं व 12वीं की परीक्षा से पहले एक बड़ा बदलाव किया है। इसको लेकर बोर्ड ने एक अहम सूचना जारी की है।

इसके मुताबिक, साल 2024 में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्रों को डिवीजन, रैंक या एग्रीगेट अंक नहीं दिए जाएंगे।मालूम हो कि नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करने के लिए शिक्षा में कई तरह के बदलाव किए जा रहे हैं। इसके लिए कहा जा रहा है कि इस कदम से बोर्ड परीक्षार्थियों पर परीक्षा परिणाम का दबाव कम रहेगा और वह अपनी तैयारी बेहतर तरीके से कर पाएंगे।सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2024 में कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की परीक्षा देने वाले छात्रों को कोई समग्र डिवीजन, डिस्टिंक्शन या एग्रीगेट नहीं देगा। इसके अलावा बोर्ड ने यह





भी स्पष्ट कर दिया है कि 10वीं, 12वीं में अंकों के प्रतिशत की गणना भी सीबीएसई के द्वारा नहीं की जाएगी। नोटिफिकेशन के मुताबिक, यदि किसी छात्र ने बोर्ड परीक्षा में पांच से ज्यादा विषय लिए हैं ,तो सर्वोत्तम पांच विषयों को निर्धारित करने का फैसला छात्र को एडमिशन देने वाले संस्थान या सीबीएसई बोर्ड के छात्र की भर्ती करने वाला नियोक्ता खुद कर सकता है। इसमें भी सीबीएसई बोर्ड की कोई भूमिका नहीं रहेगी। कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से 10 अप्रैल 2024 के बीच होगी। संभावना है कि सीबीएसई बोर्ड इसी सप्ताह परीक्षा डेट शीट 2024 जारी कर देगी।

## पुलवामा में मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के अरिहाल गांव में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने कहा, चल रही मुठभेड़ में एक आतंकवादी को मार गिराया गया है। तलाशी अभियान जारी है। पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को उस इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की



सूचना मिलने के बाद गुरुवार को गोलीबारी शुरू हो गई। सुरक्षा बलों द्वारा इलाके को घेरने के बाद वहां छिपे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, इसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। हाल के दिनों में पूरे कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच सिलसिलेवार मुठभेड़ हुई हैं, इसमें कई आतंकवादियों का सफाया किया गया है।

## राष्ट्रगान के अपमान पर भाजपा के 11 विधायकों के खिलाफ दो प्राथमिकी

**एजेंसी। कोलकाता**

कथित तौर पर राष्ट्रगान के अपमान के आरोप में पुलिस ने भाजपा के 11 विधायकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। दो अलग-अलग प्राथमिकी में विधायकों पर राष्ट्रगान और संविधान के अपमान का आरोप लगा है। पश्चिम बंगाल विधानसभा के अधिकारी द्वारा दायर शिकायत के आधार पर ये मामला दर्ज किया गया है। लाल बाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय के हेयर स्ट्रीट थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई है।

**क्या है मामला**

दरअसल, पश्चिम बंगाल विधानसभा में बुधवार शाम तृणमूल कांग्रेस और भाजपा विधायक एक-दूसरे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। दोनों ओर से चोर-चोर के नारे लगाए जा रहे थे। तभी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी के विधायकों से राष्ट्रगान गाने के लिए कहा। भाजपा विधायकों पर आरोप है कि जब मुख्यमंत्री समेत सत्ता पक्ष के विधायक राष्ट्रगान गा रहे थे तो वे खड़े नहीं हुए और चोर चोर का नारा लगाते रहे। इसके बाद विधानसभा के एक अधिकारी की शिकायत पर गुरुवार को पुलिस ने विधायक सुदीप कुमार मुखर्जी, मालती रेवा रॉय, चंदना बाउरी, नीलाद्रि शेखर दाना, मिहिर गोस्वामी, मनोज कुमार उरांव, सुमन कांजीलाल, दीपक बर्मन, हिरण्मय चट्टोपाध्याय, मनोज तिग्गा और शंकर घोष पर प्राथमिकी दर्ज की है। इसके बाद शुक्रवार को इनमें से पांच विधायकों नीलाद्रि शेखर दाना, दीपक बर्मन, मनोज टिग्गा, शंकर घोष और सुदीप कुमार मुखर्जी के खिलाफ दूसरी प्राथमिकी दर्ज की गई। इन पर संविधान के अपमान का आरोप लगा है। भाजपा ने इस पर कड़ा विरोध जताया है। विधायक अग्निमित्रा पॉल ने कहा है कि लोगों की आवाज उठाने की वजह से भाजपा विधायकों को परेशान किया जा रहा है।

# गांधी परिवार के आयकर आकलन मामले की सुनवाई 13 तक स्थगित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ ही आम आदमी पार्टी (आप) की याचिकाओं पर सुनवाई 13 दिसंबर तक के लिए टाल दी जिनमें उन्होंने उनके आयकर आकलनों को 'सेंट्रल सर्कल' में स्थानांतरित करने को चुनौती दी है। 'सेंट्रल सर्कल' पर कर वंचना की जांच का जिम्मा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा उन्हें राहत देने से इनकार करने के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी याचिकाओं पर अभी तक नोटिस जारी नहीं किया गया है। इस पीठ में न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी भी शामिल थे। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मामले में औपचारिक नोटिस जारी करना 'आवश्यक नहीं' है, और जैसा कि अदालत द्वारा पहले संकेत दिया गया था कि आयकर विभाग कोई अंतिम आकलन आदेश नहीं पारित करेगा। संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट, राजीव गांधी चैरिटेबल ट्रस्ट, राजीव गांधी फाउंडेशन, जवाहर भवन ट्रस्ट और यंग इंडियन ने भी ऐसी ही याचिकाएं दायर की हैं। मेहता ने कहा, हम यहां अदालत के समक्ष हैं। हम अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। नोटिस जरूरी नहीं है। पीठ ने आयकर विभाग को सुनवाई की अगली तारीख 13 दिसंबर को संबंधित फाइल लाने को कहा। गांधी परिवार के सदस्यों, उनसे जुड़े ट्रस्ट और आप ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 26 मई के आदेश को चुनौती दी है।





## बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल ने जीता दिल, प्रेरणादायक कहानी है 'सैम बहादुर'



**बॉलीवुड** एक्टर विक्की कौशल की फिल्म 'सैम बहादुर' पिछले कुछ दिनों से चर्चा में है। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित यह फिल्म आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। फिल्म में फिल्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की कहानी दिखाई गई है, जिसकी शुरूआत बचपन से होती है। फिल्म की शुरूआत में सैम के माता-पिता बचपन में उसका नाम क्यों बदल देते हैं? यह दिखाया गया है। आइए जानते हैं आखिर क्या है फिल्म की कहानी। फिल्म 'सैम बहादुर' की शुरूआत नाम बदलने से होती है। उसके पीछे का कारण यह है कि एक दिन-रात को उनके इलाके में चोरी हो जाती है। चोरी करने वाले चोर का नाम और बच्चे का नाम एक ही है। इसलिए माता-पिता बच्चे का नाम बदल देते हैं। अगले दृश्य में लड़का बड़ा हो गया है। एक सेना अधिकारी नए शामिल हुए लड़के का नाम पूछता है। फिर लड़का सैम कहता है और अंतिम नाम भूल जाता है। तभी दूसरा लड़का अपने ऑफिसर का नाम सैम बहादुर बताता है। ये नाम भारतीय सेना के इतिहास में लिखा गया। फिल्म सैम बहादुर के जीवन के कई पहलुओं पर प्रकाश डालती है। कभी उनके जीवन के सुखद पलों को दिखाया जाता है तो कभी उन्हें कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए दिखाया जाता है।

## शादी के बाद अपनी दुल्हनिया संग मुंबई लौटे रणदीप हुड्डा



**29 नवंबर** को मणिपुर के इंफाल में परिणय सूत्र में बंधे बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम मुंबई लौट आए हैं। एयरपोर्ट पर दोनों को स्पॉट किया गया। इस दौरान जहां रणदीर कैजुअल लुक में दिखे, वहीं लिन लैशराम रेड कलर के पारंपरिक सलवार सूट में काफी खूबसूरत लग रही थीं। जैसे ही वो एयरपोर्ट से निकले तो फोटोग्राफर्स ने उन्हें घेर लिया और जमकर तस्वीरें क्लिक कीं। दोनों ने परिवार के सदस्यों और कुछ दोस्तों की उपस्थिति में मैतेई परंपराओं के अनुसार शादी की। शादी से पहले, रणदीप ने लैशराम की मैतेई परंपराओं में शादी करने पर अपना उत्साह व्यक्त किया था। कपल ने शन्नापुंग रिसॉर्ट में शादी रचायी।

## नहीं होगा कोई शूट : सेट छोड़कर चले गए मशहूर अभिनेता रवि किशन

**हाल** ही में इंटरनेट पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें रवि किशन ने चलती हुई शूटिंग को गुस्से में आकर अचानक रोक दिया और इसके बाद वे फिल्म सेट से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह जो कुछ भी हुआ, उससे न सिर्फ क्रू, बल्कि फैंस भी हैरान हैं। अपने हल्के-फुल्के हास्य के लिए अनूठी पहचान रखने वाले रवि के इस दुर्लभ अंदाज को देखने के बाद इंटरनेट पर जैसे सनसनी ही मच गई है और नेटिजन्स इस बात पर अपने विचार व्यक्त कर रहे हैं कि संभवतः उनके आक्रोश का कारण क्या हो सकता है। लेकिन इस घटना के बारे में असली वजह फिलहाल रहस्य बनी हुई है। अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि कोई न कोई ऐसी बात रही होगी, जिस पर वे असहमत रहे होंगे, हो सकता है यही वजह हो, जिसके कारण रवि किशन को चलती शूटिंग को रोकना पड़ा। वहीं सेट से जुड़े करीबी सूत्रों ने शूटिंग के दौरान हुई गरमागरम बहस का संकेत दिया है, लेकिन उन्होंने इसके बारे में ज्यादा खुलासा नहीं किया है। अपनी बहुमुखी प्रतिभा और किरदारों के लिए अपनी अलग पहचान रखने वाले अभिनेता रवि किशन ने हमेशा ही अपने फैंस का दिल जीता है। उनकी पहचान सिर्फ बॉलीवुड और भोजपुरी सिनेमा में उनके उल्लेखनीय अभिनय तक ही सीमित नहीं है, बल्कि उनका स्पष्ट और मिलनसार व्यवहार भी उनकी पहचान रुपी ढाल हैं, जिसकी परीक्षा हाल ही में शूटिंग के दौरान हुई इस घटना से हुई है। हमारे कुछ सूत्र जो इस पूरी घटना पर नजर रखे हुए हैं, अब तक उनके हाथ भी सटीक खबर नहीं लगी है कि हकीकत में आखिर हुआ क्या है, इसकी जानकारी लगते ही वे इसकी पक्की खबर के बारे में जानकारी देंगे।

## नौसेना विश्वसनीय, एकजुट व भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने को तैयार

# 'चीन की गतिविधियों पर भारत की पैनी नजर'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने शुक्रवार को कहा कि मालदीव और पाकिस्तान सहित हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में चीन की गतिविधियों पर भारत की पूरी नजर है। आईओआर में नौसैनिक शक्ति के रूप में क्षेत्रीय ताकतों को बनाए रखने के लिए भारत के जहाज, पनडुब्बियां, विमान, यूएवी तैनात हैं। उन्होंने नौसेना में बढ़ती अग्निवीरों की संख्या के बारे में बताया कि आईएनएस चिल्का में अग्निवीरों के तीसरे बैच के शामिल होने के साथ महिला अग्निवीरों की कुल ताकत अब 1000 का आंकड़ा पार कर गई है। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार आज दिल्ली में नौसेना दिवस प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस से पूर्व 10 क्षेत्रीय भाषाओं में नौसेना इतिहास



की पुस्तकों का विमोचन किया। भारतीय नौसेना ने पिछले साल नौसैनिक ध्वज में बदलाव सहित बल में औपनिवेशिक और पुरातन प्रथाओं को हटाने के लिए उठाए गए कदमों की सूची भी दी। नौसेना प्रमुख एडमिरल कुमार ने कहा कि हमारी इकाइयां हमारे राष्ट्रीय हितों की रक्षा को और बढ़ावा देने के लिए हिंद महासागर क्षेत्र और उससे परे तैनात हैं। नौसेना युद्ध के लिए तैयार विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने लायक बनी हुई है। नौसेना में शामिल होने वाले अग्निवीरों के बारे में प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बताया कि अग्निवीरों का पहला बैच इस साल मार्च में प्रमुख प्रशिक्षण प्रतिष्ठान आईएनएस चिल्का से स्नातक हुआ। अग्निवीरों के इस बैच में 272 महिला प्रशिक्षु शामिल थीं और इससे भी आगे बढ़ते हुए अग्निवीरों के वर्तमान बैच ने कुल 454 महिलाएं हैं। आईएनएस चिल्का में अग्निवीरों के तीसरे बैच के शामिल होने के साथ महिला अग्निवीरों की कुल ताकत अब 1000 का आंकड़ा पार कर गई है।

## एयर मार्शल मकरंद रानाडे बने वायु सेना मुख्यालय के महानिदेशक



**नई दिल्ली।** एयर मार्शल मकरंद रानाडे ने शुक्रवार को वायु सेना मुख्यालय, नई दिल्ली में महानिदेशक का पदभार संभाला। एयर मार्शल रानाडे वायु सेना मुख्यालय निरीक्षण और सुरक्षा के महानिदेशक नियुक्त किए गए हैं। एयर मार्शल रानाडे की तैनाती अफगानिस्तान में भी रह चुकी है। उन्हें वायु सेना पदक और अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया जा चुका है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि एयर मार्शल मकरंद रानाडे नेशनल डिफेंस कॉलेज, नई दिल्ली और पेरिस (फ्रांस) के कॉलेज इंटरआर्मी डी डिफेंस के पूर्व छात्र हैं। एयर मार्शल रानाडे को 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायु सेना की लड़ाकू शाखा में कमीशन दिया गया था।

## 20 लाख रुपये रिश्वत लेते पुलिस के हत्थे चढ़ा ईडी अधिकारी

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के डिंडीगुल-मदुरै हाईवे पर पुलिस ने ईडी अधिकारी अंकित तिवारी को 20 लाख रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। तमिलनाडु पुलिस ने इस अधिकारी को बीस लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। अंकित तिवारी इससे पहले गुजरात और मध्य प्रदेश में प्रवर्तन निदेशालय में काम कर चुके हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ईडी अधिकारी अंकित तिवारी ने डिंडीगुल में एक व्यक्ति से बीस लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। रिश्वत के पैसे लेने के कुछ देर बाद ही, सुबह 9 बजे तिवारी को उनकी गाड़ी से गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा कि जिस व्यक्ति से ईडी अधिकारी ने रिश्वत की मांग की थी वो तमिलनाडु पुलिस के सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय से संपर्क किया था।